www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 1 दिसम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -236 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





समृद्धि के लिए देश की सीमाओं के साथ ... 02
■ 20 दिसम्बर के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाएगी आप
■ दिल्ली नगर निगम ऐसे स्थान या ढलावघर चिन्हित... 03
■ अमेरिका के आरोपों पर जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई...
■ वतन लौटे हमास के बंधन से मुक्त हुए थाईलैंड के... 07
किच्चा सुदीप के साथ 'टेम्पटेशन आइलैंड'... 10

## डीबी लाइव के सर्वे में राजस्थान में बदलेगा रिवाज

# पांचों राज्यों में कांग्रेस की सरकार का अनुमान

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का राज रहेगा बरकरार** | **मध्य प्रदेश व तेलंगाना में भी कांग्रेस की सरकार** | **मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी कांग्रेस**

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। पांचों राज्यों में विधानसभा चुनावों की वोटिंग का काम समाप्त होने के बाद शाम से ही तमाम टीवी चैनलों के एग्जिट पोल सामने आ गए। हर बार की तरह इस बार भी हर चैनल का पोल अलग-अलग परिणाम दिखा रहा था। डीबी लाइव ने इलेक्ट लाइन के साथ मिलकर एग्जिट पोल किया। जिसमें कांग्रेस को चार राज्यों में बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है।

पार्टी ने ना केवल अपनी सरकार बरकार रखती दिख रही है, बल्कि बीजेपी से मध्य प्रदेश और बीआरएस से छत्तीसगढ़ छीनते हुए दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल में मिजोरम में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरती दिख रही है। कांग्रेस को मिजोरम की 40 सीटों में से 12 से 16 सीटें मिलती दिख रही है। जबकि सत्ताधारी मिंजो नेशनल फ्रंट को 10-14, जोरम पीपुल्स मूवमेंट को 10 से 14 सीट और अन्य को 0 से 4 सीट मिलती दिख रही हैं। यानी यहां कांग्रेस और जेडपीएम मिलकर सरकार बनाती दिख रही है। जबकि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपनी सरकार बचाती दिख रही है। पार्टी को सीटों के मामले में थोड़ा नुकसान हो रहा है। लेकिन भूपेश बघेल की सरकार वापसी करती दिख रही है।




■ मिजोरम में कांग्रेस और जेडपीएम मिलकर सरकार बनाती दिख रही

राज्य की 90 सीटों में से कांग्रेस को 51 से 57, बीजेपी को 30 से 36 और अन्य को 1 से 5 सीट मिलती दिख रही हैं। पांच राज्यों में सिर्फ मध्य प्रदेश में ही बीजेपी का कब्जा था। और इस बार ये राज्य कांग्रेस बीजेपी से छीनती दिख रही है। एमपी की 230 सीटों में से कांग्रेस को 116 से 130, बीजेपी को 92 से 106 और अन्य को 2 से 14 सीट मिल सकती हैं। राजस्थान में कांग्रेस को 93 से 107, बीजेपी को 72 से 86, अन्य को 16 से 24 सीट मिल सकती हैं। यानी चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनती दिखाई दे रही हैं। जबकि बीजेपी के हाथ खाली रह सकते हैं। पार्टी के हाथ से एक मात्र राज्य मध्य प्रदेश भी खिसकता दिख रहा है।

### एबीपी न्यूज-सी वोटर एक्जिट पोल में कांटे की टक्कर

एबीपी न्यूज-सी वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांटे की टक्कर हो सकती है। यहां बीजेपी को 36 से 48 सीटें मिलती दिख रही है, वहीं कांग्रेस को 41 से 53 सीटें मिल सकती हैं, वहीं अन्य को 0 से 4 सीटें मिल सकती है। इस एग्जिट पोल के मुताबिक, मध्य प्रदेश में कांग्रेस को 113-137, बीजेपी को 88-112 और अन्य को 2-8 सीटें मिल सकती हैं। राजस्थान की 199 सीटों में से कांग्रेस को 71-91 सीटें, बीजेपी को 94-114 सीटें और अन्य को 9-19 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, मिजोरम में एमएनएफ को 15-21 सीटें, जेडपीएम को 12-18 सीटें, कांग्रेस को 2-8 सीटें और अन्य को 0-5 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है।

### जन की बात एग्जिट पोल में भी कांग्रेस आगे

जन की बात एग्जिट पोल के मुताबिक, मध्य प्रदेश में बीजेपी को 95 से 115 और कांग्रेस को 105 से 120 सीटें मिल सकती हैं। पोल के आंकड़ों में छत्तीसगढ़ में बीजेपी को 34-45 और कांग्रेस को 42-53 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। राजस्थान में बीजेपी को 100-122 और कांग्रेस को 62-85 सीटें मिल सकती हैं। इसी पोल के आंकड़ों में तेलंगाना में बीआरएस को 40-55 सीटें, कांग्रेस+ को 48-64 सीटें, बीजेपी+ को 7-13 सीटें और एआईएमआईएम को 4-7 सीटे मिल सकती हैं। वहीं, मिजोरम में जन की बात के पोल के आंकड़ों में एमएनएफ को 10-14, जेपीएम को 15-25, कांग्रेस को 5-9 और बीजेपी को 0-2 सीटें मिल सकती हैं।

## तेलंगाना में 64 फीसदी से अधिक मतदान



**कई जगहों पर कांग्रेस व बीआरएस कार्यकर्ताओं में हुई भिड़ंत**

**हैदराबाद**, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 5 बजे 64.12 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। आदिलाबाद में मतदान करने आए दो बुजुर्गों टोकला गंगम्मा (78) और राजन्ना (65) की मौत हो गई। मतदान के दौरान लाइन में खड़ी टोकला गंगम्मा को हार्ट अटैक आया। वहीं, लाइन में खड़े राजन्ना चक्कर आने की वजह से गिर गए। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं पोलिंग बूथ में मीडिया से बात करने की वजह से बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मतदान के दौरान तीन से चार जगह कांग्रेस से बीआरएस और बीजेपी-बीआरएस के कार्यकर्ता भिड़ गए। कुछ जगहों पर लाठीचार्ज भी हुआ। तेलंगाना में कुल 2290 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। राज्य में चुनाव के लिए 35 हजार 655 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

■ मुख्यमंत्री की बेटी के खिलाफ शिकायत दर्ज
■ मतदान करने आए दो बुजुर्गों की हुई मौत

## सार संक्षेप

### अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर का निधन



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर का बुधवार को 100 साल की उम्र में कनेक्टिकट स्थित घर पर निधन हो गया। राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और जेराल्ड फोर्ड के कार्यकाल में विदेशमंत्री के तौर पर काम करने वाले डॉ. किसिंजर ने चीन के लिए रास्ता खोलने, मध्य पूर्व में योम किप्पुर युद्ध की समाप्ति पर बातचीत करने और वियतनाम युद्ध में अमेरिका की भूमिका को समाप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति की पुनर्नियुक्ति रद्द



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ने कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर डॉ. गोपीनाथ रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति गुरुवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने डॉ. रवींद्रन की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं की समीक्षा के बाद यह फैसला सुनाया।

### आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक पर जुर्माना लगाया



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने फेमा की धाराओं के माध्यम से प्राप्त शक्तियों के तहत एचडीएफसी बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका पर जुर्माना लगाया है। एचडीएफसी पर प्रवासियों से जमा स्वीकार करने पर आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। बैंक ऑफ अमेरिका पर फेमा 1999 की उदारीकृत प्रेषण योजना के तहत रिपोर्टिंग आवश्यकताओं पर निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

### गैंगस्टर सोनू खत्री का गुर्गा पंजाब में किया गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने विदेश स्थित गैंगस्टर राजेश कुमार उर्फ सोनू खत्री के गुर्गे गैंगस्टर करणजीत सिंह उर्फ जस्सा हप्पोवाल और जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा मोहनवालिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा, गैंगस्टर जस्सा हप्पोवाल हत्या के कम से कम 6 मामलों में वांछित था।

### कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोचिंग हब कोटा में नीट की तैयारी कर रही एक और छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़िता की पहचान उत्तर प्रदेश के औरैया निवासी निशा यादव (21) के रूप में हुई है, जो छह महीने पहले कोटा आई थी। गुरुवार रात करीब डेढ़ बजे उसका शव महावीर नगर इलाके के एक निजी हॉस्टल में मिला।

---

## संसद का शीतकालीन सत्र 4 से हो रहा शुरू

# सरकार ने संसद सत्र के लिए सूचीबद्ध किए 18 विधेयक

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। संसद का शीतकालीन सत्र अगले सप्ताह 4 दिसम्बर से शुरू हो रहा है। सरकार की ओर से इस सत्र के लिए जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में महिला आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को बढ़ाने वाले दो और आपराधिक कानूनों को बदलने वाले तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयकों को सूची बद्ध किया गया है। इसकी जानकारी लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में बताया गया है कि सरकार कश्मीरी प्रवासियों, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के विस्थापितों और अनुसूचित जनजातियों को प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा के सदस्यों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 करने के लिए एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक,2023, जम्मू और कश्मीर विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है।

**लोकसभा** सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में दी गई जानकारी



### विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल

शीतकालीन सत्र के लिए विधायी दस्तावेज में सात नए विधेयक शामिल हैं। इनमें से दो महिला कोटा विधेयक भी शामिल हैं। सरकार के एजेंडे में 33 लंबित विधेयकों के बैकलॉग को संबोधित करना भी शामिल है,जिनमें से 12 विचार और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध हैं।

### सरकार ने कल बुलाई सर्वदलीय बैठक

सरकार ने संसद सत्र के सुचारू संचालन के बारे में बातचीत के लिए शनिवार को सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी संसद का शीतकालीन सत्र शुरु होने से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को संसद पुस्तकालय भवन में होगी। शीतकालीन सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा। सत्र की 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी।

# प्रधानमंत्री ने 50 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

## मोदी ने कहा, जनता के जीवन में सुगमता के लिए समर्पित हों कर्मचारी

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति के पत्र वितरित किए और उनका आह्वान किया कि वे देश की जनता जनार्दन के जीवन में सुगमता लाने के लिए सत्य निष्ठा से खुद को खपाने के लिए तैयार रहें। श्री मोदी ने यहां एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद उन्हें संबोधित करते हुए यह कहा। यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस पहल में केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र- शासित प्रदेशों में भर्ती कर्मचारी भी शामिल थे।



देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला

### भारत ने ब्राजील को सौंपी जी-20 की अध्यक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। श्री मोदी ने भारत की जी 20 अध्यक्षता के कार्यकाल के अंतिम दिन एक लेख में उम्मीद जताई कि इन इन क्षेत्रों में आगे भी तेजी से काम किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा, अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

---

# धरती के स्वर्ग ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाला कश्मीर बर्फ की चादर में लिपटा हुआ है। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई तो वहीं मैदानी इलाकों में बारिश हुई। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में जमकर बर्फबारी हुई है। बर्फ के गिरते ही विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग सैलानियों को पुकारने लगा है क्योंकि जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाके में बसा गुलमर्ग सर्दियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। उत्तरी कश्मीर में स्थित यह सुरम्य स्थान, बर्फ से ढके परिदृश्यों से सुसज्जित एक मनोरम स्वर्ग में बदल चुका है, जो रोमांच और शांति की तलाश करने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। यह सच है कि बर्फ से ढका गुलमर्ग पर्यटकों और साहसिक खेलों के प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है।

**समुद्र तल से 8,694 फीट की ऊंचाई पर**

समुद्र तल से लगभग 8,694 फीट की ऊंचाई पर, गुलमर्ग सर्दियों के महीनों के दौरान एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका है। बर्फ से ढका यह इलाका आगंतुकों और साहसिक प्रेमियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है, जो इसे एक पसंदीदा गंतव्य बना रहा है। बर्फबारी के बाद राष्ट्रीय स्तर के शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध गुलमर्ग, खुद को शीतकालीन खेल केंद्र के रूप में स्थापित कर चुका है। इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय स्की रिसॉर्ट हैं, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और विभिन्न शीतकालीन खेलों के अवसर प्रदान कर रहे हैं।



■ बर्फ के गिरते ही सैलानियों को पुकारने लगा कश्मीर
■ प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका गुलमर्ग

# कोर्ट ने एएसआई को दिया 10 दिन का समय

**वाराणसी**, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। वाराणसी अदालत ने गुरुवार को एएसआई को ज्ञानवापी सर्वेक्षण पूरा करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए और 10 दिन का समय दे दिया।

हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने यह जानकारी दी। एएसआई ने तकनीकी देरी का हवाला देते हुए रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन मस्जिद समिति ने इसका विरोध किया। जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगने वाली एएसआई की याचिका पर यह आदेश दिया। एएसआई ने 28 नवंबर को याचिका दायर की थी। कोर्ट ने याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई पूरी की थी। एएसआई की ओर से याचिका दायर करने वाले स्थायी सरकारी वकील अमित कुमार ने न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश के आदेश के हवाले से कहा, सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद मुझे एएसआई को अदालत में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय देना उचित लगता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 11 दिसम्बर तय की है।

**ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट**



■ एएसआई ने कोर्ट से 3 सप्ताह का समय मांगा था

# जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ की योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की एक योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1079.96 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा मोचन कोष से 126.41 करोड़ रुपए और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपए प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। उत्तराखंड का जोशीमठ भूस्खलन और ज़मीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है।

भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित है हुआ

---

**प्रौद्योगिकी** *रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी*

# देश में अब हाइड्रोजन ट्रेन दौड़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। देश के अधिकांश हिस्सों में रेलवे का विद्युतीकरण हो जाने के बाद अब हाइड्रोजन ईंधन से रेलगाड़ियों को दौड़ाने की है। इसके लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का निर्माण किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि पहली हाइड्रोजन रेलगाडी 2024 से के आखिर तक हरियाणा के जिंद से चलाई जा सकती है। यह जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।**

उन्होंने बताया कि कुछ देशों ने हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाडियों की प्रौद्योगिकी हासिल कर ली है। भारत भी इस दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहा है। संभावना है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक रेलवे एक प्रोटोटाइप का विकास करने में सफल हो जाएगा। वैष्णव ने कहा कि इस तकनीक के आधार पर रेलगाड़ियों का निर्माण घरलू और अंतरराष्ट्रीय रेलवे प्रणाली निर्माताओं के साथ साझेदारी में किया जाएगा। प्रोटोटाइप तैयार हो जाने के बाद ग्लोबल फर्मों की रुचि के लिए आमंत्रण अगले साल जारी किया जा सकता है।

स्वदेशी प्रौद्योगिकी का किया जा रहा है निर्माण



### वित्त मंत्री ने बजट भाषण में की थी घोषणा

मालूम हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भी फरवरी 2023 के अपने बजट भाषण में विरासत के लिए हाइड्रोजन योजना की घोषणा थी। जो पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील चुनिंदा विरासत और पहाड़ी मार्गों पर हाइड्रोजन से चलने वाली रेलगाड़ियों को संचालित करने की महात्वाकांक्षी योजना है। बतादें कि अभी सिर्फ जर्मनी ही है जहां व्यावसायिक रूप से हाइड्रोजन से चलने रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। जबकि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान में इसके लिए परीक्षण चल रहा है।

# देश

**उवाच**

'एम्बुलेंस चालकों का निजी अस्पतालों के साथ गुप्त समझौता होता है और वे सभी दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी अस्पतालों में ले जाते हैं।' ऐसी बहुत सारी घटनाएं हैं। एक बार जब उन्हें निजी अस्पतालों में ले जाया जाता है, तो मरीज़ों को भारी बिल चुकाना पड़ता है, जबकि उन्हें सरकारी अस्पताल में बहुत कम कीमत पर इलाज मिल सकता था:- डीके शिवकुमार, डिप्टी सीएम कर्नाटक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.1 | 12.6 |
| मुंबई | 31.5 | 19.7 |
| कोलकाता | 30.0 | 20.8 |
| चेन्नई | 28.4 | 22.9 |

## समृद्धि के लिए देश की सीमाओं के साथ आंतरिक सुरक्षा जरूरीः मुर्मु

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। श्रीमती मुर्मु ने पुणे के खड़कवासला में गुरूवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने सेना की 5वीं बटालियन के भवन की आधारशिला भी रखी। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा, 'शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम 'वसुधैव कुटुंबकम' की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं जो देश की एकता और अखंडता की भावना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं।'

राष्ट्रपति ने कहा कि एनडीए नेतृत्व का एक ऐसा उद्गम स्थल है जिसने महान योद्धाओं को जन्म दिया है। यह अकादमी देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों में भी विशिष्ट स्थान रखती है और इसकी सशस्त्र बलों के लिए देश के एक मजबूत स्तंभ के रूप में मान्यता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एनडीए से प्राप्त प्रशिक्षण और जीवन मूल्य कैडेटों को अपने जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कैडेटों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को सीखकर और उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे सशस्त्र सेवाओं के मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरे साहस और बहादुरी के साथ हर चुनौती का सामना करेंगे।

राष्ट्रपति एनडीए की पासिंग आउट परेड के मार्चिंग दस्ते में महिला कैडेटों की पहली बार भागीदारी देखकर बहुत प्रसन्न हुई। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन सच्चे अर्थों में ऐतिहासिक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी महिला कैडेट भविष्य में देश और एनडीए को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।



■ 'शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए देश की सीमाओं और उसकी आंतरिक सुरक्षा बहुत आवश्यक है। हम 'वसुधैव कुटुंबकम' की परंपरा का पालन करते हैं, लेकिन हमारी सेनाएं उन बाहरी या आंतरिक ताकतों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम और तैयार हैं :- द्रौपदी मुर्मु

## सीएम सिद्दारमैया बोले, बेंगलुरु में 188 और इंदिरा कैंटीन खुलेंगी

**बेंगलुरु**, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि लोगों के फायदे के लिए इस वर्ष बेंगलुरु में 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन खोली जाएंगी। इंदिरा कैंटीन सरकार द्वारा संचालित कैंटीन हैं और लोगों को सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराती हैं। सीएम ने यह जानकारी गुरुवार को विधान भवन परिसर में संत कनकदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए दी।

इस दैरान इंदिरा कैंटीन के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि बेंगलुरु के 225 वार्डों में इंदिरा कैंटीन शुरू की जाएगी। इसके अलावा जहां जरूरी होगा, वहां कैंटीन शुरू की जाएगी। जहां इंदिरा कैंटीन के लिए जगह की कमी है, वहां मोबाइल कैंटीन स्थापित की जाएगी। सीएम ने कहा कि कनकदास एक समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से मानवता का उपदेश दिया। वह एक सार्वभौमिक व्यक्ति थे जिन्होंने भेदभाव रहित समतामूलक समाज के निर्माण के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने रामधन्य चरित, मोहनतरंगिणी सहित कई कृतियों की रचना की। गुरुवार को सरकार कनकदास की जयंती मना रही है, जिन्होंने समाज में भेदभाव खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने साहित्य के माध्यम से लोगों को अपने आदर्शों से अवगत कराया। उन्होंने अपने दास साहित्य की रचना सरल भाषा में की ताकि लोग समझ सकें। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को कनकदास जयंती की शुभकामनाएं दीं।



लोगों के फायदे के लिए इस वर्ष बेंगलुरु में 188 अतिरिक्त इंदिरा कैंटीन खोली जाएंगी। इंदिरा कैंटीन सरकार द्वारा संचालित कैंटीन हैं और लोगों को सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराती हैं:-सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से कहा: पुराने, गंदे कपड़े पहनकर आने वालों के साथ मानवीय व्यवहार करें

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को डॉक्टरों से उन गरीब लोगों का मानवता के साथ इलाज करने का आह्वान किया, जो उनके पास पुराने और गंदे कपड़ों में आते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बिना भेदभाव के अच्छी स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कर्नाटक विधान सौध की सीढ़ियों पर आयोजित एक कार्यक्रम में 262 अत्याधुनिक एम्बुलेंस को सार्वजनिक सेवा में समर्पित करने के बाद बोल रहे थे। सिद्दारमैया ने कहा कि यह देखना सरकार का लक्ष्य है कि बेंगलुरु के विश्व स्तरीय जयदेव अस्पताल में प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सभी सरकारी अस्पतालों में भी उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवा में आपातकालीन एम्बुलेंस को जोड़ा गया है ताकि इलाज के अभाव में किसी की जान न जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में 840 से अधिक एम्बुलेंस की आवश्यकता है और प्रत्येक तालुक में चार एम्बुलेंस काम कर रही हैं और हर दिन सैकड़ों लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक आपातकालीन उपचार जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सिद्दारमैया ने कहा कि हर जिले में एमआरआई स्कैनिंग की सुविधा होनी चाहिए क्योंकि निजी डायग्नोस्टिक केंद्रों में सेवाओं की उच्च लागत के कारण गरीबों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश में 3 दिसंबर को 'ड्राई डे' की घोषणा

भोपाल। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसम्बर को होने जा रही है। इस दिन शराब, भांग आदि की दुकानें बंद रहेंगी। कुल मिलाकर 24 घंटे ड्राई डे रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भोपाल आशीष सिंह ने मतगणना दिवस 3 दिसम्बर के संपूर्ण दिवस यानि 24 घंटे के लिए ड्राई डे घोषित किया है। भोपाल जिले की सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की 87 शराब दुकानों पर मदिरा के क्रय-विक्रय और भंडारण आदि पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित सभी शराब दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलियन क्लब, सैनिक थोक कैंटीन, फुटकर कैंटीन, वाइन विक्रय के लिए स्वीकृत रिटेल आउटलेट एवं अन्य लाइसेंस केंद्र बंद रहेंगे। इसी तरह जिंसी चैराहा स्थित देशी शराब भंडारागार और गांधीनगर स्थित विदेशी शराब भंडारागार से शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर सिंह ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए हैं कि उक्त आदेश का सख्ती से पालन किया जाए एवं उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

### ईडी ने जम्मू-कश्मीर में आठ ठिकानों पर ली तलाशी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 223 करोड़ रुपए से अधिक की जम्मू-कश्मीर सहकारी बैंक धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में कई ठिकानों पर तलाशी ली। यह धोखाधड़ी रिवर झेलम कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी के नाम पर की गई थी। सोसायटी सिर्फ कागजों पर ही है। सूत्रों ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी जम्मू-कश्मीर में आठ से अधिक ठिकानों पर तलाशी ले रही है। हालांकि, अधिकारी घटनाक्रम पर चुप्पी साधे हुए हैं। इससे पहले ईडी ने मामले में कार्रवाई की थी और कई लोगों से पूछताछ की थी।

### महिलाओं की 13,000 अश्लील तस्वीरें रखने के आरोप में बेंगलुरु से बीपीओ कर्मचारी गिरफ्तार

बेंगलुरु। महिलाओं की 13,000 अश्लील तस्वीरें रखने और उन्हें अपनी महिला सहकर्मियों के चेहरे के साथ फोटोशॉप करने के आरोप में बेंगलुरु से 25 वर्षीय बीपीओ कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उसने कबूल किया है कि उसे ऐसा करने में मजा आता था। आरोपी बीपीओ कर्मचारी की पहचान आदित्य संतोष के रुप में हुई है। उसे बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्तमान कंपनी में पिछले पांच महीने से ग्राहक सेवा एजेंट के रूप में काम कर रहा था।

## भारत भूमि, आकाश, समुद्र, अंतरिक्ष के क्षेत्र में राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति में: धनखड़

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत भूमि, आकाश, समुद्र और अंतरिक्ष के क्षेत्र में 'राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति' में है और यह उपलब्धि पिछले साल आईएनएस-विक्रांत के प्रक्षेपण और कई स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास से सिद्ध हुई है। श्री धनखड़ ने बृहस्पतिवार को यहां में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) के 49 वें एडवांस्ड प्रोफेशनल प्रोग्राम इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एपीपीपीए) के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था है और 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए 'निर्णय लेने' के महत्व का उल्लेख करते हुए उच्चतम स्तर के प्रदर्शन और कर्तव्य के प्रति अपनी अटूट भावना का उदाहरण पेश करने के लिए रक्षा कर्मियों की सराहना की। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय मानव प्रतिभा दुनिया में बेजोड़ है। उन्होंने कहा कि आबादी के सभी वर्गों की प्रौद्योगिकी अपनाने की इच्छा के परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति इंटरनेट डेटा खपत आश्चर्यजनक रूप से अमेरिका और चीन की तुलना में अधिक हो गई है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य एक 'बड़े बदलाव' को दर्शाता है। अब सत्ता के गलियारे सत्ता के दलालों, संपर्क एजेंटों और बिचौलियों से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। चंद्रयान -3 के सफल प्रक्षेपण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसरो ने सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बाजार मूल्य पर कई विकसित देशों के उपग्रहों का प्रक्षेपण करके अपने लिए एक जगह बनाई है।



भारत भूमि, आकाश, समुद्र और अंतरिक्ष के क्षेत्र में 'राष्ट्रों की अग्रणी पंक्ति' में है और यह उपलब्धि पिछले साल आईएनएस-विक्रांत के प्रक्षेपण और कई स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास से सिद्ध हुई:-जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति

### लालू यादव के बयान पर प्रशांत किशोर का तंज, एक एमपी नहीं और तय कर रहे देश का पीएम

**पटना,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेल खत्म होने की बात कही थे, वहीं इस बयान पर चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कटाक्ष किया है। जन सुराज अभियान के सूत्रधार किशोर ने कहा कि जिनके पास एक भी सांसद नहीं, वे देश का पीएम तय कर रहा है। दरअसल, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को पांच राज्यों में हुए चुनाव को लेकर कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी का खेल खत्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोई मुकाबला नहीं है। लालू प्रसाद के इस बयान पर प्रशांत किशोर ने गुरुवार को कहा कि अगर खुद के मुंह से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनना होता, तो किसी दूसरे के प्रयास करने की बात ही कहां थी। उन्होंने कहा कि लालू यादव की पार्टी के पास लोकसभा में जीरो एमपी हैं, लेकिन वो तय करेंगे कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा?, नीतीश कुमार के 42 विधायक हैं और मुख्यमंत्री बनने के लिए कभी लालटेन पर लटकते हैं, तो कभी कमल के फूल पर बैठते हैं, वह देश के पीएम बनेंगे।

## राजस्थान के सीएम का दावा, कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। एग्जिट पोल से पहले गुरुवार शाम को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दावा किया कि कांग्रेस उन सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी जहां इस महीने चुनाव हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए गहलोत ने कहा, 'कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी।' उन्होंने कहा, 'राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं, और सट्टा बाजार जो भी कहता है, मीडिया जो भी कहता है और आपका सर्वेक्षण जो भी कहता है, मेरा अनुमान कहता है - जैसा कि मैंने पिछले छह महीनों में गांवों और शहरों में लोगों की टिप्पणियां सुनीं -कांग्रेस सरकार बनाएगी।' मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 7 नवम्बर को हुआ था, जबकि 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए मतदान 7 और 17 नवम्बर को हुआ था। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए मतदान 17 नवम्बर और 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवम्बर को हुआ था। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। कांग्रेस के लिए दांव ऊंचे हैं क्योंकि वह छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्तारूढ़ पार्टी है और दोनों राज्यों में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है।

मध्य प्रदेश में पार्टी सत्ता में लौटने की उम्मीद कर रही है, जहां 2018 में जीतने के बावजूद मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और 22 विधायकों के पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद उसने बहुमत खो दिया।



'कांग्रेस सभी पांच राज्यों में सरकार बनाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा पांचों राज्यों में से किसी में भी नहीं जीतेगी, 'राजस्थान में, एग्जिट पोल जो भी कहते हैं :- अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री

### मतदान के दिन नागार्जुन सागर में तनाव एक साजिश: रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच नागार्जुन सागर बांध पर तनावपूर्ण स्थिति को राज्य सरकार की साजिश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि के. चंद्रशेखर राव का ये हताश प्रयास कामयाब नहीं होगा। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से इस तरह के बहकावे में न आने की अपील की और वादा किया कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सभी अंतरराज्यीय विवादों को बातचीत से सुलझाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस नेता तेलंगाना के अधिकारियों द्वारा आंध्र प्रदेश को पानी छोड़ने के लिए बांध के दरवाजे खोलने से रोकने के बाद दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच तनाव की खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने मांग की कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि सरकार उनके अधीन काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बांध पर हुई घटना पिछले नौ वर्षों से अंतर-राज्यीय समस्याओं को हल करने में केसीआर की विफलता को साबित करती है। 'उनकी असफलताएं सबके सामने हैं। उन्होंने केवल अपने परिवार और निजी हितों की परवाह की है।'

### जाति जनगणना पर पीएम मोदी का पलटवार, कहा - मेरी लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की मांग कर रहे कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर पलटवार करते हुए कहा है कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत के दौरान उन्हें संबोधित किया।



पीएम मोदी ने कहा, 'विकसित भारत का संकल्प- 4 अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं - हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- गरीब। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- युवा। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- महिलाएं। मेरे लिए सबसे बड़ी जाति है- किसान। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। जब तक इन चारों जातियों को मैं सभी समस्याओं से, सभी मुश्किलों से उबार नहीं देता हूं तब तक मैं चैन से बैठने वाला नहीं हूं। बस आप मुझे आशीर्वाद दीजिए। जब ये चारों जाति सशक्त होगी तो निश्चित तौर पर देश की सभी जातियां सशक्त होगी।' प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश के लोगों ने वह दौर भी देखा है, जब पहले की सरकारें खुद को जनता का माई बाप समझती थी। इस कारण आजादी के अनेक दशकों बाद तक देश की बहुत बड़ी आबादी मूल सुविधाओं से वंचित रही। लोग सरकार से पूरी तरह हताश और निराश हो गए थे। उस समय सरकारें भी सिर्फ चुनाव और वोट बैंक पर ही ध्यान रखती थी।

## तेलंगाना के सीएम केसीआर ने पैतृक गांव में किया मतदान

**हैदराबाद,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) और उनकी पत्नी शोभा ने गुरुवार को सिद्दीपेट जिले के चिनरामाडाका गांव में मतदान किया। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए 28 नवम्बर तक चले प्रचार अभियान के दौरान भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के लिए 96 जनसभाओं को संबोधित किया। इससे पहले बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव, उनकी बहन और विधान परिषद सदस्य के. कविता, एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी सुबह सात बजे शुरू हुए मतदान में सबसे पहले अपने मताधिकार का उपयोग करने वाले नेताओं में शामिल रहे। राज्य की 106 विधानसभा में मतदान शाम पांच बजे तक चला, वहीं वामपंथी उग्रवाद प्रभावित 13 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम चार बजे समाप्त हो गया।



**केसीआर ने 32 दिनों में 96 जन आशीर्वाद सभाएं की**

राव ने विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 32 दिनों में 96 जन आशीर्वाद सभाओं में हिस्सा लिया। बीआरएस प्रमुख केसीआर ने जनता के लिए चलाए जा रहे कल्याण कार्यक्रमों के विषय में जागरूकता लाने के लिए राज्य भर में सार्वजनिक आशीर्वाद बैठकें आयोजित कीं। इन सभाओं में उन्होने लोगों को बीआरएस उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। उन्होंने 15 अक्टूबर, 2023 को हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में भाग लिया और लगातार प्रत्येक दिन दो से चार बैठकों में भाग लिया और प्रत्येक दिन विशाल जनसमूह को संबोधित किया। सबसे पहले 15 अक्टूबर को हुस्नाबाद, 16 को जनागम, 17 को भुवनगिरि, 18 को सिरिसिल्ला, सिद्दीपेट , 26 को अचम्पेट और वानापर्थी में आशीर्वाद सभा आयोजित की गई। इसके बाद उन्होने पलेरू, महबुबाबाद, वर्धन्नापेट, कोडाडा, तुंगतुर्थी, अलेरू, जुक्कल, बांसुवाड़ा, नारायणखेड, हुजूरनगर, मिर्यालागुडा, देवरकोंडा, निर्मल, बालकोंडा, धर्मपुरी, (मुधोल), आर्मूआर, कोरुटला, कोठागुडेम , खम्मम, देवरकोंडा, गडवाल, मकतल, नारायणपेट, चेन्नूर, मंथनी, पेद्दापल्ली, सिरपुर, आसिफाबाद एवं बेल्लमपल्ली विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जन आशीर्वाद सभाओं में भाग लिया।

**मंजूरी** *सरकार ने रक्षा क्षेत्र में सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया*

## करीब सवा दो लाख करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 2.23 लाख करोड़ रूपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है। इनमें वायु सेना के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर के अलावा नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय से संबंधित खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इन प्रस्तावों को जरूरत के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गयी है और इनमें से 2.20 लाख करोड़ रूपए की खरीद घरेलू उद्योगों से की जायेगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इनमें हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर, युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इन प्रस्तावों में सेना के लिए टाइप-2 और टाइप-3 की टैंक रोधी तोप की खरीद का प्रस्ताव शामिल है । ये तोप बख्तरबंद वाहनों और टैंकों को ध्वस्त करने में सक्षम होगी।



**उपक्रम हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड से हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर के अलावा नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों तथा तोपों की खरीद के प्रस्ताव शामिल**

रक्षा परिषद ने हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से वायु सेना और सेना के लिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर और वायु सेना के लिए हल्के लड़ाकू विमान एम के 1ए की जरूर के आधार पर खरीद की भी मंजूरी दी है। इसके अलावा एचएएल सुखोई -30 एम के आई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य भी करेगा।

परिषद ने नौसेना के लिए युद्धपोत रोधी मिसाइलों की खरीद के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। सेना के लिए टी 90 टैंकों के लिए ऑटोमेटिक टारगेट ट्रेकर और डिजिटल बसाल्टिक कंप्यूटर की खरीद को भी जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है। इससे टी 90 टैंकों की मारक क्षमता बढाने में मदद मिलेगी।

# 20 दिसम्बर के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाएगी आप

## लोगों से पूछेगी गिरफ्तार होने पर केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए या नहीं

**नई दिल्ली**, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी एक से 20 दिसम्बर के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाएगी ताकि लोगों की प्रतिक्रिया ली जा सके कि गिरफ्तार किए जाने की स्थिति में क्या अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने आप को खत्म करने की उम्मीद से केजरीवाल को फर्जी शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार करने का षडयंत्र रचा है। राय पार्टी सांसद राघव चड्ढा के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



राय ने कहा कि शुक्रवार से मैं भी केजरीवाल अभियान के तहत, पार्टी के स्वयंसेवक दिल्ली के सभी 2,600 मतदान केंद्रों पर जाएंगे और लोगों के हस्ताक्षर लेते हुए उनकी राय पूछी जाएगी कि अगर केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया तो क्या उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पार्टी विधायकों और पार्षदों से मुलाकात कर इस मुद्दे पर उनकी राय मांगी थी और इस बात पर सर्वसम्मति थी कि उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए और जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। राय ने कहा कि पार्टी 21 दिसंबर से 24 दिसंबर के बीच शहर के हर वार्ड में जनसंवाद आयोजित करेगी, जिसमें लोगों से कथित शराब घोटाले के साथ-साथ केजरीवाल को गिरफ्तार कराने की भाजपा की साजिश पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की राय भी ली जाएगी कि अगर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया तो क्या उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने इस महीने की शुरुआत में केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। केजरीवाल जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए और मांग की कि उसे अपना नोटिस वापस लेना चाहिए। उन्होंने दावा किया था कि यह अवैध और राजनीति से प्रेरित कदम है।

# दिल्ली नगर निगम ऐसे स्थान या ढलावघर चिन्हित करेगा जो प्रयोग मे ना हो : डॉ शैली ओबरॉय

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने गुरूवार को वार्ड 191 मयूर विहार फेस-1 का दौरा किया। इस मौके पर मेयर ने ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के सदस्यों ने मेयर को अपनी-अपनी सोसायटी में ठोस कूड़ा प्रबंधन की समस्या से अवगत कराया। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के सदस्यों ने बताया कि उनकी सोसायटी में कूड़े के निस्तारण के लिए कॉम्पैक्टर लगाने की जगह नहीं है और सोसायटी का कूड़ा ढलावघर में फेंकने पर दिल्ली नगर निगम द्वारा उनका चालान काट दिया जाता है। मेयर ने सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। डॉ. शैली ओबरॉय ने बताया कि कानूनन तौर पर बड़ी सोयायटी बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आती हैं और अपने एरिया का कूड़ा



प्रबंधन उन्हीं की जिम्मेदारी है लेकिन कॉम्पैक्टर के लिए जगह की कमी होना एक जायज समस्या है। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि वार्ड में दिल्ली नगर निगम के ऐसे स्थान या ढलावघर चिन्हित किये जायेंगे जो प्रयोग मे ना हो, उन्हें ग्रुप हाउसिंग सोसायटी को कॉम्पैक्टर लगाने के लिए दिया जायेगा। शहर को साफ रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। मेयर ने कहा कि दिल्ली में कूड़े के पहाड़ को कम करना एक बड़ी चुनौती है, जिसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।

### दो ढलावघरों को बंद करने के निर्देश दिए

इसके उपरांत मेयर ने क्षेत्र का दौरा किया और दो ढलावघरों को बंद करने के निर्देश दिये। उनमें से एक ढलावघर स्कूल के सामने और एक सोसायटी गेट के बिल्कुल सामने था। जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतें हो रही थी। इसके अलावा मयूर विहार एक्सटेंशन मार्केट कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। मेयर ने रोड की मरम्मत करने, सफाई व्यवस्था दुरस्त करने और मार्केट कॉम्प्लेक्स में गमले लगाने के निर्देश दिये। इस मौके पर उनके साथ त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रोहित महरोलिया, स्थानीय पार्षद बीना और शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के उपायुक्त अंशुल सिरोही मौजूद रहे।

### मेयर डॉ शैली ओबरॉय को समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की उपाधि से किया गया सम्मानित

दिल्ली की मेयर डॉ शैली ओबरॉय को आज यूरेशियन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित ब्रिक्स सांस्कृतिक मीडिया फोरम में उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। ग्रोजनी शहर के उप महापौर अब्दुल रशीद, आईडीसी अध्यक्ष डॉ. सर्गेई ड्वोरियानो और विधायक अजय दत्त की उपस्थिति में इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पाने वाली वह दूसरी भारतीय राजनेता हैं। इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया था। इस दौरान दिल्ली और ग्रोज़्नी के प्रतिनिधियों के बीच ट्वीन सिटी एग्रीमेंट को लेकर बातचीत हुई। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, साफ सफाई और निर्माण जैसी निगम की अन्य सेवाओं के तकनीकी आदान-प्रदान का प्रस्ताव ग्रोज़्नी के प्रतिनिधियों ने रखा। इसके ऊपर जल्द दिल्ली नगर निगम की ओर से फैसला लिया जाएगा। इस संबंध में मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हर वह प्रयास किया जा रहा है, जिससे आम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाया जा सके। एमसीडी में आप सरकार बनने के बाद सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## सार संक्षेप

### क्रिसमस के सीजन के लिए अमेजन ने पेश किए विशेष ऑफर

**नई दिल्ली**। क्रिसमस का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में 7 दिसम्बर तक अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान अपनी किराना जरूरतों को पूरा करना सुनिश्चित करें। सर्दियों के मौसम का लुत्फ उठाएं और अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग मंच पर नीविया, डेल मोंटे, एरियल, आईटीसी और सफोला जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स के रोमांचक ऑफर्स के साथ किराना, दैनिक जरूरी सामान, पैकेड बंद फूड, स्नैक्स, पेय पदार्थ और अनाज-दालों सहित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर पाएं 45 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त करें। उपभोक्ता 1 से 4 दिसम्बर तक आईसीआईसीआई बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड से न्यूनतम 2500 रुपए की खरीदारी पर इंस्टेंट 10 प्रतिशत का डिस्काउंट हासिल कर सकते हैं। नए ग्राहक अपने पहले चार ऑर्डर पर 400 रुपए के कैशबैक ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। प्राइम रिपीट ग्राहक 200 रुपए तक के कैशबैक रिवॉर्ड के साथ इस त्योहारी सीजन में बड़ी बचत का आनंद ले सकते हैं।

### लीकर ट्रेड में 50 वर्ष पूरे होने का मनाया जश्न

**नई दिल्ली**। लोकप्रिय सिंह परिवार ने लिकर ब्रांड चार्ली की वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए लिकर मार्किट में अपने प्रीमियम कलेक्शन का प्रदर्शन किया। चार्ली ने इस अवसर पर प्रीमियम चार्ली व्हिस्की को लॉन्च किया। तीसरी पीढ़ी द्वारा प्रबंधित, हाईफील्ड डिस्टिलरी के एक ब्रांड, चार्ली स्पिरिट्स ने भी अपने बेहतरीन उत्पादों की श्रृंखला का प्रदर्शन किया। चार्ली स्पिरिट्स के सीओओ अर्जुन सिंह ने बताया कि हमारे उत्पाद की बेहतरीन क्वालिटी होने के कारण ही लोगों की पहली पसंद बन रहा है। भविष्य में भी इस प्रकार यात्रा जारी रहेगी, जिससे अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान कर सके। मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव और ब्रांड एंबेसडर पून्या सिंह ने कहा कि चार्ली आपको लग्जरी ड्रिंक का एहसास करवाती है। इसे लग्जरी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सावधानीपूर्वक तैयार मिश्रण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह खास पलों को और अधिक खास कर देते है। सतर्कता से तैयार किया गया खरीदारों को खूब भा रहा है। इस ब्रांड की किंग्स गोल्ड विस्की सबसे ज्यादा पसंद की जा रही है। हम हर किसी के लिए लग्जरी अनुभव को और बेहतर बनाने में विश्वास करते हैं।

### एनआईआईटी फाउंडेशन और डीएक्ससी टेक्नोलॉजी ने नए ग्रेजुएट्स के लिए ग्लोबल सर्विस डेस्क प्रोग्राम की उपलब्धि को सराहा

**नई दिल्ली**। एनआईआईटी फाउंडेशन और डीएक्ससी टेक्नोलॉजी ने नए ग्रेज्यूट्स के लिए ग्लोबल सर्विस डेस्क प्रोग्राम की उपलब्धियों को मान्यता दी है। प्रोग्राम का लक्ष्य 7000 युवाओं का नामांकन कराना था। इस प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा किया गया। डीएक्ससी टेक्नोलॉजी ने शुरुआती चरण में 3000 छात्रों के नामांकन को मंजूरी दी, इसके बाद दूसरे चरण में अतिरिक्त 4090 छात्रों के नामांकन को मंजूरी दी। डीएक्ससी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कमिटमेंट के रूप में सितंबर 2021 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य युवा ग्रेजुएट्स को जरूरी स्किल से लैस करना, रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाना और स्किल्लड ग्लोबल सर्विस डेस्क स्पेशलिस्ट्स के रूप में उनके विकास में सहयोग करना है। ग्लोबल सर्विस डेस्क का सर्टिफिकेट प्रोग्राम हाल ही में ग्रेजुएट हुए छात्रों और फाइनल ईयर के छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह पहल स्किल डेवलपमेंट को आसान बनाने, प्लेसमेंट में मदद करने, प्रोफेसनल और सॉफ्ट स्किल को मजबूत करने और युवाओं के बीच फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस (वित्तीय स्वतंत्रता) को बढ़ावा देने की कोशिश करती है।

# दिल्ली जल बोर्ड के एसटीपी घोटाले के खिलाफ भाजपा ने जल बोर्ड मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली जल बोर्ड के एसटीपी घोटाले के विरोध में दिल्ली भाजपा ने गुरुवार को जलबोर्ड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज दिल्ली में पानी को लेकर जहां एक तरफ केजरीवाल सरकार ने लूट मचाई है, वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की जनता बदबूदार पानी पीने को मजबूर है।



उन्होंने कहा कि 9 साल से सीवर लाइन डाली जा रही है और तीन बार पेमेंट भी हो चुका है लेकिन काम के नाम पर अभी भी कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 1200 करोड़ रुपए के टेंडर को 1546 करोड़ रुपए में दिया गया और फिर उसे बाद में 1938 करोड़ रुपए कर दिया गया। इस तरह से जलबोर्ड को लूटने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है।

धरना प्रदर्शन में शामिल रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि एक दौर में दिल्ली जल बोर्ड 700 करोड़ रुपए के मुनाफे में था लेकिन आज 70,000 करोड़ रुपए के घाटे में हैं। पिछले आठ सालों से सीएजी द्वारा मुख्यमंत्री केजरीवाल को बार बार चिट्ठी लिखने के बावजूद केजरीवाल सरकार ने जल बोर्ड के खाते की जांच तक नहीं करवाई। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा डायरेक्शन दिया गया है कि उसके खाते की जांच हो। बिधूड़ी ने कहा कि आज अपने दोष को छिपाने के लिए केजरीवाल के मंत्री अधिकारियों को दोषी ठहराने में लगे हुए है जो कि सरासर झूठ है।

प्रदेश महामंत्री योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि किसी भी संस्था में हेरफेर का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि 6 वित्त वर्ष तक उसके खाते ही न लिखे जाएं, जैसा कि दिल्ली जल बोर्ड में हो रहा है। 2016-17 के बाद से दिल्ली जल बोर्ड के न तो खाते बने हैं और न ही कोई ऑडिट हुआ है। इस हेरफेर के चलते 31 मार्च, 2018 को दिल्ली जल बोर्ड का घाटा जो 26 हजार करोड़ रुपये था, 31 मार्च, 2023 को उसका अनुमान 70 हजार करोड़ का लगाया गया है।

# संत निरंकारी मिशन ने किया प्रकृति संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। निरंकारी मिशन की ओर से प्रकृति को दोहन से बचाने हेतु समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी संदर्भ में गैर राजनीतिक संगठन द्वारा गुरूवार को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में प्रकृति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिन्दर सुखीजा एवं मेम्बर इंचार्ज राकेश मुटरेजा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, समाज सेवक, गैर सरकारी संगठन के सदस्य मौजूद थे। जोगिन्दर सुखीजा के नेतृत्व में निरंकारी मिशन द्वारा समाज कल्याण एवं प्राकृतिक संरक्षण हेतु चलाई गई अनेक परियोजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी को एक पी.पी.टी. के माध्यम से दर्शाया गया।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अक्सर अपने विचारों में प्रकृति को अत्यधिक सुंदर बनाने हेतु यही आह्वान करते है कि हमें जो यह प्रकृति इतने सुंदर रूप में मिली है इसे हमें और अधिक सुंदर रूप में छोड़कर जाना है। इस कार्यक्रम में राकेश मुटरेजा ने प्राकृतिक संरक्षण पर सवांद करते हुए बाबा हरदेव सिंह जी के संदेश को दोहराते हुए कहा कि प्रदूषण केवल बाहर का ही नहीं अंदर वाला भी हानिकारक है क्योंकि जब तक हमारा अंतर्मन स्वच्छ नहीं होता तब तक हम बाहरी वातावरण भी स्वच्छ नहीं रख सकते।

# आम आदमी पार्टी 6589 लोगों को नौकरी देने वाले प्रस्ताव पर नागरिकों को कर रही है भ्रमित: राजा इक़बाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल 6589 लोगों को नौकरी देने वाले प्रस्ताव पर नागरिकों को भ्रमित करने का कार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि 2949 गार्ड और 3640 सफ़ाई कर्मचारियों को निगम द्वारा निविदा के माध्यम से थर्ड पार्टी पर कॉन्ट्रैक्ट पर लगाया जाएगा न की भर्ती किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी निगम अधिकारियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार फैलाने के लिए विभिन्न सेवाओं का निजीकरण कर रही है। इसी क्रम में अब आम आदमी पार्टी सफ़ाई कर्मियों को सीधी भर्ती न करके उनकी सेवाओं का निजीकरण करने जा रही है।



**2949 गार्ड और 3640 सफ़ाई कर्मचारियों को निगम द्वारा निविदा के माध्यम से थर्ड पार्टी पर कॉन्ट्रैक्ट पर लगाया जाएगा न की भर्ती किया जाएगा**

ताकि आम आदमी पार्टी अपने करीबियों को फ़ायदा पहुंचा सके और भ्रष्टाचार फैला सकें। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी 6589 लोगों को नौकरी देने वाले प्रस्ताव पर उसी प्रकार भ्रमित करने का प्रयास कर रही है जिस प्रकार इन्होंने 5000 सफ़ाई कर्मचारियों को पक्का करने वाले प्रस्ताव पर भ्रमित किया था।

उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही निगम में निजीकरण के खिलाफ रही है और आम आदमी पार्टी द्वारा किये जा रहे इन प्रयासों के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी इस निजीकरण के माध्यम से निगम में भ्रष्टाचार के नए रास्ते खोलना चाहती है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की मेयर से 6589 लोगों निगम द्वारा सीधे भर्ती करने की मांग की।

# अंक ज्योतिषचार्य सिद्धार्थ एस कुमार एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासंघ ने इंडो नेपाल स्पिरिचुअल एंड एस्ट्रोलॉजिकल समिट 2023 का आयोजन किया गया। इस मौके पर नेपाल के प्रथम उप राष्ट्रपति परमानन्द झा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यकर्म में ज्योतिष की अलग अलग विधाओं पर देश विदेश के वक्ताओं ने अपने विचार साझा किये। साथ ही साथ उत्कृष्ट कार्य करें वाले विद्वानों को सम्मानित भी किया गया। विख्यात अंक ज्योतिषचार्य सिद्धार्थ एस कुमार जी ने भी रत्नों के शेप और नाम की महत्ता पर अपने विचार साझा किये विख्यात अंक ज्योतिषचार्य सिद्धार्थ एस कुमार जी को इंडो नेपाल एस्ट्रोलॉजिकल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया और उन्हें ये सम्मान नेपाल के प्रथम उप राष्ट्रपति




परमानन्द झा जी के द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही साथ सिद्धार्थ जी को महर्षि पराशर विश्व विद्यापीठ के द्वारा ज्योतिष में योगदान के लिए गोल्ड मैडल से भी सम्मानित किया गया। इसका आयोजन नेपाल की राजधानी काठमांडू में किया गया। ज्योतिष में सिद्धार्थ जी की रुचि 6 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी, और तब से उन्होंने इस विषय का अध्ययन, सीखने और शोध करने में एक दशक से अधिक का समय बिताया है। 2013 में, उन्होंने लोगों को पेशेवर रूप से ऑफ़लाइन सलाह देना शुरू किया और 2018 में ऑनलाइन परामर्श में अपने कदम रखें।

# ओखला अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र के निर्माण का काम साल के अंत तक पूरा करें: आतिशी

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को ओखला में निर्माणाधीन अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान काम की देरी पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा, यमुना के प्रदूषण को कम करने के लिहाज से यह संयंत्र बेहद अहम है। इसमें किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, साल के अंत तक इस योजना को पूरा किया जाए, नहीं तो जिम्मेदार कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने नई समयसीमा को लेकर सोमवार तक प्रगति रिपोर्ट भी मांगा है। उन्होंने कहा, यमुना की सफाई केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए इसके निर्माण में अब एक दिन की भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जल मंत्री आतिशी ने दावा किया कि तैयार होने के बाद यह एशिया का सबसे पड़ा जल शोधन



संयंत्र होगा। यहां रोजाना 564 एमएलजी पानी का शोधन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, इसके निर्माण होने के बाद मध्य और दक्षिणी दिल्ली के अधिकांश हिस्सों के सीवेज का शोधन संयंत्र से होगा। अपशिष्ट जल को शोधित करने के बाद भी इस पानी को यमुना में छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक मशीन के कारण शोधन के बाद इसमें शोधित पानी का बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड (बीओडी) स्तर को 10 तक लाया जा सकेगा। इस पानी का प्रयोग बागवानी समेत अन्य ऐसे कामों में भी किया जा सकेगा।

### सीवेज से बायो-गैस तैयार कर 4.8 मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

ओखला के इस निर्माणाधीन अपशिष्ट जल शोधन के जरिए न सिर्फ सीवेज को शोधित करके यमुना को साफ करने में मदद मिलेगी। बल्कि, संयंत्र ग्रीन एनर्जी के जरिए कुल बिजली खपत की आधी खुद ही उत्पादित करेगा। संयंत्र में सीवेज के गाद से निकलने वाले बायो-गैस के जरिए 4.8 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा सकेगा। इस बिजली का प्रयोग संयंत्र को चलाने में किया जाएगा। साथ ही गाद से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को भी चलाया जा सकेगा और इसका इस्तेमाल खाद की तरह भी किया जा सकेगा।

### दिल्ली पुलिस ने स्कूलों के पास चल रही सिगरेट की 70 दुकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ही दिन के ऑपरेशन में राष्ट्रीय राजधानी में स्कूलों के पास चल रही सिगरेट की 70 दुकानों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि कुल 31 क्षेत्रों की पहचान की गई जहां पान खोखा/ बीड़ी/गुटखा विक्रेता शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में सक्रिय और तंबाकू उत्पाद बेचने में लिप्त पाए गए।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77236231 | 60 किलाग्राम इम्प्रोवेड स्विच एक्सपेंशन जॉइंट्स | 728 सेट | 21-12-23 |
| 02 | 19230084A | मोह किट फॉर सेचेरोन कॉन्टैक्टर | 145 सेट | 22-12-23 |
| 03 | 02232502 | 120 ए एच वाल्व रेगुलेटेड मेंटेनेंस फ्री लेड एसिड बैटरी | 1030 सेट | 26-12-23 |
| 04 | 19235009A | ट्रैक्शन मोटर टाइपः एच एस -15250 ए | 80 नग | 26-12-23 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 72/2023-2024 दिनांक : 29.11.2023 3743/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम बढ़ाते हुए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस परियोजना के अंतर्गत कई पर्यावरण-अनुकूल पहल की हैं। इसी श्रृंखला में, डिपो, स्टेशन, रिसीविंग सबस्टेशन (आरएसएस) और आवासीय परिसरों सहित सभी प्रमुख प्रतिष्ठानों को आईजीबीसी के साथ पंजीकृत किया गया है, जो उच्चतम पर्यावरणीय स्थिरता मानकों को बनाए रखने के एनसीआरटीसी के मिशन के अनुकूल है। यह अवार्ड एनसीआरटीसी की स्थापना के बाद से ही सतत विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुनीत वत्स, एनसीआरटीसी प्रवक्ता

## 11.56 किमी में बनेंगे 8 मेट्रो स्टेशन 2254 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा सेक्टर-142 से सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो चलाई जानी है। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) डीएमआरसी ने सौंप दी है। इसके तहत कुल 11.56 किमी में मेट्रो का निर्माण किया जाएगा। इसमें कुल आठ मेट्रो स्टेशन होंगे। इस योजना पर कुल 2254.35 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। डीपीआर पर प्रिंसिपल एप्रूवल के लिए एनएमआरसी ने नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण में डीपीआर भेजी है। इसके अलावा एनएमआरसी की आगामी बोर्ड बैठक में इस डीपीआर को रखा जाएगा। यहां से मंजूरी के बाद इसे उप्र सरकार और केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि इस लाइन पर आठ स्टेशन बनाए जाने हैं। जिसमें बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, पंचशील बालक इंटर कॉलेज और नोएडा सेक्टर-142 शामिल किया गया है। यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। इस लाइन पर मेट्रो चलने से नोएडा-दिल्ली से ग्रेटर नोएडा आने-जाने वालों को और अधिक सहूलियत होगी। अभी नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) एक्वा लाइन को संचालित कर रहा है।

मेट्रो सेक्टर-51 से शुरू होकर ग्रेटर नोएडा डिपो तक चलती है। दिल्ली से ब्लू लाइन से आने वाले



■ एनएमआरसी की अगली बोर्ड बैठक में रखी जाएगी डीपीआर
■ वहां से मंजूरी के बाद उप्र व केंद्र सरकार को भेजी जाएगी

लोगों को ब्लू लाइन के सेक्टर-52 स्टेशन पर उतरना पड़ता है। एक्वा लाइन के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक एक नई मेट्रो लाइन आएगी। बॉटनिकल गार्डन पर अभी नोएडा-दिल्ली के बीच चलने वाली ब्लू और मजेंटा लाइन के स्टेशन हैं।

अब यहां एक्वा लाइन के लिए तीसरा स्टेशन बनाया जाएगा। एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. लोकेश एम ने कहा कि सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो लाइन की डीपीआर तैयार हो गई है। बोर्ड में रखने के बाद इसे एप्रूवल के लिए यूपी और केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

## नगर आयुक्त ने महानगर का जीआईएस सर्वे करने वाली कम्पनी यूनिकॉप्स के खिलाफ दिए निर्देश



**गाजियाबाद,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गुरुवार को नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, समस्त जोनल प्रभारी, कर अधीक्षकों एवं जीआईएस सर्वे करने वाली कंपनी मैसर्स यूनिकॉप्स के साथ बैठक की गई। फर्म को नगर निगम सीमान्तर्गत पुरानी सम्पत्तियों का मिलान करने तथा नई सम्पत्ति का एसेस्मेन्ट करते हुए सम्पत्ति कर में बढ़ोत्तरी का कार्य किया जाना था। सर्वे करने वाली फर्म को विभाग द्वारा 400205 सम्पत्तियों का डाटा दिया गया था तथा कंपनी द्वारा जीआईएस सर्वे का कार्य अगस्त 2019 में आरम्भ कर तीन वर्ष की अवधि में कार्य पूर्ण करना था परन्तु फर्म द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है जिसपर नगर आयुक्त द्वारा रोष व्यक्त करते हुए फर्म को कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए। जीआईएस कंपनी ने अवगत कराया कि 647000 सम्पत्तियों के सर्वे का कार्य पूर्ण कर दिया गया है जिसमें 255000 सम्पत्तियों का मिलान भी करा दिया गया है तथा यूआईडी प्लेटों को भवनों पर लगाये जाने का कार्य भी कराया जा रहा है। कुल 40 वार्डों की सम्पत्तियों का मिलान करा दिया गया है तथा कुछ समस्या हैं जैसे पब्लिक नोटिस प्राप्त नहीं करती है, राजस्व निरीक्षक कंपनी के साथ सम्पत्तियों का मिलान नहीं करा पाते हैं जिनके कारण कार्य सुचारू रूप से सम्पादित नहीं हो पाता है।

नगर आयुक्त द्वारा विभागाध्यक्षों व कंपनी को निर्देशित किया गया कि सम्पत्तियों के सर्वे का कार्य आपस में सामज्य कर किया जाए, सम्बन्धित कंपनी प्रत्येक जोन में कम से कम 5-5 कर्मचारी उपलब्ध कराये जो कि टैक्स विभाग के कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा प्रतिदिन की प्रगति एवं कार्य में आने वाली बाधाओं/सुझाब हेतु एक व्हाटस्पऐप ग्रुप बनाया जाए।

## हैबिटेट क्लब में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन

**गाजियाबाद,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम ने नगर निगम हैबिटेट क्लब, नेहरू नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सांसद व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के विभिन्न शहरों के गरीब परिवारों/सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सरकार द्वारा दिए गए लाभों के बारे में जानकारी/चर्चा को लाइव दिखाया गया।



नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश की नगरीय निकायों में सक्रिय जनभागीदारी के माध्यम से जन सुविधाओं व सरकारी योजनाओं यथा पी.एम. स्वनिधि, पी.एम. आवास योजना, पी.एम. विश्वकर्मा, पी.एम. मुद्रा लोन, स्टार्ट अप इंडिया स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर, आयुष्मान भारत पीएमजेऐवाई, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, पीएम उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, स्वच्छ भारत अभियान (अर्बन), सौभाग्य योजना, पी.एम. ईबस सेवा, अटल मिशन कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए (अमृत), खेलो इण्डिया, आर.सी.एस.: यू.डी.ए.एन., वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना का लाभ सबसे कमजोर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का दिनांक 15 नवम्बर से 26जनवरी 2024 तक आयोजन चल रहा है।

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, परियोजना अधिकारी-डूडा संजय पथरिया, प्रभारी उद्यान डॉ0 अनुज कुमार सिंह, समस्त जोनल प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**सार संक्षेप**

### मुठभेड़ में जिला बदर बदमाश घायल

**गाजियाबाद।** थाना लोनी पुलिस ने बुधवार को तड़के जांच के दौरान बन्थला से सिखरानी की तरफ जाने वाले मार्ग पर एक जिला बदर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से बदमाश घायल हो गया। उसके कब्जे से 1 अवैध शस्त्र एवं मोटर साइकिल बरामद हुई है। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि घायल बदमाश जमालपुरा राशिद गेट निवासी नदीम है। जो जिला बदर बदमाश है। मुठभेड़ में चली गोली उसके बाएं पैर में लगी है। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से थाना लोनी पर पशु क्रूरता के अभियोग दर्ज हैं।

### राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले चार लुटेरे गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी हथियार के बल पर भी लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह पुलिस ने बहलोलपुर गांव के पास से जांच के दौरान चार मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन, सौरव शर्मा, कमरुद्दीन और पवन के रूप में हुई है। चारों आरोपी छिजारसी कालोनी में रहते हैं। इनके पास से दिल्ली एनसीआर की विभिन्न जगहों से लूटे हुए 18 मोबाइल फोन, दो तमंचे, दो चाकू और लूट में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की गई है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने लूटपाट की कई वारदातें करनी स्वीकार की है।

### छात्राओं के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार व सामान जब्त करने का आरोप

**नोएडा।** रायपुर खादर गांव के एक पीजी में रह रही नामी विश्वविद्यालय की छात्राओं के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार करने तथा उनका सामान जब्त करने के आरोप में पीजी संचालक सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना सेक्टर-126 पुलिस मामले की जांच कर रही है। पालम विहार गुड़गांव निवासी विशाल त्यागी ने बताया कि उसकी बेटी राधिका नोएडा की एक नामी यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। उन्होंने पीजी में रहने के लिए विगत 7 अगस्त को नोएडा के रायपुर खादर गांव में बने अन्नपूर्णा पीजी के मालिक गौरव गिरी को एक लाख रूपये देकर अपनी बेटी का एडमिशन कराया था। एडमिशन के दौरान सुरक्षा सहित कई अन्य सुविधाएं देने की बात पीजी मालिक द्वारा कही गई थी। विशाल त्यागी ने बताया कि उनकी बेटी अपनी रूममेट नित्य मेहता के साथ पीजी में रह रही थी। कुछ समय बाद उनकी बेटी ने बताया कि पीजी मालिक गौरव गिरी अक्सर शराब पीकर पीजी में आते हैं। गार्ड ने दोनों छात्रों का सामान छीनकर उन्हें धक्का देकर पीजी से निकाल दिया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में विशाल त्यागी की शिकायत पर गौरव गिरी स्वाति गिरी, वार्डन नीतू व गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नोएडा में बनेंगे सबसे ज्यादा मोबाइल फोन : अश्विनी वैष्णव

**नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नोएडा के सेक्टर-68 में डिक्सन टेक्नोलॉजी प्रालि. की नई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकाई का विद्युत विधिवत उद्घाटन किया। नई मैन्युफैक्चरिंग इकाई इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के साथ साथ स्मार्ट फोन का उत्पादन करती है।




इस इकाई की शुरुआत होने से नोएडा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि आज भारत में इस्तेमाल किए जाने वाले स्मार्टफोन 99 प्रतिशत से ज्यादा स्थानीय स्तर पर निर्मित हो रहे हैं। मोबाइल विनिर्माण उद्योग 44 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि अब नोएडा में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन बनेंगे।

आपको बता दें कि नोएडा में आज से शुरू हुई इस नई इकाई की उत्पादन क्षमता 25 मिलियन वार्षिक मोबाइल उत्पादन करने की है। यह यूनिट 2.7 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में बनाई गई है। इसको विकसित करने में 256 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष और निदेशक, डिक्शन टेक्नोलॉजी सुनील वचानी तथा प्रबंध निदेशक एवं वाइस चेयरमैन अतुल लाल समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## एनसीआरटीसी को रिसीविंग सबस्टेशन व आरआरटीएस स्टेशन के लिए मिली सर्वोच्च, प्लेटिनम रेटिंग

**गाजियाबाद,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। एनसीआरटीसी को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ के बीच क्रियान्वित किए जा रहे भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के गाजियाबाद रिसीविंग सबस्टेशन (आरएसएस) और साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन के लिए प्रतिष्ठित 'प्रोजेक्ट अवार्ड' की सर्वोच्च रेटिंग, प्लेटिनम रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह प्लेटिनम रेटिंग इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) द्वारा चेन्नई में आयोजित ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस 2023 में दी गई। प्लेटिनम रेटिंग आईजीबीसी द्वारा दी जाने रेटिंग्स में सर्वोच्च रेटिंग है।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम बढ़ाते हुए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस परियोजना के अंतर्गत कई



■ डिपो, स्टेशन, आरएसएस और आवासीय परिसरों सहित सभी प्रमुख प्रतिष्ठानों को आईजीबीसी के साथ पंजीकृत

पर्यावरण-अनुकूल पहल की हैं। इसी श्रृंखला में, डिपो, स्टेशन, रिसीविंग सबस्टेशन (आरएसएस) और आवासीय परिसरों सहित सभी प्रमुख प्रतिष्ठानों को आईजीबीसी के साथ पंजीकृत किया गया है, जो उच्चतम पर्यावरणीय स्थिरता मानकों को बनाए रखने के एनसीआरटीसी के मिशन के अनुकूल है। यह अवार्ड एनसीआरटीसी की स्थापना के बाद से ही सतत विकास के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

परियोजना की संकल्पना से लेकर इसके कार्यान्वयन तक, एनसीआरटीसी निरंतर पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाता रहा है। प्री-डिज़ाइन चरण से शुरू होकर, निर्माण के प्रत्येक चरण में निम्न कार्बन उत्सर्जन को सुनिश्चित करना संस्था की प्राथमिकता रही है। फ्लाई ऐश ईंटों का उपयोग, कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन वेस्ट का प्रभावी निपटान, हवादार और आरामदायक बिल्डिंग इंटीरियर का निर्माण, ऊर्जा-कुशल डिजाइन, वर्षा जल संचयन प्रणालियों का कार्यान्वयन और सौर ऊर्जा का व्यापक उपयोग जैसी तमाम पहल, सतत विकास के प्रति एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता की उदाहरण हैं। साहिबाबाद और गाजियाबाद आरएसएस के साथ-साथ वायाडक्ट के नीचे के स्थान में विस्तृत लैंडस्केपिंग के प्रयास, उस समग्र दृष्टिकोण में योगदान करते हैं जो परियोजना के निर्माण और परिचालन चरणों के दौरान ऊर्जा की खपत और कार्बन फुटप्रिंट को काफी कम कर देता है।

**गाजियाबाद में डीपफेक का मामला प्रकाश में**

## सेवानिवृत आईपीएस का डीपफेक बनाकर ठगे 74 हजार, मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार को यहां डीपफेक का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें ठगों ने एआई के इस्तेमाल कर एक वरिष्ठ नागरिक से 74 हजार रुपए ठग लिए। कहा जा रहा है कि देश में डीप फेक का यह पहला मामला है। पुलिस ने पूरे मामले की गहराई से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले में अपराधियों ने एक वरिष्ठ नागरिक से उगाही करने के लिए यूपी पुलिस के एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी के चेहरे और आवाज वाला एक वीडियो बनाया। वरिष्ठ नागरिक ने डीपफेक ट्रैप में बुरी तरह से फंसने के बाद पुलिस की शरण ली। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि गोविंदपुरम निवासी अरविंद शर्मा मामले का शिकार हुए। वे एक कंपनी में क्लर्क हैं और अकेले रहते हैं। उन्होंने हाल ही में स्मार्टफोन खरीदा और फेसबुक अकाउंट खोला। 4 नवम्बर को जालसाजों ने सबसे पहले फेसबुक वीडियो कॉल के जरिए उनसे संपर्क किया। अरविंद शर्मा की बेटी मोनिका ने पुलिस शिकायत में कहा कि वीडियो में वर्दीधारी व्यक्ति ने कहा कि अगर मेरे पिता ने भुगतान नहीं किया तो वह उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह मेरे पिता का महिलाओं से बात करने का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी करेंगे। इसे परिवार के सदस्यों के साथ भी साझा करेंगे। बैंक खाता नंबर पर पंचह 9 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। मोनिका ने कहा कि जिस कंपनी में वह काम करते हैं, वहां से उन्होंने कर्ज भी लिया। मोनिका ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने पिछले हफ्ते अधिक पैसे की मांग की, जिससे उसके पिता मानसिक रूप से परेशान हो गए और आत्महत्या का विचार कर रहे थे। 74 हजार रुपए का भुगतान करने वाले अरविदं शर्मा ने आखिरकार इस मामले को अपने परिवार को बताया, जिन्होंने बाद में यह पता लगाने के लिए गूगल पर खोज की कि आईपीएस अधिकारी कौन है? वीडियो की जांच में पता चला किया वीडियो में दिखने वाले आईपीएस अधिकारी पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश थे। उन्हें यह समझ में नहीं आया कि वरिष्ठ अधिकारी क्यों धमकाएगा और उगाही करेगा? पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस अपराधियों की ओर से इस्तेमाल किए गए अकाउंट का विवरण प्राप्त करने के लिए फेसबुक और व्हाट्सएप की मूल कंपनी मेटा को भी लिखेगी।

> अपराधियों ने यूपी पुलिस के रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी के चेहरे और आवाज वाला वीडियो बनाया

## कौन डाल रहा है त्यागी भूमिहार पूर्वांचल समाज में दरार : बीपी त्यागी

**गाजियाबाद,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ब्रजपाल सिंह त्यागी ने गुरुवार को सवाल किया कि जिले में कुछ लोग त्यागी भूमिहार पूर्वांचल समाज में दरार डालने का प्रयास कर रहे हैं। जो समाज हित में नहीं है। समाज के लोगों को ऐसी शक्तियों से सावधान रहना होगा।



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मेरा पेशा मानवता की सेवा करना है। कोई व्यक्ति विशेष पुरबिया समाज और त्यागी भूमिहार समाज के बीच मे अपने राजनीतिक स्वार्थ को साधने के लिए फूट डालने की कोशिश कर रहा है। मेरे शब्दों को तोड़ मरोड़ कर, उनका गलत अर्थ निकाल कर, पुरबिया समाज को भ्रमित करने की चेष्ठा की गई। उन्होंने कहा कि त्यागी भूमिहार समाज व राष्ट्रवादी जनसत्ता दल पार्टी की 3668 संस्थाओं के सभी सदस्य मेरे वक्तव्य से सहमत है और आज उन्होंने अपने प्रतिनिधि भेज कर इस मुहिम में मेरा साथ देने का वादा किया है। अगर प्रकरण में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो गाजियाबाद जनपद में जल्द ही डॉ. ब्रजपाल सिंह त्यागी के समर्थन में आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रवादी जन सत्ता दल के अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी के साथ पूर्व में हुए वार्तालाप के रुझान में समाज की स्वास्थ सेवाओं को प्रथम रखते हुए कुछ निर्णय लिए गए। पांच लाख सहयोग धनराशि जो राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के सभी सदस्यों व उनके आश्रित जनों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिसका लाभ वो किसी भी बीमारी के लिए किसी भी अस्पताल में ले सकते है।

राष्ट्रवादी जन सत्ता दल के मेम्बर को फ्री ब्लड बैंक सेवा दी जाएगी जिसमें किसी भी समय कोई भी मेम्बर जरूरत पड़ने पर उसका लाभ उठा सकता है।

सभी समाज के जरूरत मंद लोगो के लिए हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल परिवार। अप्रैल से 17 अप्रैल, 2024 तक 111 कान के परदे निशुल्क बनाएगा। हॉस्पिटल की हेल्पलाइन नंबर 0120-4552014 पर कॉल करके अपना पंजीकरण आज से 5 अप्रैल, 2024 तक कर सकते हैं।

**विश्व एडस दिवस पर विशेष**

## एचआईवी ग्रस्त मां के आंचल में संक्रमण मुक्त किलकारी

**नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। ह्युमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) एक लेंटिवायरस है, जो अक्वायर्ड इम्युनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) का कारण बनता है। अब से दो दशक पहले तक एचआईवी संक्रमण को जानलेवा माना जाता था, लेकिन चिकित्सा जगत में हुई तरक्की और चिकित्सकों के प्रयास से इस बीमारी से होने वाली मृत्यु पर काफी हद तक काबू पाया गया है। वैसे तो संक्रमण फैलने के कई माध्यम हो सकते हैं लेकिन गर्भवती महिला से उसके बच्चे को यह संक्रमण होने की आशंका सबसे अधिक होती है।

दरअसल गर्भ में पल रहा शिशु अपने पोषण के लिए मां पर ही निर्भर रहता है ऐसे में उसके संक्रमित होने का खतरा काफी बढ़ जाता है। अच्छी बात यह है कि अब उपचार से ऐसे बच्चों को एचआईवी संक्रमण से बचाया जा सकता है जिनकी मां एचआईवी पॉजिटिव हैं। जनपद में इस वर्ष छह बच्चों को संक्रमण मुक्त करा लिया गया है। जनपद गौतमबुद्ध नगर में स्वास्थ्य विभाग लगातार एड्स जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। इसके तहत जहां लोगों की काउंसलिंग की जाती है, जांच की जाती है वहीं उन गर्भवती का सुरक्षित प्रसव भी कराया जाता है, जो एचआईवी पॉजिटिव होती हैं।

■ जागी आशा की किरण- छह बच्चे हुए संक्रमण मुक्त, मां हैं एचआईवी ग्रसित
■ अप्रैल से अक्टूबर तक 41 गर्भवती एचआईवी ग्रसित पाई गईं
■ जनपद में 1391 लोग हैं एचआईवी ग्रसित

एड्स कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया एचआईवी पॉजिटिव महिला को गर्भधारण के तीसरे महीने से ही एआरटी (एंटी रेट्रो वायरल) की दवा देना शुरू कर दिया जाता है। सेफ डिलीवरी किट के माध्यम से संस्थागत प्रसव कराया जाता है। प्रसव के आधा घंटे के भीतर नवजात को चिकित्सक की मौजूदगी में एक दवा दी जाती है। अधिकतम 72 घंटे के भीतर यह डोज देनी होती है। उपचार के बाद बच्चे की एचआईवी जांच करायी जाती है। ऐसे मामलों में 18 महीने तक दवा चलती है। वहीं इन बच्चों के माता-पिता का उम्र भर उपचार चलता है।

### अहाना से मिल रही सुरक्षा

उत्तर प्रदेश वेलफेयर फॉर पीपल लिविंग विद एचआईवी- एड्स सोसाइटी ( यूपीएनपी प्लस) द्वारा संचालित कार्यक्रम अहाना के प्रोजेक्ट ऑफिसर संदीप कुमार ने बताया कि अहाना के तहत प्रीवेंशन ऑफ पेरेंट टू चाइल्ड (पीपीटीसी) पर काम किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत एचआईवी से ग्रसित गर्भवती का सुरक्षित प्रसव कराकर उनके बच्चों को संक्रमण से मुक्त कराया जाता है। संदीप कुमार ने बताया कि एचआईवी पीड़ित मां से बच्चे को संक्रमण न हो इसके लिए गर्भधारण के साथ ही उपचार शुरू कर दिया जाता है। प्रसव के तुरंत बाद नवजात को एक विशेष दवा (सिरप) दी जाती है। यह सिरप नवजात को 72 घंटे के भीतर देना जरूरी है। उन्होंने बताया ऐसे बच्चों का ड्राई ब्लड स्पॉट टेस्ट ( डीबीएस) बच्चे के जन्म के 1.5 से 2 माह पर कराया जाता है। यह टेस्ट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में होता है। छह माह, 12 माह और 18 माह पर एंटीबॉडी टेस्ट किये जाते हैं जो जिले में कार्यरत आईसीटीसी/पीपीटीसीटी केन्द्रों पर किया जाता है। इस टेस्ट में नेगेटिव आने पर बच्चे को संक्रमण मुक्त घोषित किया जाता है। यानि बच्चे को मां से संक्रमण नहीं मिला। अहाना के प्रोजेक्ट ऑफिसर ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल-2023 से अक्टूबर तक इस तरह के छह बच्चों को संक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में (अप्रैल-अक्टूबर) 41 गर्भवती महिलाएं एचआईवी ग्रसित पाई गईं। जिसमें 24 महिलाएं ऐसी हैं जो प्रसव पूर्व जांच में पॉजिटिव पाई गईं, जबकि 17 महिलाएं ऐसी हैं जो पहले से संक्रमित थीं और बाद में गर्भधारण किया। उन्होंने बताया कि एक साल के दौरान यानि जिनके प्रसव हुए उनमें 13 का सुरक्षित प्रसव कराया गया। इनके बच्चों का परिणाम 18 महीने पूर्ण होने पर डीबीएस के आधार पर घोषित किया जाएगा।

## किसानों के शोषण से नाराज किसान नेताओं ने अधिकारियों से की मुलाकात

**बुलंदशहर,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार को किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह किसान नेता ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने अधिशासी अभियंता कुमार सौरभ से मिलकर किसानों के शोषण पर जताई नाराजगी। अधिशासी अभियंता विद्युत जहागीराबाद कुमार सौरव से मिलकर किसानों को आ रही छूट मिलने में दिक्कतों की समस्या को लेकर किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह व किसान नेता ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने मुलाकात कर किसानों की समस्या को तत्काल निस्तारण करने की मांग की। किसानों को घरेलू व नलकूप विद्युत जमा करने में कार्यालय पर पूरी छूट न बताकर कर्मचारियों द्वारा की जा रही दिक्कत पर लगाई जा रहे चक्कर में आर्थिक शोषण तथा बिल को पूरी छूट सरकार के मुताबिक न देने की समस्या व अधिशासी अभियंता कुमार सौरभ से किसानों की समस्याओं को तत्काल समाप्त कर छूट दिलाकार बिल जमा करने का आह्वान किया। जिस पर अधिशासी अभियंता कुमार सौरभ ने तीन काउंटर जहांगीराबाद के डिवीजन में लगाकर बिल जमा कराए जाने जन सुविधा के सेवा के नाम पर बिल जमा करने उपखंड कार्यालय पर बिल जमा करने के साथ-साथ सभी बिजली घरों पर बिल जमा करने की सुविधा होने की बात करते हुए कर्मचारियों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया किसान नेताओं के साथ अधिशासी अभियंता से मिलने वालों में सत्येंद्र सिंह चौहान, फौजी वीर सिंह, अमित संदीप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह राघव शामिल रहे।



उवाच

जनपद गौतमबुद्धनगर विकास की दृष्टि से बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है और फिल्म सिटी भी प्रस्तावित है। इसलिए हमें यहां विकास के साथ-साथ यहां के निवासियों और श्रमिकों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करनी होंगी। **धीरेन्द्र सिंह, ज़ेवर विधायक**

# कैपिटल ज़ोन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा समावेशी विकास की दिशा में एक सार्थक पहल : जेपी नड्डा





**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया, जिसको सुनने के लिए गौतम बुद्ध नगर जिले में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। दादरी विधान सभा क्षेत्र के महावड़ गांव में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हुए और जेवर विधान सभा क्षेत्र जुनेदपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा शामिल होकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को जनता के साथ सुना। साथ ही केन्द्र सरकार की योजनाओं को जनता के साथ साझा किया। और लाभार्थियों को घर की चाभी देकर सम्मानित किया।

- **केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नौ वर्ष पहले एक सपना देखा जो अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है साकार**
- **प्रधानमंत्री के सम्बोधन को लोगों ने सुना और सरकार की योजनाओं को बारे में जाना**

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नौ वर्ष पहले हमने आपने एक सपना देखा था एक सफर, एक यात्रा का। एक विकसित देश को परिवर्तित करने का सपना देखा था, एक सपना देखा था भारत को एक विश्व गुरु बनाने का और एक मार्ग दर्शक बनाने का। एक सपना देखा था एक गरीबी से मुक्त बनाने का सपना देखा था, साथ ही एक स्वच्छ भारत के साथ एक स्वस्थ भारत का सपना देखा था। नौजवानों गरीबों के सपनों को एक सपना देखा था, जब तक संकल्प से सिद्धि तक न पहुंचाए तक तक रात दिन मेहनत एक-एक व्यक्ति को करना होगा। समृद्धिशाली भारत के रुप में परिवर्तित करने का सपना देखा था। उस सपने को किसी ने संकल्प में परिवर्ति किया है तो इस देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना संकल्प बनाकर रखा। जिसका केन्द्र बिन्दु गरीबों का कल्याण का। जो विदेशी ताकतों के सामने झुकता था, आज वहीं पांचवीं नम्बर पर नरेन्द्र मोदी नेतृव में पहुंचा है। सपने को संकल्प को परिवर्तित करके प्रधानमंत्री ने उसे सिद्धि में परिवर्तित कर दिया है। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओँ को सभी के सामने रखा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने गौतम बुद्ध नगर जिले के जुनेदपुर गांव में सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा समावेशी विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। इसके जरिए देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। यात्रा का मकसद स्वच्छता, बिजली, आवास, रोजगार, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी देना है। नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार में हर व्यक्ति को पक्का मकान दिया जाएगा। देश के कोने-कोने तक विकास पहुंच रहा है और हर व्यक्ति उससे लाभान्वित हो रहा है। इस यात्रा का समापन 25 जनवरी को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवम्बर को झारखंड के खूंटी में इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। इस दौरान लाभार्थियों को घर की चाभी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व नोएडा लोकसभा सांसद डॉ. महेश शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जीरो प्वाइंट पर किया गया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का जीरो पॉइंट ग्रेटर नोएडा पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धि जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाये और भारत को विकसित बनाने के लिए 2024 चुनाव में जुट जाएं। स्वागत के अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया, जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी, दीपक भारद्वाज, सेवानंद शर्मा, सत्यपाल शर्मा, रवि जिंदल, सुनील खारी, रिंकू शर्मा, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, धर्मेंद्र कोरी, गुरुदेव भाटी, इन्द्र नागर, करतार जाटव, विकास राणा, राज नागर, कपिल गुर्जर, मनोज चौधरी, मनोज प्रधान, मनोज भाटी, सुभास शर्मा, महेश शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजकीय कैंसर अस्पताल बनाने की मांग जेवर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी से की



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बढ़ती आबादी और यहां के नागरिकों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किए जाने के लिए जनपद गौतमबुद्धनगर में सरकारी कैंसर हॉस्पिटल की स्थापना के लिए पहल शुरू कर दी है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि एनसीआर क्षेत्र में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं तथा आस-पास सरकारी कैंसर हॉस्पिटल और समय पर उपचार न मिल पाने की वजह से लोग असमय काल कवलित हो रहे हैं। साथ ही आर्थिक क्षति को भी नुकसान पहुंचता है, इससे आम आदमी आर्थिक बोझ सहन नहीं कर पता है।'

- **सरकारी कैंसर हॉस्पिटल की स्थापना के लिए विधायक धीरेन्द्र सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर भी आग्रह किया**

ज़ेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर विकास की दृष्टि से बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है और फिल्म सिटी भी प्रस्तावित है। इसलिए हमें यहां विकास के साथ-साथ यहां के निवासियों और श्रमिकों को सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करनी होंगी।

साथ ही आज उत्तर प्रदेश विधान सभा के माध्यम से भी विधायक धीरेन्द्र सिंह ने गौतम बुद्ध नगर में सरकारी कैंसर अस्पताल की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराए जाने के लिए नियम 51 के तहत व्यक्तव्य दिए जाने की मांग की है।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 13 विकास कार्यों के लिए 30 करोड़ के टेंडर निकाले



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रोड, सीवर, नाली व जलापूर्ति से जुड़े 13 कार्यों के लिए टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर ये कार्य शुरू कराए जाएंगे।

- **रोड, नाली, जलापूर्ति व सीवर सिस्टम को दुरुस्त करने पर होगा काम**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा में निर्माण व अनुरक्षण के कार्यों को तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने कई कार्यों के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन तथा कासना 6 प्रतिशत आबादी से उत्सर्जित होने वाले सीवेज को पंपिग कर एसटीपी तक पहुंचाने के लिए पंपिंग स्टेशन का निर्माण, अनुरक्षण एवं संचालन करने के लिए 4.26 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए हैं। ग्रेटर नोएडा के जोन एक के सेक्टरों व गांवों, मसलन अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, नॉलेज पार्क वन, टू, थ्री, तुगलपुर, रामपुर, नवादा आदि में तीन साल तक सीवेज सिस्टम के रखरखाव व संचालन के लिए 5.96 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं। सेक्टर म्यू टू, ज्यू टू , ओमीक्रॉन वन ए, ग्राम घोड़ी-बछेड़ा और इकोटेक 9, 10, 11 व ग्राम, सिरसा, लड़पुरा मायचा तथा सादोपुर व बादलपुर के आंतरिक सीवेज सिस्टम का तीन वर्ष तक अनुरक्षण कार्य करने के लिए 5.32 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया है।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर टेकजोन 4 व सेक्टर एक में जलापूर्ति वितरण लाइन उपलब्ध कराने व बिछाने के लिए लगभग 1.67 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किए गए हैं। इस तरह कुल 13 कार्यों के लिए लगभग 30 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरा कर नए साल से शुरुआत करने की तैयारी है।

## आईआईटी रुड़की ग्रेनो वेस्ट के गौड़ चौक पर तैयार करेगी अंडरपास का प्लान

**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। आईआईटी रुड़की की मुहर के बाद ग्रेनो वेस्ट के गौड़ चौक पर अंडरपास बनाने के लिए टेंडर निकाल दिए जाएंगे। अगले एक हफ्ते में निर्माण एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके निर्माण पर करीब 60 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गौड़ चौक का यूटर्न को खत्म करके अस्थाई समाधान का खाका तैयार किया। इसके लिए सलाहकार एजेंसी राइट्स से चौराहे का सर्वे कराया। एजेंसी ने यहां अंडरपास बनाने का सुझाव दिया। सलाहकार एजेंसी के मुताबिक, अंडरपास गौड़ चौक पर 130 मीटर रोड को क्रॉस करते हुए 60 मीटर रोड के पैरलल बनेगा। प्रताप विहार से सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के बीच वाहन इस अंडरपास से होकर गुजरेंगे। यूटर्न तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अंडरपास की डिजाइन और टेंडर को आईआईटी रुड़की से सत्यापित करा रहा है। आईआईटी ने अंडरपास में दो संशोधन के लिए सुझाव दिया है। अब इन संशोधनों के बाद आईआईटी अपनी रिपोर्ट देगा। आईआईटी की रिपोर्ट के बाद ही प्राधिकरण टेंडर निकालेगा।

- **अंडरपास के निर्माण पर होंगे 60 करोड़ रूपए खर्च, निर्माण के लिए जल्द निकलेगा टेंडर**

## राज्य मंत्री ने आईआईएमटी सीपीएल-2023 का किया शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आईआईएमटी कॉलेज की तरफसे आयोजित सीपीएल का उद्घाटन राज्य मंत्री तरूण राठी ने किया। इस दौरान तरूण राठी ने कहा कि क्रिकेट युवाओं का पसंदीदा खेल रहा है, ऐसे खेलों का आयोजन युवाओं में स्वास्थ्य का संवर्धन कर देश के गौरव को बढ़ाता है। आईएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ग्रेटर नोएडा को ऐसे कार्यक्रम निरंतर करते रहना चाहिए। पैरा ओलंपिक एथलीट एवं इंटरनेशनल मेडल विजेता सिमरन शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से राष्ट्र को प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। शिक्षण संस्थानों में ऐसे टूर्नामेंट से नई प्रतिभाओं की खोज होती है, जिससे देश के लिए एक नई पौध तैयार होती है। आईएमटी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज ग्रेटर नोएडा के प्रबंध निदेशक निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल ने कहा कि आईएमटी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, साथ ही विभिन्न ऐसी अन्य गतिविधियों को देश के निर्माण में युवाओं को तैयार करता रहेगा। इस अवसर पर आईआईएमटी ग्रुप आफ कॉलेजेज के समूह निदेशक डॉ. के.के. पालीवाल, आईएमटी कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. अभिन्न बख्शी भटनागर, विभिन्न कॉलेजों के निदेशक, डीन, विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं खिलाड़ी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

- **प्रतियोगिता में दिल्ली एनसीआर से कुल 12 टीमें प्रतियोगिता में ले रही हैं हिस्सा**

## पिज्जा के रुपए मांगने पर दुकानदार को पीटकर किया घायल, चार नामजद

**दनकौर,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में एक दुकानदार को पिज़्ज़ा के रुपए मांगने पर चार लोगों ने लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफकोतवाली पहुंचकर केस दर्ज कराया है। कस्बा निवासी प्रवीन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनकी पिज़्ज़ा की दुकान है। जहां बुधवार की देर शाम कस्बे के ही चार लोग पिज़्ज़ा खाने आए। जब आरोपियों ने पीड़ित को तय रेट के हिसाब से रुपए नहीं दिए तो पीड़ित ने उनसे मांगा। इसी बात से गुस्साए आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने एक राय होकर पीड़ित को दुकान के अंदर ही लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया। बाद में आसपास के लोगों को आता देख आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपी सुंदर, बंटी, बिट्टू और अन्नू को नामजद करते हुए केस दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## श्री दिगम्बर जैन मंदिर बीटा-दो में अट्ठारह फिट की भगवान महावीर की मूर्ति की होगी स्थापना



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। श्री दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर बीटा-2 श्री दिगम्बर जैन समाज की तरफसे परिसर में 18 फीट ऊंची भगवान महावीर की मूर्ति की स्थापना की जा रही है साथ ही अन्य मूर्तियों की भी स्थापना होगी। 3 दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी जानकारी प्रेस वार्ता में मंदिर समिति ने दी है। श्री दिगम्बर जैन समाज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित जैन और सहमंत्री अंकुर जैन ने बताया कि मंदिर परिसर में भगवान महावीर की 18 फीट ऊंची मूर्ति की स्थापना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में दिल्ली एनसीआर के साथ अन्य जगह से काफी संख्या में समाज से जुट रहे हैं। कोषाध्यक्ष निकेश जैन ने बताया कि छह दिन तक सुबह से लेकर शाम तक कई रंगारंग कार्यक्रम होंगे। मुख्य कार्यक्रम 3 दिसम्बर को आचार्य श्री निर्भय सागर की उपस्थिति में 108 घटयात्रा निकाली जाएगी, साथ ही भगवान महावीर की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। 5 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से मंदिर परिसर से घट यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें इंद्र व इंद्राणी रथ में विराजमान होंगें।

- **पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विश्व शांति यज्ञ का होगा आयोजन**

जो बीटा-एक, दो, गामा-एक जगतफार्म होते हुए मंदिर परिसर पर समाप्त होगी। इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रमोद जैन, मंत्री नीरज जैन, उपाध्यक्ष अक्षय जैन, विनोद जैन, विजय जैन मौजूद रहे।

## रक्तदान एवं अंगदान जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों व शिक्षकों में दिखा उत्साह



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में सोशल क्लब एम्स हॉस्पिटल, नई दिल्ली एवं जिम्स हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से रक्तदान एवं अंगदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिनमें लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया, जिम्स के निदेशक ब्रिग. डॉ राकेश गुप्ता ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति अपने शरीर को बिना किसी नुकसान के हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों प्रधानाचार्य दिवस पर दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। अल्फा-एक स्थित सेंट जोसफ विद्यालय में प्रधानाचार्य फादर डॉ. ऑलविन पिंटो का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले प्रार्थना गीत एवं समूह गान से हुई। इसके बाद छात्रों ने मिलकर प्रधानाचार्य के लिए एक विशेष प्रार्थना का आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ के साथ सबसे पहले प्रार्थना नृत्य, नाटक और अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों का मंचन हुआ। कार्यक्रम के बीच-बीच मंर छात्रों ने प्रधानाचार्य से कुछ मनोरंजक सवाल भी पूछे, जिनका प्रधानाचार्य ने बड़ी ही सुगमता एवं प्रसन्नता पूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया तथा छात्रों के लिए उनके विशेष स्नेह का भी वर्णन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रधानाचार्य ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि वह आज सभी के द्वारा दी गई शुभकामनाओं से अभिभूत है एवं हृदय से सबका धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## नव प्रवेशित बीएड के विद्यार्थियों का किया गया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रिंस इंस्टीट्यूट ऑफ़ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी में बीएड व डीलेड सत्र 2023- 25 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर भरत सिंह एवं मिथिलेश, आर के शाक्य निदेशक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान सभी विद्यार्थी उत्साहित नजर आए। पूर्व के छात्रों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों से अपना अनुभव शेयर किया। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ बीएड प्रथम द्वितीय व तृतीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर भरत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की और संस्थान में उनका अभिनंदन और स्वागत किया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## दांतों के आधुनिक उपचार के लिए दो दिवसीय कार्यशाला



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। आईटीएस डेंटल कॉलेज में दातों के पिछले हिस्से (दाढ़ों) के आधुनिक तरीकों से उपचार हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली एन.सी.आर. के विभिन्न संस्थानों से 60 से अधिक छात्रों और दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कोटा के सुप्रसिद्ध प्रोस्थोडोंटिस्ट डॉ. गीत विजय ने कार्यशाला में उपस्थित छात्रों और चिकित्सको को दाढों के आधुनिक तरीकों के इलाज के बारे में व्याख्यान, हैंडस ऑन एवं मरीजों के ऊपर व्यवहारिक रूप से इलाज करते हुए बताया कि पहले दॉतों के प्राकृतिक संरचना की बनावट के कारण दाढों के इलाज में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और इससे मरीजों को भी काफी तकलीफ होती है। इस आधुनिक तरीके के इलाज की विद्या से मरीजों को बहुत राहत मिलेगी और काफी विश्वसनीय तरीकों से इलाज भी संभव है। प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत राजसिंह खुराना ने बताया कि दंत चिकित्सा की इस नई विद्या से उपचार करने से मरीजों के दांतों की उम्र पहले की अपेक्षा काफी अधिक होगी तथा इलाज के दौरान मरीजों के समय के साथ-साथ कम से कम तकलीफों का सामना करना पड़ेगा। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. सचित आनंद अरोरा ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि मरीजों के अच्छे और विश्वसनीय इलाज हेतु संस्थान नियमित रूप से इस तरह के कार्यशाला का आयोजन करता रहता है।

- **विभिन्न संस्थानों के 60 से अधिक छात्रों एवं दंत चिकित्सकों ने लिया भाग**

## समधी की हत्या करने वाला आरोपी अड़तालिस घंटे में गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। बिसरख थाने की पुलिस ने शादी समारोह में अपने समधी को गोली मारकर हत्या करने वाले फरार आरोपी को को 48 घण्टे में गिरफ्तार कर लिया है, जिनके पास से हत्या में शामिल रिवाल्वर व कारतूस बरामद किया है। 27 नवम्बर को यदुवंशी फार्म हाउस ग्राम बिसरख में विनोद यादव पुत्र रनवीर सिंह की बेटी की शादी समारोह में आरोपी चन्द्र शेखर उर्फ शेखर ने अपने समधी अशोक कुमार निवासी ग्राम होशियारपुर सेक्टर-51 थाना सैक्टर 49 नोएडा को गोली मारकर हत्या कर दी थी, मृतक के पुत्र भूपेन्द्र यादव की दी शिकायत पर बिसरख थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। बिसरख थाने की पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी चन्द्रशेखर उर्फशेखर को तिगरी गोल चक्कर पर एनएच-24 की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से घटना में शामिल एक रिवाल्वर 32 बोर 7.65 मिमी जिसमें 03 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस बरामद किय है। आरोपी ने पूछताछ में बताया गया कि वर्ष 2021 में अपनी बेटी की शादी मृतक के पुत्र दिनेश यादव के साथ की थी, शादी के बाद से ही मृतक व मेरे दामाद दिनेश यादव के द्वारा आये दिन मेरी बेटी को परेशान किया जा रहा था, जिस कारण मेरी बेटी काफी दिन से मेरे पास ही रह रही थी, जिससे मैं आहत था और मेरे द्वारा कई बार समाज के सम्मानित व्यक्तियों को बैठा कर अशोक कुमार से फैसले की बात की गई, लेकिन कोई बात नहीं बनी। 27 नवम्बर को विनोद यादव निवासी बिसरख नोएडा की पुत्री की शादी में मेरे समधी अशोक कुमार अपने भाई रोहताश व उदयवीर व अपने बेटा भूपेन्द्र यादव व अन्य परिवार सदस्यों के साथ आये हुए थे, जहां समधी अशोक कुमार के परिवार वालो के साथ शादी समारोह में उसी दौरान अत्याधिक विवाद बढ़ गया जिस आरोपी ने अपने समधी के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी।

- **बेटी को परेशान किए जाने का आरोपी ने लगाया आरोप**

देशबन्धु



# { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 1 दिसम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## मौतों वाली कार्य संस्कृति

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट बतलाती है कि दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुत खराब हालात में काम करती है। स्थितियां इतनी बुरी हैं कि उनके कारण लाखों श्रमिक और कर्मचारी किसी न किसी वज़ह से दम तोड़ देते हैं, फिर वह चाहे काम का बोझ हो या कार्य स्थलों पर होता प्रदूषण। यह एक तरह से क्रूर पूंजीवाद के उसी चेहरे का प्रतिबिम्ब है जो मुनाफा कमाने के लिये अमानवीयता की तमाम सरहदें लांघता है। पिछले कुछ अरसे से पूंजी के मुकाबले श्रम की घटती महत्ता का भी यह साक्ष्य है।

आईएलओ की इस 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक काम से सम्बन्धित दुर्घटनाओं और विभिन्न तरह की बीमारियों के चलते विश्व में 30 लाख लोगों ने जान गंवाई। यह आंकड़ा साल 2000 के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा तथा 2015 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है जो यह बतलाने के लिये पर्याप्त है कि लोगों का मरना बदस्तूर जारी है। जो तथ्य प्रमुखता से सामने आया वह यह है कि मौतों का सबसे बड़ा कारण है प्रति सप्ताह 55 घंटों से अधिक समय तक की काम की अवधि का होना। अकेले इसी कारण से करीब 7.5 लाख कर्मचारियों व श्रमिकों ने प्राण खोये। ऐसे में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के उस बयान का भी स्मरण हो आता है जिन्होंने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा था कि 'अगर भारत को चीन से मुकाबला करना है तो यहां के प्रत्येक युवा को सप्ताह में कम से कम 60 घंटे काम करना चाहिये।' दुनिया जब 55 घंटे से अधिक अवधि तक काम करने का नतीज़ा बड़ी संख्या में लोगों की मौत के रूप में देख रही है, तो नारायण मूर्ति का यह बयान निष्ठुर ही कहा जा सकता है। यह पूंजीवाद का वह विद्रूप पक्ष है जिसमें कारोबारियों को लोगों की जान की परवाह नहीं होती और वे आर्थिक लाभ को ही तरज़ीह देते हैं। ये वे मौतें हैं जिनकी रिपोर्ट हुई है या जानकारियां दस्तावेज़ों तक पहुंच सकी हैं। बड़ी संख्या में ऐसे गैर-संगठित क्षेत्र के लोग हैं जो जान तो गंवाते हैं परन्तु वे घोषित आंकड़ों के हिस्से नहीं बन पाते। यह पूरी दुनिया का हाल है, लेकिन तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों में श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय व चिंतनीय है जो 21वीं सदी में हासिल की गई वैज्ञानिकता, तकनीकी विकास एवं आधुनिक प्रबंधन शैली के भी विपरीत है। एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं।

वर्गीकृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं। भारत में नोटबंदी एक ऐसा ही उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सनक व अदूरदर्शिता से उपजे इस फैसले का नतीज़ा देश ने बैंकों के बाहर लोगों की तथा बैंकों के भीतर कर्मचारियों की मौतों के रूप में देखा था। इसी प्रकार कोरोना काल में भी लोगों से लिये जा रहे काम के दौरान भी हजारों लोगों ने जानें गंवाई थीं। उत्तर प्रदेश में कोविड के दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव कराये गये थे। नौकरी खोने के डर से राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों व अधिकारियों ने दूर-दराज जाकर चुनावी ड्यूटी की थी। पर्याप्त ऐहतियात बरतने की सुविधा न होने और इलाज की अनुपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में मौतें हुई थीं।

आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार अन्य कारण तथा उनसे मरने वाले लोगों की संख्याएं इस प्रकार हैं- गैस रिसाव व आगजनी से 4.5 लाख, काम के दौरान घायल होकर 3.63 लाख, एसबेस्टस 2.09 लाख, सिलिका 42 हजार से ज्यादा, कार्य जनित अस्थमा लगभग 30 हजार, विकिरण 18 हजार, डीज़ल इंजिन एग्जास्ट 14700, अर्सेनिक 7600 एवं निकल से 7300। जो सेक्टर सर्वाधिक खतरनाक माने गये हैं और जिनमें सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें खनन, विनिर्माण, बिजली तथा प्राकृतिक गैस हैं। इस रिपोर्ट पर सिडनी में चल रही 23वीं कांग्रेस में चर्चा होगी जिसमें सुरक्षित कार्य पद्धति विकसित करने सम्बन्धी उपाय सुझाए जायेंगे। काम के दौरान घायल होने वालों की संख्या तो करोड़ों में है जो यह बतलाता है कि कामकाजी जनता के लिये सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह रिपोर्ट ऐसे वक्त पर आई है जब भोपाल गैस त्रासदी के करीब 40 साल पूरे होने जा रहे हैं। 2 व 3 दिसम्बर, 1984 की मध्य रात्रि को यहां स्थित यूनियन कार्बाइड के संयंत्र से 45 टन मिथाइल आईसोसाइनेट का रिसाव हुआ था। इससे 15 से 20 हजार लोग मारे गये थे और करीब 6 लाख लोगों पर उसका प्रभाव पड़ा था। इनमें बड़ी तादाद में सामान्य जनता के अलावा संयंत्र के कर्मचारी थे जो या तो कार्यरत थे अथवा आसपास ही रहते थे। बेशक मरने वाले गैर कर्मचारी अधिक हैं परन्तु यह बतलाने के लिये ये आंकड़े पर्याप्त हैं कि कर्मचारियों को किन हालात में काम करना पड़ता है। इस त्रासदी को अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के रूप में निरूपित किया जाता है।

कारखानेदारों की औद्योगिक सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर खर्च न करने की प्रवृत्ति से काम करने वालों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। शासकीय विभाग एवं नियामक एजेंसियां भी इस ओर ध्यान नहीं देतीं। संवेदनहीन सरकारी मशीनरी व सरकारें सर्वहारा की बजाये पूंजीपतियों की पक्षधर होती हैं जिसका परिणाम यह मौतों वाली कार्य संस्कृति है।

# खेल में खनकती पूंजी

विश्वकप क्रिकेट में कमेंटरी करने भारत आए पूर्व आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग की यह टिप्पणी अभी भी सोशल मीडिया पर चर्चा और विवाद का विषय बनी है कि आस्ट्रेलिया की फाइनल की जीत 'क्रिकेट माफिया के खिलाफ न्याय की जीत है।' उनका इशारा ही नहीं, साफ कहना है कि क्रिकेट पर माफिया काबिज है, वही अधिकांश फैसले कराने लगा है और आस्ट्रेलिया ने अपने खेल के दम पर इस क्रम को पलटा है। इस बयान से उन लोगों की बाछें खिल गई हैं जो गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय क्रिकेट प्रशासन पर हावी जमात के आलोचक रहे हैं।

यह आलोचना अभी से नहीं डालमिया, बिन्द्रा और पवार राज के दिनों से हो रही है और इधर यह शोर बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर भारतीय क्रिकेट और क्रिकेट प्रशासन का दबदबा बढ़ा है-निश्चित रूप से बढ़ा है, भारत की मर्जी के खिलाफ ज्यादा उल्टा फैसला होना बंद हुआ है। ऐसा भारत में क्रिकेट के बढ़ने, लोकप्रिय होने और क्रिकेट में बाजार की तरफ से भारी पैसा आने की वजह से ज्यादा हुआ है, किसी माफिया के चलते उतना नहीं। स्वयं पोंटिंग से लेकर आस्ट्रेलिया के ही नहीं, दुनिया के सारे बड़े खिलाड़ियों का 'इंडियन प्रीमियर लीग' (आईपीएल) में खेलने को लालायित रहना इसका ही प्रमाण है।

जब से यह बदलाव हुआ है तब से भारत का माफिया प्रभावी हुआ हो या नहीं, भारतीय क्रिकेट प्रशासकों का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़े फैसलों पर दबदबा बना है या नहीं, लेकिन इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के क्रिकेट प्रशासकों का दबदबा खत्म जरूर हुआ है। भारत ही नहीं तीसरी दुनिया के कमजोर देशों के क्रिकेट प्रशासकों और खिलाड़ियों को उस दबदबे के चलते क्या-क्या भुगतना पड़ा है इसका किस्सा लिखना शुरू हो तो पूरा पुराण बन जाएगा। अपने अनुकूल पिच बनाने जैसी आलोचना तो बहुत ही हल्की है।

अब ऐसा भी नहीं है कि क्रिकेट प्रशासन बहुत लोकतान्त्रिक ढंग से चलता हो या वहां सारा कुछ पाक-साफ ही हो। इस बार ही आयोजन स्थल, मैदान, खेल के दिन से लेकर टिकट की ब्लैकमेलिंग और होटल या विमान भाड़ा तक में जो-जो हुआ उसे 'हेल्दी हैबिट' तो कदापि नहीं कहा जा सकता। खिलाड़ियों से ज्यादा क्रिकेट प्रशासकों की अय्याशी की भी चर्चा खेल के लिए स्वस्थ नहीं है। क्रिकेट के प्रसारण राइट्स की कहानी भी गंदली है और दर्शक बढ़ने का ज्यादा लाभ खिलाड़ी और प्रशासन की जगह बाजार उठाता जा रहा है।

इसी का प्रमाण है कि भारत के अंदर भी नेट के जरिए मैच देखने/दिखाने का कारोबार सामान्य टीवी प्रसारण से अलग किया गया है। तब भी वहां साढ़े पांच करोड़ तक दर्शक पहुंचे ही नहीं हैं, ज्यादा समय तक क्रिकेट देखने का रिकार्ड भी दर्ज हो रहा है। दसियों भाषाओं में कमेंटरी हो रही है। दस सेकेंड के विज्ञापन का रेट तीस लाख रुपए तक पहुंचने की चर्चा है। एक फ़ोटो इस्तेमाल करने की कीमत चुकानी पड़ती है।

क्रिकेटरों के बल्ले से लेकर वर्दी तक पर कितनी कंपनियों के विज्ञापन का बोझ होता है इसकी गिनती मुश्किल हो गई है। कैमरा कहां फोकस करे इसको लेकर झगड़ा होता है। क्रिकेट दिखाने का सामान्य शिष्टाचार पीछे चला गया है। बाजार और ब्रांड के अलावा पर्सनल खुराक और ट्रेनर भी ब्रांड बनाते जा रहे हैं। कमेंटेटरों तक को मिलने वाले पैसे आंख फाड़ने वाले हैं, उपहार और अन्य सुविधाओं का तो हिसाब ही अलग है।

अलबत्ता, क्रिकेट प्रसारकों को भारत के फाइनल में हारने से ही नहीं, धमाकेदार ढंग से लगातार दस मैच जीतकर फाइनल पहुंचने से भी शिकायत रही है। भारतीय गेंदबाज इस बार फाइनल के अलावा लगभग सभी मैचों में सफल रहे और पूरे पचास ओवर की जगह छब्बीस, सत्ताईस ओवर में ही विपक्षी दल को समेट देते थे। विपक्ष के कम स्कोर को धमाकेदार भारतीय बल्लेबाज पचीस-तीस ओवर में ही पूरा कर लेते थे। ऐसा प्रतियोगिता के ज्यादातर मैचों में हुआ और नजदीकी मुकाबले देखने के लिए दर्शक भी तरसे। ऐसे मुकाबलों में बाजार के लोगों को विज्ञापन के लिए कम समय मिलता है। अगर पचास ओवर की पारी चालीस ओवर से पहले निपट जाए तो 7000 से लेकर 7500 सेकेंड के विज्ञापन समय का नुकसान होता है। यह समय 'कीमती' है और यह नुकसान बड़ा।



अरविन्द मोहन

विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए।

जब विश्वकप और उससे पहले हुए एशिया कप के मुकाबलों (वैसे यह टूर्नामेंट बारिश के चलते बहुत बाधित हुआ) ने श्राद्ध-पक्ष में भी टीवी की रिकार्ड बिक्री से धमाकेदार शुरूआत करा दी थी तो बाजार की उम्मीद काफी होना स्वाभाविक है। उसने बेमौसम कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ाने का अनुभव किया तो कोल्ड ड्रिंक के नए विज्ञापन ही नहीं बढ़े, दो-तीन ब्रांड भी बहुत धूम-धड़ाके से लांच कर दिए गए। इस बार स्टेडियम ही नहीं सड़कों पर भी भारतीय जर्सी का रंग छाया रहा, पर उससे ज्यादा सड़क के किनारे सस्ते ब्रांड और आनलाइन बिक्री में ब्रांडेड माल की धूम रही। देश में सौ करोड़ की एक ब्रांड की जर्सी बिकने का अंदाजा है। आनलाइन बुकिंग में आठ-नौ गुना तक ज्यादा मांग आई है, पर कहना होगा कि फाइनल की हार ने इस धूम-धड़ाके पर रोक ही नहीं लगाई, इसकी चर्चा भी बंद करा दी है।

इन ब्रांडों से ज्यादा नुकसान क्रिकेट को यहां तक पहुंचाने वाले खिलाड़ियों की कमाई में हो गया लगता है। जिस विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बल्ले से धूम मचाई, उनका ब्रांड मूल्य या विज्ञापनों की संख्या में ज्यादा वृद्धि का अनुमान नहीं है। यह तब है जब विराट ने अपनी पुरानी मार्केटिंग कंपनी से करार तोड़कर नई कंपनी से करार किया था जिससे नए रेट पाने में आसानी होगी। वैसे अकेले उनकी ही कमाई डेढ़ हजार करोड़ के करीब है।

बाकी तो इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा धूम मचाने वाले मोहम्मद समी को अभी तक कोई बड़ा ब्रांड नहीं मिला है और बाजार के जानकार मानते हैं कि उनको ज्यादा ब्रांड ही नहीं, ज्यादा रेट मिलने की भी उम्मीद नहीं है। उनको पहले 40 से 50 लाख रुपए प्रति ब्रांड मिलता था जो अब एक करोड़ तक पहुंच सकता है, जबकि बड़े खिलाड़ी और सिनेस्टार दस करोड़ तक पाते हैं। अब पोंटिंग को भारतीय क्रिकेट प्रशासकों पर टिप्पणी करने की सूझी, लेकिन उनको बाजार का यह खेल, यह दादागिरी, यह माफियागिरी समझ आती भी है या नहीं यह कहना कठिन है। वे इससे कहां अलग हैं, यह समझना तो और भी मुश्किल है। (सप्रेस)

# खनिज तेल आपूर्ति में कटौती का सवाल, सभी निगाहें ओपेक की बैठक पर

■ के रवीन्द्रन

तेल बाजार इस सप्ताह आगामी ओपेक+ बैठक के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जिसकी 26 नवम्बर की बैठक को आंतरिक समस्याओं के कारण स्थगित करना पड़ा था। यह बैठक उत्पादक और आयातक दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से इस आकलन के बीच कि एक नये उत्पादन में कटौती पर समझौता चुनौतीपूर्ण होने वाला है? हालांकि ओपेक की बैठकें पहले भी स्थगित की जा चुकी हैं, लेकिन यह पहली बार है कि यह स्थगन इतने दिनों तक चला है।

स्थगन के कारण ही कच्चे तेल की कीमतों में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। सप्ताह की शुरुआत में क्रूड की कीमतें लगभग 74.70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रही थीं, जबकि ब्रेंट क्रूड गिरकर लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था। मामूली वृद्धि दर्ज करने के बाद, सप्ताहों में इस तरह की पहली बढ़ोतरी, ओपेक+ द्वारा अफ्रीकी देशों में उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मंत्री स्तरीय बैठक को 30 नवंबर तक स्थगित करने के बाद सप्ताह के मध्य में कीमतों में गिरावट आई।

यह स्थगन ओपेक+ समूह के भीतर उत्पादन में कटौती के समझौते पर पहुंचने में कठिनाइयों का संकेत देता है। प्रत्येक सदस्य देश 2024 में कीमतों का समर्थन करने के लिए उत्पादन में कमी करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है, लेकिन सवाल यह है कि आपूर्ति में कटौती का बोझ कैसे साझा किया जाये। यह माना जाता है कि आगे की कटौती के बिना, कीमतें 2024 तक 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहेंगी।

जून 2023 में तय किये गये 2024 उत्पादन कोटा में 23 सदस्य देशों में से नौ के लिए कम उत्पादन लक्ष्य शामिल था, जो रूस, नाइजीरिया, अंगोला, मलेशिया, अजरबैजान, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो, ब्रुनेई और सूडान हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन देशों के लिए कम उत्पादन कोटा स्वीकार करना भी मुश्किल होगा।

हालांकि, चुनौतियों के बावजूद, तेल बाज़ार विशेषज्ञ रिस्टैड एनर्जी को उम्मीद है कि ओपेक + आगामी बैठक में उत्पादन कम करने के समझौते पर पहुंचेगा। इसमें संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे सदस्यों से आगे स्वैच्छिक कटौती शामिल हो सकती है। वहीं, रिस्टैड गतिरोध की संभावना से इनकार करने को तैयार नहीं हैं।

इस बात को लेकर काफी उम्मीदें हैं कि सरगना सऊदी अरब प्रतिदिन 1 मिलियन बैरल (बीपीडी) की स्वैच्छिक कच्चे तेल उत्पादन में कटौती पर क्या निर्णय लेता है। चाहे वे कोई भी रास्ता अपनाएं, उत्पादन में कटौती पर सऊदी अरब का निर्णय अंततः वैश्विक तेल कीमतों के अल्पकालिक भविष्य को आकार देगा।

राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

सऊदी अरब ने उस बैठक के मौके पर अपनी स्वैच्छिक कटौती की घोषणा की, शुरुआत में जुलाई के लिए 1 मिलियन-बीपीडी उत्पादन कटौती की प्रतिबद्धता जताई। इसके बाद इसे मासिक आधार पर अगस्त और सितंबर तक बढ़ा दिया गया, जबकि सितंबर की शुरुआत में, रियाद ने इस साल के अंत तक विस्तार की घोषणा की। तेल बाजार यह देखना चाहेंगे कि क्या सऊदी अरब इन कटौती को 2024 तक बढ़ाता है या वह इन्हें धीरे-धीरे कम करना चाहता है या इस साल के अंत में इन्हें समाप्त होने देता है। चाहे जो भी हो, सऊदी अरब के फैसले का तेल बाजारों और विशेष रूप से अगले साल तेल की कीमत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

रिस्टैड एनर्जी का मानना है कि सऊदी स्वैच्छिक कटौती को 2024 तक नहीं बढ़ाया जायेगा, क्योंकि आपूर्ति में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है, जो अगले साल की पहली तिमाही के लिए संतुलित बाजार का संकेत है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरी तिमाही में 600,000 बीपीडी से अधिक का बाजार अधिशेष दिखाई दे रहा है। आगे बढ़ते हुए, अगले वर्ष की दूसरी छमाही में लगभग 450,000 बीपीडी की कमी होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, रिस्टैड को उम्मीद है कि इस साल लगभग 1.2 मिलियन के महत्वपूर्ण घाटे की तुलना में 2024 में तेल बाजार काफी संतुलित रहेगा।

राज्य आपूर्ति को सीमित करके कीमतें ऊंची रखने की इच्छा को इस ज्ञान के साथ संतुलित कर रहा है कि ऐसा करने से समग्र बाजार हिस्सेदारी में और गिरावट आयेगी। हाल की कीमत में गिरावट इस बात का संकेतक हो सकती है कि ओपेक बैठक में क्या उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि सऊदी ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि उनका मूल्य स्तर 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर है।

हाल के सप्ताहों में तेल की कीमत पर गिरावट का दबाव बढ़ गया है, अत्यधिक आपूर्ति की चिंताओं के कारण भारी बिकवाली के कारण कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर गई हैं। यह अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हुए इज़राइल-हमास संघर्ष के फैलने के ठीक बाद तेल की कीमत के स्तर से काफी नीचे है, जब कीमतें लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। मंदी की उम्मीदों को और अधिक बल दे रहे हैं, हाल के आंकड़े, जिससे पता चलता है कि अमेरिकी वाणिज्यिक कच्चे माल की सूची पिछले चार हफ्तों में बढ़ी है और अब यह 440 मिलियन बैरल है, जो एक महीने पहले 420 मिलियन बैरल से अधिक था।

रिस्टैड विश्लेषण से पता चलता है कि, ऐसे परिदृश्य में जहां सऊदी अरब स्वैच्छिक कटौती का विस्तार नहीं करता है, बाजार में मंदी बढ़ेगी और अगले साल तेल की कीमत औसतन 80 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा ऊपर होगी। दूसरे छोर पर, यदि सऊदी अरब अप्रैल 2024 तक स्वैच्छिक कटौती बढ़ाता है और फिर धीरे-धीरे उन्हें कम करता है, तो 2024 में कीमत औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल होगी। आईएमएफ का नवीनतम अनुमान सऊदी तेल के लिए 86 डॉलर प्रति बैरल की ब्रेकईवन कीमत का सुझाव देता है। इसका मतलब यह होगा कि सऊदी अरब को उस मूल्य स्तर को हासिल करने के लिए, कम से कम जून 2024 तक बाजार हिस्सेदारी देना जारी रखना होगा।

## पावन प्रसंग

### सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है

हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना, कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है। आज का आदमी काम से नहीं, दाम से मतलब रखता है।

लौंकाशाह श्रावक ही थे, पर उनका आत्मबल अत्यन्त प्रखर था। वे तत्वज्ञ थे। साथ ही उनके जीवन में व्रतों की तेजस्विता एवं निर्मलता थी। संयम-साधना के क्षेत्र में विकृतियों का पोषण उन्हें ठीक नहीं लगा। धर्म और संयम के क्षेत्र में जो आडम्बर खुलकर चल रहे थे, उन्हें दूर करने के लिए उन्होंने सिंहनाद किया। उनके सिंहनाद में सत्य का बल था, किसी भी व्यक्ति या परम्परा विशेष के प्रति दुर्भाव नहीं था।

व्यक्ति जब सत्य का आश्रय लेकर चलता है तो उसका प्रभाव होता ही और ऐसा ही हुआ। कहा जाता है कि लौंकाशाह के सिंहनाद से यतियों के द्वारा की जा रही विकृत स्थापनाओं पर विराम लगने लगा, पर लौंकाशाह को कदम-कदम विरोध का सामना भी करना पड़ा। लौंकाशाह की प्रेरणा से अनेकों गृहस्थों ने दीक्षा ग्रहण की। अनेकों यतियों ने अपनी विकृत मान्यताओं में परिष्कार किया। समय आने पर स्वयं लौंकाशाह ने अपने अनेकों साथियों के साथ धर्म और परम्परा की रक्षा के लिए संयम ग्रहण कर लिया। आध्यात्मिक जगत में तेजस्वी क्रान्ति आई। गुजरात, राजस्थान प्रान्त में लौंकाशाह ने सघन विचरण किया। कई दुर्मतिजन लौंकाशाह के प्रभाव को सहन नहीं कर पाए। फलस्वरूप अलवर में तपस्या के पारणक में विष मिश्रित आहार उन्हें दे दिया गया एवं वहीं पर लौंकाशाह दिवंगत हो गए। लौंकाशाह ने प्राणों का उत्सर्ग पसन्द किया। उनका स्पष्ट अभिमत था- मैं असत्य और पाखण्डों का पक्षधर एक क्षण के लिए भी नहीं बन सकता।

पूर्णिमा का दिन चातुर्मास की समाप्ति का दिवस है। आज का दिन अत्यन्त महिमापूर्ण दिन है। अनेक सत्पुरुषों का सम्बन्ध इस दिन के साथ जुड़ा है। आज के दिन अनेक महान आत्माओं ने जन्म लिया और हमारे आदर्श बनें। उनका पुण्य स्मरण हमारे मन में नई प्रेरणा और स्फूर्ति का संचार करता है। हमारी समग्र संस्कृति पर उनका उपकार है। उपकारी जनों के उपकारों को याद करना कृतज्ञता है। सत्पुरुषों का मंगल स्मरण करके मानवता के हित में कुछ विशिष्ट संपादित करने का उत्तम दिवस है। सत्पुरुषों से हमारी संस्कृति गौरवान्वित है। हम इन सभी का आस्था और आदर के साथ स्मरण कर रहे हैं। इन सत्पुरुषों के द्वारा निर्दिष्ट पथ गतिशील करके जीवन को भव्यता प्रदान करने का प्रयत्न करें। जीवन सद्गुणों से ही सुसज्जित बनता है।

लौंकाशाह जैसे महान साधकों हम कभी भी भुला नहीं सकते। जैन परम्परा, गौरवशाली परंपरा है। इस परम्परा की प्राचीनता एवं उपादेयता असंदिग्ध है। इस महान परंपरा को सत्पुरुषों ने गौरवान्वित किया है पर स्वयं इसमें सुई भर संशय नही है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### आर्टिफिशियल इटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती

डीपफेक ऐसे वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके हेरफेर किया जाता है, ताकि यह प्रतीत हो सके कि कोई कुछ ऐसा कह रहा है या कर रहा है जो उन्होंने कभी नहीं किया। यह दूरगामी प्रभावों के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी खतरे के रूप में उभरा है। कहते हैं इनफार्मेशन टेक्नालॉजी के इस युग में डेटा ही तेल सामान है, मतलब उसका महत्व बहुत ज्यादा है, और बिना डेटा के कोई भी काम होना बहुत कठिन हो गया है। जैसे-जैसे डेटा का उपयोग बढ़ रहा है, उसके शोधन के तरीके भी बढ़ रहे हैं, वहीं ऐसी टेक्नालॉजी भी आ गयी हैं जो आपके डेटा का इस्तेमाल कर कई प्रकार के हैरतअंगेज कार्य कर सकती है। ऐसी ही टेक्नालॉजी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसने तकनीकी दुनिया को हमेशा के लिए बदल डाला है। गूगल बार्ड जैसे टूल्स आश्चर्जनक जानकारियों का खजाना बन गए हैं, जो रिसर्च, एजुकेशन, प्रोडक्टिविटी को अलग स्तर पर ले गए हैं, वहीं न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग ने सेल्स, मार्केटिंग, सोशल मीडिया, और एंटरटेनमेंट जैसे क्षेत्रों को बदल डाला है।

भारतीय चिंतन और अध्यात्म का, विश्वदृष्टि का प्रचार करने के लिए भारत को अपने स्वयं के एआई एल्गोरिदम विकसित करने और प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। एआई पूर्वाग्रह का मुकाबला करने का शायद यही एकमात्र तरीका है। यदि भारत विरोधी ताकतें वास्तव में अपने स्वयं के पूर्वाग्रहों को प्रचारित करने के लिए एआई का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही हैं, तो हमें एआई का अपना संस्करण बनाने की जरूरत है जो भारत समर्थक हो। कई हित समूहों और हितधारकों द्वारा बढ़ती मध्यस्थता वाली दुनिया में, ज्ञान अब उदासीन नहीं रह सकता है। हमें एआई के निष्क्रिय उपभोक्ताओं और बड़ी तकनीकी कंपनियों की सफेदपोश कार्यबल के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ कर सोचना होगा, और लगातार विकसित हो रहे एआई विमर्श में सक्रिय खिलाड़ी बनना ही पड़ेगा।

डीपफेक हमारे डिजिटल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करते हैं, हालांकि वे नवाचार और सहयोग का अवसर भी पेश करते हैं। तकनीकी प्रगति, कानूनी ढांचे और सार्वजनिक जागरूकता के संयोजन से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं, जहां डीपफेक कम हानिकारक और अधिक जवाबदेह होंगे। निष्कर्षतः मुख्य रूप से एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता है, जो इस उभरते खतरे के तकनीकी, कानूनी और नैतिक आयामों को संबोधित करता हो।

भारत में डीपफेक के पीड़ितों के लिए कानूनी उपाय देखे तो सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म कानूनी रूप से साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों को संबोधित करने और 36 घंटों के भीतर डीपफेक सामग्री को हटाने के लिए बाध्य हैं। साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए पीड़ित राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) में शिकायत दर्ज कर सकते हैं और साइबर वकील से सहायता ले सकते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 जालसाजी और झूठी सूचना के प्रसार सहित साइबर अपराध अपराधों से संबंधित है।

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## इजरायल गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

**यरुशलम।** इजरायल में गुरुवार सुबह हुई गोलीबारी में दो बंदूकधारियों सहित करीब पांच लोग मारे गए। पुलिस और आपातकालीन सेवा कर्मियों ने आज यह जानकारी दी। इज़रायल पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो बंदूकधारियों ने यरुशलम के प्रवेश द्वार पर एक बस स्टॉप पर गोलीबारी की। दोनों मौके पर ही मारे गए। स्थानीय मीडिया ने आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम के हवाले से कहा कि एक महिला (24) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो बुजुर्ग पीड़ितों की अस्पताल में मौत हो गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने किया स्पष्ट

# अमेरिका के आरोपों पर जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करेगा भारत

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत ने अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के कथित प्रयास को लेकर अमेरिका के बयानों को लेकर आज फिर कहा कि उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के बारे में विशेष ब्रीफिंग में अमेरिका एवं पन्नू को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूकधारियों, आतंकवादियों और अन्य चरमपंथियों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसे इनपुट को बहुत गंभीरता से लेते हैं और मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं को देखने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। जांच समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक समुचित कार्रवाई की जाएगी। श्री बागची ने कहा कि जहां तक अमेरिकी अदालत में ??एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें कथित तौर पर उसे एक भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है, यह चिंता का विषय है। हमने कहा है कि यह सरकारी नीति के भी विपरीत है। संगठित अपराध, तस्करी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चरमपंथियों के बीच हथियारों की खरीद फरोख्त कानून प्रवर्तन एजेंसियों और संस्थाओं को विचार करने के लिए एक गंभीर मुद्दा है। यही कारण है कि एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है और हम इसके परिणामों के आधार पर कदम उठाएंगे।

## सीओपी-28 में भाग लेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (सीओपी-28) में भाग लेने के लिए आज रात संयुक्त अरब अमीरात के सबसे बड़े शहर दुबई जा रहे हैं जहां वह कई विश्व नेताओं से द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि श्री मोदी आज रात यूएई के लिए रवाना होंगे जहां कल वह सीओपी-28 में भाग लेंगे। इससे पहले वह जुलाई में यूएई गये थे। श्री क्वात्रा ने कहा, श्री मोदी कल शाम को भारत लौटने से पहले कल, एक दिसंबर को शिखर सम्मेलन के कार्यक्रमों में भाग लेंगे... सीओपी-28 में प्रधानमंत्री की भागीदारी के संदर्भ में, वह विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपना संबोधन देंगे। विदेश सचिव ने कहा कि सीओपी-28 में अपने संबोधन के अलावा, प्रधानमंत्री तीन उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे, जिनमें से दो की सह-मेजबानी भारत द्वारा की जा रही है।

## जापान ने अमेरिका से उड़ान सुरक्षा की पुष्टि करने का किया आग्रह

**टोक्यो,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। पश्चिमी जापान का सैन्य विमान ऑस्प्रे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जापान ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि ऑस्प्रे उड़ानों को संचालित करने से पहले इन उड़ानों की सुरक्षित होने की पुष्टि करें। जापानी रक्षा मंत्री ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मिनोरू किहारा ने संसद में कहा, इस तरह की दुर्घटना की घटना से क्षेत्र के लोगों में बहुत चिंता पैदा होती है। और हम अमेरिकी पक्ष से अनुरोध कर रहे हैं कि इन उड़ानों के सुरक्षित होने की पुष्टि होने के बाद जापान में तैनात ऑस्प्रे की उड़ानें संचालित की जाएं। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तारो यामातो ने संसदीय सुनवाई में बताया कि फिलहाल, जापान की ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स अपनी ऑस्प्रे उड़ानें निलंबित कर देगी। जापान स्थित अमेरिकी ऑस्प्रे सैन्य परिवहन विमान बुधवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप याकुशिमा के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जापान तट रक्षक के अनुसार, इस दुर्घटना में एक बेहोश व्यक्ति समुद्र में पाया गया और बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। तटरक्षक प्रवक्ता काज़ुओ ओगावा ने कहा कि दुर्घटना का कारण और उसमें सवार सात अन्य लोगों की स्थिति का तुरंत पता नहीं चल पाया है। जापान के तट रक्षक और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। अमेरिकी वायु सेना ने कहा कि सीवी-22 टिल्ट-रोटर परिवहन विमान नियमित प्रशिक्षण के दौरान 'दुर्घटना' का शिकार हो गया, इसमें आठ वायुसैनिक सवार थे। जापान तट रक्षक ने शुरू में कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त ऑस्प्रे में आठ चालक दल सवार थे।



## सुडोकू 6392

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 1 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 4

### राशिफल

मेष - किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। विचारों में शीघ्र ही परिवर्तन होगा।

वृषभ - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा। आप आज के दिन का अधिकांश भाग निवेश की योजना बनाने में लगे रहेंगे।

मिथुन - आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे। उत्तम भोजन और वस्त्र की सुविधा भी आप को मिलेगी।

कर्क - आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें। किसी तरह का कन्फ्यूजन ना हो, इसका ध्यान रखें।

सिंह - आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा।

कन्या - आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे। दोपहर के बाद आपमें किसी बात का कन्फ्यूजन रहेगा।

तुला - आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक - आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

धनु - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा।

मकर - बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ - कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है। परंतु दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहेगा। अपूर्ण काम पूरे होंगे।

मीन - आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है। पेट के रोग दूर हो सकते हैं। आज विद्यार्थियों के लिए लाभकारी दिन है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पुतिन ने किसिंजर के निधन पर जताया शोक

**मॉस्को,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अमेरिका विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। समकालीन राजनीतिक विमर्श और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जाने जाने वाले श्री किसिंजर का बुधवार को अमेरिका के कनेक्टिकट प्रांत में स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, प्रिय श्रीमती किसिंजर, कृपया अपने पति हेनरी किसिंजर निधन पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें।एक उत्कृष्ट राजनयिक, एक बुद्धिमान और दूरदर्शी राजनेता, जिन्होंने कई दशकों तक दुनिया भर में अच्छी तरह से योग्य अधिकार का आनंद लिया।श्री किसिंजर का नाम एक व्यावहारिक लाइन से जुड़ा है, जिसने अमेरिका के साथ शांति स्थापित करना और महत्वपूर्ण समझौतों तक पहुंचना संभव बना दिया है।

# वतन लौटे हमास के बंधन से मुक्त हुए थाईलैंड के 17 नागरिक

### हमास ने अब तक 70 इजरायली महिलाओं व बच्चों को रिहा किया है

**बैंकॉक,** 30 दिसम्बर (एजेंसियां)। थाईलैंड के 17 नागरिक लगभग 50 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद वतन लौट आए हैं। इन लोगों की रिहाई उस समझौते से अलग हुई है, जिसके तहत हमास ने अब तक 70 इजरायली महिलाओं और बच्चों को रिहा किया है। इन लोगों की रिहाई और संघर्ष विराम के विस्तार से अब हमास के कैद से थाईलैंड के शेष नौ निवासियों की रिहाई की उम्मीद जगी है। हमास ने सात अक्टूबर का इजरायल में हमला करके 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें 39 थाईलैंड के नागरिक थे। पिछले दो दिनों के दौरान हमास ने थाईलैंड के छह



नागरिकों को रिहा की है, जो चिकित्सीय जांच के लिए अभी इजरायल में हैं, लेकिन जिन अन्य लोगों को मुक्त कराया गया वे साथ थाईलैंड के विदेश मंत्री पारनप्री बहिधा-नुकारा के साथ वतन लौट आए। वे गुरुवार शाम को बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्य उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

## इजरायल ने की संघर्ष विराम बढ़ाने की पुष्टि

**यरूशलम।** इजरायल के सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी में हमास के साथ संघर्ष विराम अवधि को बढ़ाये जाने की गुरुवार सुबह पुष्टि की। मौजूदा संघर्ष विराम समझौते की समाप्ति से काफी पहले आईडीएफ द्वारा जारी एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, बंधकों को रिहा करने की प्रक्रिया जारी रखने के मध्यस्थों के प्रयासों और रूपरेखा की शर्तों के अधीन परिचालन विराम जारी रहेगा। हालांकि बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि संघर्ष विराम कितने दिनों तक चलेगा। दूसरी ओर हमास की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संघर्ष विराम आज सुबह समाप्त होना था, लेकिन इसे एक दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है।

# ट्रम्प चौथी रिपब्लिकन प्राथमिक बहस में भी नहीं होंगे शामिल

**वाशिंगटन,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह अलबामा में होने वाली चौथी रिपब्लिकन प्राथमिक बहस में भाग नहीं लेंगे और इसके बजाय एमएजीए इंक के लिए धन जुटाने के लिए फ्लोरिडा के हॉलैंडेल बीच में एक धन संचयन कार्यक्रम में भाग लेंगे। सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (पीएसी) व्हाइट हाउस के लिए उनकी 2024 की उम्मीदवारी का समर्थन कर रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, चुनावों में अच्छी बढ़त का हवाला देते हुए ट्रम्प ने रिपब्लिकन की तीन बहसों में से किसी में भी भाग नहीं लिया। इसके बजाय, पूर्व राष्ट्रपति ने यूनियन की



■ पीएसी उनकी 2024 की उम्मीदवारी का कर रही है समर्थन

हड़ताल के बीच डेट्रॉइट में ऑटोकर्मियों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया और फ्लोरिडा में एक प्रतिस्पर्धी रैली आयोजित की।

इस सप्ताह की शुरुआत में समर्थकों को एक टेक्स्ट संदेश में, ट्रम्प के अभियान ने वीआईपी रिसेप्शन की घोषणा की और प्राप्तकर्ताओं से कहा कि यदि वे दान करते हैं, तो उन्हें 6 दिसंबर को तीसरी बहस के दिन एक रिसेप्शन में पूर्व राष्ट्रपति से मिलने के लिए स्वचालित रूप से प्रवेश दिया जाएगा।


इस महीने की शुरुआत में, ट्रम्प के अभियान ने रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) से भविष्य की सभी बहसों को रद्द करने का आह्वान किया।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, भले ही पूर्व राष्ट्रपति चार अभियोगों में 91 आपराधिक मामलों से जूझ रहे हैं, फिर भी वह राष्ट्रीय और प्रारंभिक राज्य मतदान दोनों में रिपब्लिकन प्राइमरी में सबसे आगे हैं।

## कजाकिस्तान के अल्माटी में छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत

**अस्ताना,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। कजाकिस्तान के अल्माटी में गुरुवार को एक छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन विभाग ने एक बयान में यह जानकारी दी। विभाग ने कहा कि आग तीन मंजिला आवासीय इमारत के बेसमेंट में लगी थी। इस इमारत की पहली मंजिल और बेसमेंट में छात्रावास चलाया जा रहा था। आग लगने की सूचना मिलने के तुरंत बाद आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं और देखा कि आग पहले ही इमारत के बेसमेंट को अपनी चपेट में ले चुकी है। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मौतें कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण हुईं। अल्माटी सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने बाद में बताया कि दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के समय छात्रावास में 72 लोग थे, जिनमें से 59 बाहर निकलने में कामयाब रहे।

## वर्ग पहेली 6392




**बायें से दायें:-**

१. सुध-बुध खोया हुआ जिसे होशहवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आह्लादकारक, आनंदकारक, पास्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, ज़रूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, व्यक्त होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कस कर बांधना
१८. शराब
१३. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक श्रम के शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6391



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1640 - स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तग़ाल स्वतंत्रत हुआ।
1933 - कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
1959 - अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
1963 - नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
1974 - वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
1976 - अंगोला संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
1976 - बंगलादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
1987 - अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
1988 - पाकिस्तान में आपातकाल की समाप्ति तथा राष्ट्रपति गुलाम इशहाक ख़ान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
1988 - बंगलादेश में चक्रवात से 596 लोगों की मौत हुई, पांच लाख लोग बेघर हुए।
1991 - एड्स जागरूकता दिवस की शुरुआत हुई।
1992 - दक्षिण कोरिया एवं दक्षिण अफ़्रीका में राजनयिक संबंध स्थापित।
1997 - चेचेन्या को विदेशी नागरिकों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया।
2000 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर शस्त्र प्रतिबंध का समर्थन किया।
2001 - अफ़ग़ानिस्तान कंधार एयर पोर्ट पर तालिबान विरोधी कबालियों का कब्ज़ा।
2002 - आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड से लगातार आठवीं बार एशेज टेस्ट श्रृंखला जीती।

**परेशानी** डेनमार्क व नीदरलैंड निमोनिया के प्रकोप की रिपोर्ट करने वाले देशों में शामिल

# चीन के बाद दूसरे देशों में भी फैली निमोनिया महामारी

**नई दिल्ली, 30 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के बाद डेनमार्क और नीदरलैंड बच्चों में निमोनिया के प्रकोप की रिपोर्ट करने वाले नए देशों में शामिल हो गए हैं। एक संक्रामक रोग समाचार ब्लॉग, एवियन फ़्लू डायरी पर एक पोस्ट से पता चला है कि माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण महामारी स्तर तक पहुंच गया है। इसमें वृद्धि गर्मियों में शुरू हुई लेकिन पिछले पांच सप्ताह में काफी बढ़ गई है। डेनमार्क के स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट के अनुसार, यह संख्या अब इतनी अधिक है कि यह एक महामारी है।**

स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ शोधकर्ता हेने-डोर्थे एम्बॉर्ग ने कहा, पिछले पांच सप्ताह में नए मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, और अब हम सामान्य से काफी अधिक मामले देख रहे हैं, और पूरे देश में व्यापक संक्रमण है। सप्ताह 47 में, माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण के 541 नए मामले सामने आए, जो कि सप्ताह 42 से तीन गुना से अधिक है, जब पाए गए मामलों की संख्या 168 थी। मामलों की वास्तविक संख्या संभवतः बहुत अधिक है, क्योंकि हल्के लक्षणों वाले हर व्यक्ति का परीक्षण नहीं किया जाता है। हालाँकि, एम्बॉर्ग ने कहा कि ये मामले डेनमार्क के लिए असामान्य नहीं हैं, जो ऐतिहासिक रूप से लगभग हर चार साल में माइकोप्लाज्मा निमोनिया संक्रमण की राष्ट्रव्यापी महामारी का सामना



पिछले पांच सप्ताह में बढ़ी मरीजों की संख्या

करता है। उन्होंने कहा कि यह घटना आम तौर पर शरद ऋतु और शुरुआती सर्दियों में सबसे अधिक होती है। एम्बॉर्ग ने कहा, पिछले चार वर्षों से, माइकोप्लाज्मा संक्रमणों की संख्या बेहद कम रही है, और इसलिए यह असामान्य नहीं है कि हमारे समक्ष अब एक महामारी है। कोविड-19 महामारी के बाद देश में लॉकडाउन लगाने के बाद हम वास्तव में इसका इंतजार कर रहे थे। यह रोग अक्सर हल्के फ्लू जैसे लक्षणों के साथ थकान, सिरदर्द, गले में खराश और लंबे समय तक सूखी खांसी, विशेष रूप से रात में होने वाली खांसी के रूप में आता है। विशाल बहुमत को बुखार है, लेकिन अक्सर इन्फ्लूएंजा और अन्य क्लासिक निमोनिया जितना तेज बुखार नहीं होता है। पोस्ट में कहा गया है कि इसने इसे कोल्ड निमोनिया या एटिपिकल निमोनिया उपनाम दिया है, क्योंकि नियमित पेनिसिलिन का भी संक्रमण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। संक्रामक रोग समाचार संदेश बोर्ड फ़्लूट्रैकर्स पर एक सरकारी निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह नीदरलैंड ने अगस्त के बाद से बच्चों और युवाओं में निमोनिया के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की।

## दुनिया को जानें

# नेपाल में पंजीकृत हुआ पहला समलैंगिक विवाह

**काठमांडू,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के पश्चिमी लमजंग जिले में देश के पहले समलैंगिक विवाह का पंजीकरण किया गया है और इसे देश में लेस्बियन-गे-बाईसेक्शुअल-ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) समुदाय के अधिकारों की विजय के रूप में देखा जा रहा है। पश्चिमी लमजंग जिले में औपचारिक रूप से माया गुरुंग (35) और सुरेंद्र पाण्डेय (27) के विवाह को बुधवार को पंजीकृत किया गया। देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समलैंगिक जोड़ों के विवाह के पंजीकरण के संबंध में पांच महीने पहले दिये गये अंतरिम आदेश के बाद यह पंजीकरण किया गया है। एशिया में अभी तक ताईवान ही एकमात्र देश था जहां समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिली हुई है। विवाह के पंजीकरण के बाद श्रीमती गुरुंग ने बीबीसी से कहा आज का दिन केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि सभी लैंगिक अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बहुत बड़ा दिन है। अपने अधिकारों की यह लड़ाई बिल्कुल भी आसान नहीं रही है लेकिन आखिरकार हमें जीत हासिल हुई । अब आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए राह आसान होगी।

# प्रादेशिकी

## मेयर ने दोनों कालोनी के जोड़ने वाले लिंक मार्ग का किया शुभारंभ

**रूद्रपुर।** मेयर रामपाल सिंह ने रम्पुरा से प्रीत विहार को जोड़ने वाले लिंक मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस सड़क का हॉट मिक्स निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रीत विहार से रम्पुरा को जोड़ने वाले मार्ग के निर्माण की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही थी। मेयर ने इस सड़क को हॉट मिक्स बनाने की घोषणा की थी मेयर ने रम्पुरा से पंचवटी कालोनी प्रीत विहार तक सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप करने के निर्देश भी दिये। निर्माण से प्रीत विहार और रम्पुरा के बीच आवागमन सुलभ होगा और हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। कहा कि उन्होंने जनता से जो भी वायदे किये थे उन्हें पूरा करने की पूरी कोशिश की गयी है।

# नए क्लेवर और जोश के साथ नजर आएगी उत्तराखंड पुलिस : डीजीपी

देहरादून, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी मिलने के तत्काल बाद अभिनव कुमार ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उत्तराखंड अपेक्षाकृत शांत प्रदेश है। बेतहर कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है, इसलिए कानून व्यवस्था के मोर्चे पर कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। अभिनव कुमार ने कहा कि पुलिस फोर्स अपराधियों के प्रति सख्ती से पेश आएगी।

दूसरी तरफ आम लोगों के प्रति पुलिस ज्यादा मित्रवत व्यवहार करेगी। स्थानीय लोगों के साथ ही उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों, तीर्थयात्रियों के प्रति पुलिस एक सहयोगी के रूप में पेश आएगी। इसके अलावा रोजमर्रा के काम में भी पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आएगा। अभिनव कुमार ने कहा कि वो पुलिस के संसाधन और सुविधा बढ़ाने के लिए भी प्रयास करेंगे। इसके लिए पहले से ही कई प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही पुलिस जांच, अभियोजन जैसी प्रक्रिया को ज्यादा प्रभावी बनाया जाएगा।

उत्तराखंड के सबसे तेज तरार आईपीएस माने जाने वाले अभिनव कुमार का अपराधियों में आज भी खौफ है। उनके 2004 से 2007 तक हरिद्वार एसएसपी रहते हुए 12 इनामी व कुख्यात बदमाशों के एकाउंटर हुए। जबकि कई नामी बदमाशों को जेल भी भेजा गया।



■ नए डीजीपी अभिनव कुमार ने बताई अपनी प्राथमिकता

अभिनव कुमार के समय में ही दो लाख के इनामी कुख्यात अंग्रेज सिंह को नागपुर में मार गिराया गया था। अंग्रेज सिंह पुलिसकर्मियों पर हमला करके फरार हुआ था। उसके बाद वह नागपुर में छिप गया था। करीब एक साल तक अभिनव कुमार उनकी तलाश में खुद लगे रहे। इसके बाद 2007 में तत्कालीन एसओजी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर आरबी चमोली व उनकी टीम ने तड़के एक होटल में अंग्रेज सिंह को मार गिराया। यही नहीं पौड़ी जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी को तो उन्होंने खुद ही लक्सर में ट्रेन रुकवाकर यूपी पुलिस की कस्टडी से गिरफ्तार किया था। राठी ने बरेली जेल से हरिद्वार के एक व्यापारी से रंगदारी मांगी थी। इसके अलावा पश्चिमी यूपी के पचास हजार के इनामी बदमाश अजीत दाह को भी उनके समय में हरिद्वार पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। उनके समय में हरिद्वार पुलिस ने उत्तराखंड, यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कई जगह एनकाउंटर किए थे।

अभिनव कुमार के समय में हरिद्वार एसओजी का पश्चिमी यूपी के बदमाशों व मुंबई अंडरवर्ल्ड सहित आसपास के कई इलाकों में खौफ था। उनके कार्यकाल में हरिद्वार में करोड़ों की इलाहाबाद बैंक डकैती के मुख्य आरोपी टीपू यादव को भी पुलिस कस्टडी से भागते वक्त पुलिस ने मार गिराया था। वह चलती ट्रेन से पुलिसकर्मियों पर हमला कर भागने की फिराक में था। इसके अलावा हरिद्वार में अभिनव कुमार के कार्यकाल में ही कांग्रेसी नेता मौलाना मसूद मदनी को धरने से उठाकर उनके खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की थी। ये प्रकरण उस वक्त काफी चर्चित रहा था।

### नए डीजीपी अभिनव कुमार ने संभाली कमान

**देहरादून।** डीजीपी अशोक कुमार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। नए डीजीपी अभिनव कुमार को उत्तराखंड पुलिस की कमान मिल गयी है। अशोक कुमार ने नए डीजीपी अभिनव कुमार को पुलिस की बैटन सौंपी। भावुक हुए अशोक कुमार, कहा कि उत्तराखंड पुलिस अब सक्षम हाथों में है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी नए नेतृत्व के साथ मिलकर लगन, अनुशासन, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और जोश के साथ राज्य व आम जनता की सेवा एवं सुरक्षा करते रहेंगे तथा उनका विश्वास जीतने में सफल होंगे।

# मजदूरों का हाल जानने एम्स पहुंचे राज्यपाल



देहरादून, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरूवार को राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह ऋषिकेश एम्स में भर्ती 41 मजदूरों का हालचाल जानने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुरंग में फंसे 41 लोगों की यह परीक्षा थी, जिसमें वह सफल हुए हैं। साथ ही उन्होंने हमें एक सबक सिखाया है कि किस प्रकार मुश्किल घड़ी में एक साथ रहना है। 17 दिन तक सिलक्यारा सुरंग में जिंदगी गुजारने वाले मजदूरों के हौसले फिर भी बुलंद हैं। उनका कहना है कि सुरंग निर्माण के दौरान इस तरह की घटना सामान्य होती है। हालांकि इस बार मलबा ज्यादा गिर गया था। मजदूरों ने छुट्टी के बाद फिर काम पर लौटने का संकल्प लिया है तो कुछ मजदूरों के परिजन वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ उत्तरकाशी की सिलक्यारा टनल से श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के बाद देहरादून स्थित सीएम आवास में ईगास यानी बूढ़ी दीपावली का उत्सव मनाया गया। वैसे तो दिवाली के 11वें दिन यानी एकादशी को उत्तराखंड में ईगास मनाने का रिवाज है, लेकिन मजदूरों के सुरंग में फंसे होने के चलते सीएम धामी ने आवास पर आयोजित कार्यक्रम स्थगित कर दिया था।

### सिलक्यारा टनल हादसे की जांच होने तक सब्र रखे कांग्रेस : भट्ट

भाजपा ने सिलक्यारा टनल हादसे की जांच होने तक कांग्रेस नेताओं से सब्र रखने का आग्रह किया है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि बड़ी विकास परियोजनाओं को लेकर किसी भी निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले सभी को उच्च स्तरीय जांच एवं केंद्रीय ऐजेंसियों की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। सिलक्यारा हादसे के कारणों को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए भट्ट ने कहा कि हादसे की जानकारी के बाद ही प्रदेश सरकार ने इसकी उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। अब चूंकि रेस्क्यू अभियान पूर्ण हो चुका है, लिहाजा अब जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पहले ही कह चुके हैं कि उनका विभाग और अन्य एजेंसियां भी पूरी घटना की बारीकी से विश्लेषण करेंगी। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग इस दुर्घटना और उसके कारणों को लेकर अधिक तकनीकी जानकारी नहीं होगी। इसलिए उन्होंने कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष के नेताओं से आग्रह किया कि जांच पूरा होने और विशेषज्ञों की रिपोर्ट सामने आने का सभी को इंतजार करना चाहिए। जांच में जो भी कमी पाई जाएगी या जो भी दोषी होगा उस पर उचित कार्यवाही की जाएगी। साथ ही इनसे हासिल सुझावों को भविष्य की योजनाओं में सम्मिलित किया जाएगा। भट्ट ने कहा, हम सभी उत्तराखंड समेत पूरे हिमालयी क्षेत्र की भूगर्भीय हालत से वाकिफ हैं, लेकिन विकास और सामरिक महत्व की योजनाओं को आगे बढ़ाना भी जरूरी है । हमे इन दोनो परिस्थितियों में समन्वय बनाते हुए इसे एक चुनौती की तरह स्वीकार करना होगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि इस जांच से हासिल सबक और जानकारियां विकास की योजनाओं पहले से अधिक सुरक्षित बनाने में मददगार होंगी।

**सार संक्षेप**

### चीन में फैल रहे इन्फ्लूएंजा और निमोनिया से स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**अल्मोड़ा।** इन दिनों चीन में फैल रहे इन्फ्लूएंजा और निमोनिया से अल्मोड़ा में भी स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया है। इसको लेकर विभाग तैयारियों में जुट गया है। जरूरत पड़ने पर विभाग अब यहां के अस्पतालों में भी आइसोलेशन वार्ड बनाएगा। वहीं वेंटिलेटर समेत अन्य सुविधाएं पहले से ही जिले में संचालित हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विभाग की ओर से विशेष निगरानी की जाएगी। चीन में छोटे बच्चों में सांस से संबंधित बीमारी निमोनिया और इन्फ्लूएंजा तेजी से फैल रहा है। मामले हर दिन बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन से सभी देशों के लिए जारी अलर्ट के बाद अल्मोड़ा में भी स्वास्थ्य महकमा सक्रिय मोड में आ गया है। स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार अल्मोड़ा जिले में भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। निमोनिया, इन्फ्लूएंजा फ्लू के लक्षणों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल जिले में कहीं भी इस तरह के फ्लू का कोई मामला नहीं होने से विभाग ने राहत की सांस ली है। लेकिन विभाग लगातार निगरानी बनाए रखने को तैयार है। सीएमओ डा. आरसी पंत ने बताया कि अस्पतालों में आईसीयू और वेंटिलेटर की पूरी सुविधा है। बाल रोग विशेषज्ञों को भी बच्चों के स्वास्थ्य पर खास नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### ऐच्छिक ब्यूरो व महिला हेल्पलाइन से पांच परिवार टूटने से बचाए


**हरिद्वार।** महिला हेल्पलाइन व ऐच्छिक ब्यूरों ने मिलकर पांच परिवारों को टूटने से बचाया। महिला ऐच्छिक ब्यूरों ने गुरुवार को दो परिवार को आपस में बैठकर सझौता करने का मौका दिया जिससे की परिवार टूटने से बच सके। पुलिस लाइन रोशनाबाद में एसएसपी हरिद्वार के दिशा निर्देश में पुलिस उचाधिकारीगण की देखरेख में महिला ऐच्छिक ब्यूरो की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सदस्य समाजशास्त्री विनोद शर्मा, अधिवक्ता विदुशी चतुर्वेदी, समाज सेविका एकता अरोड़ा, प्रभारी महिला हेल्पलाइन हरिद्वार प्रियंका भारद्वाज ने प्रतिभाग किया । बैठक में महिला हेल्पलाइन हरिद्वार में प्रचलित जटिल पारिवारिक विवादों व दोनों पक्षों को सुना व परिवारों को टूटने से बचने के लिए समझाया गया। बैठक में चुने गए जटिल पारिवारिक प्रकरणों में से पांच पारिवारिक प्रकरणों में ऐच्छिक ब्यूरो के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के समझाने पर समस्त टीम के समक्ष आपसी सहमति के साथ-साथ रहने का समझौता हुआ व दो प्रकरणों में पक्षों ने सोचने समझने के लिए अग्रिम तिथि मांगी।

### सुडोकू 6392 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

# उत्तराखंड में इन्फ्लूएंजा फ्लू की दस्तक

बागेश्वर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को जिला अस्पताल में दो बच्चों को लाया गया था। उन्हें सांस लेने में तकलीफ थी। इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण की आशंका को देखते हुए दोनों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। चीन में फैले माइक्रो प्लाज्मा, निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। जिले में दो बच्चों में इन्फ्लूएंजा फ्लू जैसे लक्षण दिखे हैं। दोनों के सैंपल जांच के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी भेजे गए हैं।





**बागेश्वर में दो बच्चों में मिले लक्षण, जांच के लिए भेजे सैंपल**

एसीएमओ डॉ. देवेश चैहान ने बताया कि बुधवार को जिला अस्पताल में दो बच्चों को लाया गया था। उन्हें सांस लेने में तकलीफ थी। इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण की आशंका को देखते हुए दोनों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट चार-पांच दिन में मिल जाएगी।

उन्होंने बताया कि इन्फ्लूएंजा से निपटने के लिए भी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।इस वायरस जनित बीमारी में पांचवीं स्टेज में ऑक्सीजन की जरूरत होती है। जिला अस्पताल के सभी 68 बेड ऑक्सीजन पाइप लाइन से जुड़े हुए हैं।

जिला अस्पताल में 650 एलपीएम के दो ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट स्थापित हैं। कांडा और कपकोट सीएचसी में भी ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट लगे हुए हैं। जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल में अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाया जाएगा। उसके बाद ही आईसोलेशन वार्ड बनाने की कार्यवाही की जाएगी।

### अल्मोड़ा में भी अलर्ट मोड़ पर स्वास्थ्य विभाग

चीन में फैले इन्फ्लूएंजा फ्लू और न्यूमोनिया के बाद जिले में स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। स्वास्थ्य महकमे के दावा है कि इन्फ्लूएंजा फ्लू से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जरूरत पड़ने पर अलग से आईसीयू वार्ड भी बनाया जाएगा। सीएमओ डॉ. आरसी पंत के अनुसार जिले में इन्फ्लूएंजा फ्लू का कोई मरीज अब तक नहीं आया है। इसके निपटने के लिए हमने पूरी तैयारी कर रखी है। आइसोलेशन बेड, वार्ड, ऑक्सीजन बेड, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलिंडर पर्याप्त है। यदि जरूरत पड़ी तो अलग से आईसीयू वार्ड बनाया जाएगा

# केंद्र की विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे

■ प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर किया जनता को संबोधित
■ सीएम धामी ने हरिद्वार में वर्जुअली 39 योजनाओं का लोकार्पण व 184 योजनाओं का किया शिलान्यास
■ शिलान्यास व लोकार्पण में 7 विभागों की 82.62 करोड़ रुपये की लागत की कुल 223 योजनाएं शामिल

हरिद्वार, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे होने के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्जुअली माध्यम से देश की जनता को संबोधित किया। जनपद में नगर क्षेत्रांतर्गत राजकीय ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज में उपस्थित जनसमुदाय ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यान से देखा व सुना। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल से आभासी माध्यम से जनपद की 28.32 करोड़ रुपये की लागत की 39 योजनाओं का लोकापर्ण जबकि 54.30 करोड़ लागत की 184 योजनाओं का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम स्थल पर लोकसभा सांसद हरिद्वार रमेश पोखरियाल निशंक ने इन योजनाओं का भौतिक रूप से शिलान्यास व लोकापर्ण किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की इस संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर सदी के इस महानतम कार्यक्रम के साक्षी बने। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत 103233 किसानों को सीधे डीबीटी के माध्यम से योजना का लाभ मिला है, वहीं प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत जीरो बैलेंस पर 10 लाख 11 हजार 48 खाते खुलवाए गए हैं जिसमें आज 400 करोड रुपए से अधिक की पूंजी जमा हो चुकी है, उन्होंने बताया की मनरेगा की अंतर्गत 63000 जॉब कार्ड जो कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 899600 कार्ड धारक योजना का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग की दिव्यांग पेंशन योजना में 12603 एवं विधवा पेंशन योजना में 29109 व्यक्ति योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में 5492 स्वयं सहायता समूह की 54920 महिलाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। उन्होंने सिल्क्यरा टनल में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए अंत तक मौके पर डटे रहने के लिए मुख्यमंत्री जी, बचाव दल व केंद्र सरकार की सहायता के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद हरिद्वार रमेश निशंक पोखरियाल द्वारा सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के 09 लाभार्थियों में प्रत्येक को एक लाख तीस हजार के चेक व घर की चाबी, एनआरएलएम के 10 समूहों में प्रत्येक को 6 लाख रुपये के चेक व प्रमाणपत्र का वितरण, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट के 08, समाज कल्याण की पेंशन योजना के 8 व कृषि विभाग की योजनाओं के 02 लाभार्थी शामिल हैं।

# उत्तराखण्ड में फिर मौसम बदला, बर्फबारी की संभावना

**देहसदून,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार को उत्तराखण्ड में मौसम का मिजाज फिर बदला। प्रदेशभर में दिनभर बादल छाए रहे। पहाड़ो की रानी मसूरी में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। वहीं, इसके बाद घना कोहरा छा गया। जिससे ठंड में इजाफ हो गया है। लोग ठंड से बचने को अलाव का सहारा लेते नजर आए। पौड़ी जिला मुख्यालय में अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि आसमान में बादल छाए रहने से दोपहर बाद बर्फिली हवाएं चलीं। पर्वतीय क्षेत्रों के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। बुधवार को केदारनाथ, बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब सहित पिथौरागढ़ की ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी हुई थी। जिससे प्रदेशभर में पारा लुढ़क गया और ठिठुरन बढ़ गई। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सिय और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।



### दिसंबर के दूसरे सप्ताह में ताजा विक्षोभ आने का अनुमान

देहरादून। पश्चिमी हिमालय पर बना ताजा पश्चिमी विक्षोभ एक दिसंबर को कमजोर पड़ जाएगा। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विज्ञानी डा. आरके सिंह ने बताया कि नवंबर में आए विक्षोभ का प्रभाव अन्य भागों की तुलना में जम्मू-कश्मीर व लद्दाख पर अधिक रहा। मैदानी क्षेत्र में पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में हल्की वर्षा देखी गई। सात दिसंबर के बाद नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय पर आ सकता है।

मैदानी क्षेत्रों में कोहरा छाने की शुरुआत होने लगी है। डा. सिंह ने बताया कि कोहरे की वजह से मैदानी क्षेत्रों में पारा गिरेगा। उच्च हिमालय में ताजा वर्षा व हिमपात से सर्द हवा चलने से पर्वतीय क्षेत्रों में एक से दो डिग्री पारा कम हो सकता है। गुरुवार को चंपावत में न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री, लोहाघाट में 3.2 डिग्री, जागेश्वर में 7.5 डिग्री, पिथौरागढ़ में 8.9 डिग्री, नैनीताल में 8.0 डिग्री व हल्द्वानी में 16.6 डिग्री रहा।

# लेआउट के अनुरूप कार्य शीघ्र पूर्ण करें: पांडे

देहरादून, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। सचिव मुख्यमंत्री आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ले आउट के अनुरूप सभी तैयारी के कार्य शीघ्र पूर्ण करेंगे। गुरूवार को यहां सचिव मुख्यमंत्री एव आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे ने प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट मुख्य इवेंट स्थल एफआरआई परिसर का स्थलीय निरीक्षण करते हुए तैयारी में जुटे अधिकारी एव संस्थान के पदाधिकारी को मानक के अनुरूप समुचित कार्य में तेजी लाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आयोजित होने वाली इन्वेस्टर समिट की तैयारी को लेकर हो रहे कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। सचिव मुख्यमंत्रीध् आयुक्त गढ़वाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ले आउट के अनुरूप सभी तैयारी के कार्य शीघ्र पूर्ण करेंगे। कहा कि सुरक्षा मानको के दृष्टिगत तथा प्रोटोकॉल के अनुरूप इवेंट से संबंधित लेआउट प्लान, इंटरनल व एक्सटर्नल प्लान, मूवमेंट प्लान, फूड कोर्ट, इनॉग्रेशन हॉल आदि को सुव्यवस्थित रूप स्थापित करते हुए ससमय तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के दौरान डीजी इंडस्ट्री रोहित मीना ,जिलाधिकारी देहरादून,एसएसपी देहरादून, जीएम सिडकुल पी. एस. राणा एव केएनडी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।



# पांच सालों से फरार चल रहा ईनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**देहरादून,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले पांच साल से फरार चल रहे पचास हजार के ईनामी हत्या के आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया । आरोपी पुलिस से बचने के लिए बाबा का भेष बनाकर अलग-अलग स्थानों पर छुप कर निवास रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जानकारी देते हुये बताया गया कि एक व्यक्ति की हत्या के मामले में थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी वीर सिंह सैनी उर्फ भगत पुत्र स्व. रामस्वरुप उर्फ रामा निवासी लेबर कालोनी सैक्टर-2 बीएचईएल रानीपुर हरिद्वार की धरपकड़ हेतु एसटीएफ द्वारा प्रयास किये जा रहे थे, जिसके फलस्वरुप एसटीएफ द्वारा देर रात रामजीवाला छकड़ा थाना मण्डावर जनपद बिजनौर उ.प्र. में दबिश देकर पिछले 5 वर्षो से वांछित कुख्यात ईनामी हत्या आरोपी वीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

एसएसपी एसटीएफ ने बताया गया कि पकड़े गए हत्यारोपी वीर सिंह सैनी उर्फ भगत द्वारा लेबर कालोनी रानीपुर हरिद्वार में 10ध08...2018 को एक व्यक्ति की पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना की गयी। जिसका विरोध उसके भाई हेमन्त द्वारा किया गया तो तीन आरोपियों वीर सिंह, बलवीर एवं विरेन्द्र द्वारा हेमन्त के सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी गयी व एवं तीनो मौके से फरार हो गये थे। जिसमे से पुलिस द्वारा एक आरोपी वीरेन्द्र को उसी समय गिरफ्तार कर लिया गया था परन्तु इस घटना में शामिल अन्य 2 आरोपी वीर सिंह व बलबीर सिंह तब से लगातार फरार चल रहे थे।

# दुर्घटनना में हुई महिला व पुरुष की मौत

देहरादून, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। नवंबर के दिन देहरादून के वसंत विहार में दो शव मिले थे। महिला और पुरुष दोनों के शव मिलने से हड़कंप मच गया था। शुरुआत में तरह तरह के कयास लगाए जा रहे थे। एक के बाद एक घटना से देहरादून पुलिस के माथे पर पहले से ही बल पड़े थे। इस घटना ने और भी परेशानी बढ़ा दी थी।

ये शव दरू चैक से आगे परवल रोड के किनारे नहर में पड़े थे। सूचना पर उस वक्त पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी की गई तो मृतकों की पहचान संदीप मोहन धस्माना पुत्र मदन मोहन धस्माना, निवासी अंबीवाला, थाना वसंत विहार, उम्र 40 वर्ष व महिला हेमलता पत्नी सुनील निवासी पीताम्बरपुर थाना वसंत विहार उम्र करीब 37 वर्ष के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने दोनों के घरों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मृतकों के बारे में जानकारियां जुटाना शुरू की तो कई तरह के सुराग पुलिस के हाथ लग गए।पुलिस के सीसीटीवी फुटेज का अध्ययन करने पर ये जानकारी हासिल हुई कि हेमलता 26 नवंबर को सुबह लगभग 5:18 बजे रोज की तरह घर से काम करने के लिए निकली थी। साथ ही संदीप मोहन धस्माना रोज की तरह सामान्यत: घूमने निकले थे। सीसीटीवी फुटेज में अपने घर से समय 4:48 बजे निकलते हुए दिखाई दिये।



■ खुल गया देहरादून के वसंत विहार में मिले महिला और पुरुष के शवों का राज
■ दूधिए शाहरुख ने कबूला अपराध

दोनो शवों का पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल से कराया गया। जिसमें डाक्टरों द्वारा दोनों की मृत्यु किसी भारी सर्फेस के आब्जेक्ट से टकराने के कारण आई इंटरनल हेड इंजरी व इन्टरनल चोटों के कारण होना बताया गया। इससे प्रथम दृष्टया किसी वाहन की टक्कर से दोनों की मृत्यु होना प्रकाश में आया। घटना के सम्बन्ध में मृतकों के परिजनों द्वारा भी किसी पर कोई शक अथवा किसी से कोई रंजिश होना नहीं बताया गया।इस मामले में पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक को पंजीकृत किया गया। ये मालूम हो चुका था कि घटना किसी गाड़ी की टक्कर से हुई है। लिहाजा आसपास के लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। घटनास्थल के आसपास लगभग 200 लोगों से पूछताछ कर जानकारी ली गई। इसी दौरान गाड़ी के कुछ पार्ट्स भी सड़क पर मिले। इससे जो जानकारी सामने आई उसमें पाया गया कि एक बुलेरो के सीसीटीवी फुटेज में वाहन की हेडलाइट दरू चैक पर सही पायी गयी। आगे राणा चैक के सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर भी सही पायी गयी। वाहन का सत्यापन करने पर भी वाहन सही हालत में मिला। पुलिस लगातार गाड़ियों को तलाश रही थी कि तभी उसकी नजर में दूध ले जाने का काम करने वाला शाहरुख आया। उसकी गाडी का नंबर यूके-07-सीडी-0554 था। पुलिस ने शाहरुख को बुलाया और पूछताछ की। उसके द्वारा अलग-अलग समय पर खुद को अलग-अलग स्थानों पर होना बताया गया। इस पर उसके मोबाइल की लोकेशन निकालने पर उसका अन्य स्थान पर होना पुलिस को ज्ञात हुआ।

# प्रादेशिकी

## धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर न बजाने की अपील

किठौर, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। कस्बे के थाना में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सम्मानित लोगों व धार्मिक गुरु उपस्थित रहे। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य किसी भी धार्मिक स्थल से तेज आवाज मे लाउडस्पीकर बजाने के संबंध में हुई और उच्च न्यायालय के आदेश की जानकारी दी। गुरुवार को हुई मीटिंग में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि न्यायालय के द्वारा जो आदेश लाउडस्पीकर के बारे में पारित हुआ है। उसको क्षेत्र के लोगों के सामने वह धार्मिक गुरुओं के सामने जानकारी देते हुए अवगत कराया और सभी लोगों से उच्च न्यायालय का दिशा निर्देश मानने की अपील की। इस मीटिंग में मुख्य रूप से आसपास के गांव के प्रधान, नगर के अध्यक्ष धार्मिक गुरु व सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश के प्रति धारणा बदलने को लेने पड़े कठोर निर्णय : मुख्यमंत्री



■ गीडा के 34वें स्थापना दिवस समारोह में बोले योगी आदित्यनाथ
■ 800 करोड़ रुपए की निजी निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास
■ 500 करोड़ रुपए के निवेश के लिए नए भूखंडों का आवंटन

**लखनऊ/ गोरखपुर,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रति देश और दुनिया के लोगों में घर कर गई नकारात्मक धारणा को बदलने के लिए कठोर निर्णय लेने पड़े। गंभीर प्रयास के साथ कई रिफॉर्म करने पड़े। बिना थके और बिना डिगे किए गए कार्यों से यूपी के प्रति देश और दुनियां के लोगों की धारणा तो बदली ही, आज देश-दुनिया का हर बड़ा उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आकांक्षी है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को वर्तमान प्रगति को संजोने और सुनहरे भविष्य की संभावनाओं को आकार देने के उद्देश्य से आयोजित गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 34वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भव्य और विविधतापूर्ण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने गीडा में निजी क्षेत्र की 800 करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। 500 करोड़ रुपए के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपा। 150 करोड़ रुपए के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। नए व्यावसायिक क्षेत्र के रूप में विकसित होने वाली कालेसर परियोजना के पहले चरण और ऑनलाइन सेवाओं वाले गीडा सेवा पोर्टल को लांच किया। गोरखपुर में पहली बार आयोजित चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो का उद्घाटन किया और देश तथा इस अंचल के प्रमुख उद्यमियों के साथ बैठक कर लाभकारी निवेश के मंत्र दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष गीडा में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोलने के लिए नाइलिट से तथा प्लास्टिक पार्क में यूनिट्स को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) से एमओयू का आदान-प्रदान भी हुआ।

इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रदेश की छवि अच्छी हुई तो फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-दुनिया से हर बड़ा उद्यमी पहुंचा। प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को लेकर एमओयू हुए। ये एमओयू धरातल पर उतरेंगे तो 1.10 करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार की गारंटी है, इसलिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले प्रस्तावों पर तेजी से काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10 वर्ष पहले गोरखपुर में निवेश होना एक सपना था। यहां गैंगवार, अराजकता के चलते लोग भयभीत रहते थे। यहां उद्यमी की पूंजी के साथ उसके जान पर भी खतरा रहता था। गोरखपुर के नाम से ही सिर्फ प्रदेश ही नहीं, देश-दुनिया के लोग घबराते थे। गोरखपुर गैंगवार और अराजकता से उबरा है तो आज निवेश, रोजगार और विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

# पीएनबी के अंचल कार्यालय द्वारा राजभाषा स्मृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



■ हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रहा पीएनबीः अमित ग्रोवर
■ स्टाफ सदस्यों से हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने का अनुरोध किया
■ हिंदी पत्रिका मयराष्ट्र गरिमा का किया गया विमोचन

**मेरठ,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरूवार को वेद व्यास पुरी स्थित पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय द्वारा सभी बैंकों के लिए एक राजभाषा स्मृति ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता पीएनबी भवन के सभागार में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मेरठ के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का शुभारंभ पीएनबी के उप अंचल प्रबंधक अमित ग्रोवर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,मेरठ की सदस्य सचिव स्वाति वर्णवाल विशेष रूप से आमंत्रित रहीं। इस अवसर पर पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय, मेरठ की छमाही हिंदी पत्रिका मयराष्ट्र गरिमा का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए उप अंचल प्रबंधक ने बताया कि पीएनबी को इस वर्ष सितम्बर में पुणे में आयोजित अखिल भारतीय हिंदी दिवस समारोह में गृह राज्य मंत्री के कर कमलों से राजभाषा कीर्ति प्रथम पुरस्कार मिला है, जो भारत सरकार द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। पंजाब नैशनल बैंक राजभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर अनेक गतिविधियां आयोजित करता रहता है क्योंकि इस प्रकार के आयोजन राजभाषा हिंदी के लिए बेहतर परिवेश तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि पीएनबी अपने ग्राहकों को सामान्य बैंकिंग के साथ-साथ इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल एप्प सहित विभिन्न सेवाएं हिंदी में प्रदान कर रहा है। स्वाति वर्णवाल प्रबंधक राजभाषा, केनरा बैंक ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मेरठ द्वारा की जा रही राजभाषा गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी बैंकों के स्टाफ सदस्यों से समिति के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने और अपना अधिकाधिक कामकाज हिंदी में करने का अनुरोध किया। उन्होंने पंजाब नैशनल बैंक को इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी राजभाषा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का आग्रह किया। उप अंचल प्रबंधक राकेश शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बद्री विशाल सिंह, मंडल प्रमुख, मेरठ, सहायक महाप्रबंधकगण राजकुमार, आंचलिक लेखा परीक्षा कार्यालय, मेरठ, आर.के.सिंह, नीता जौहरी, सतीश बजाज, जितेन्द्र कुमार सिंह तथा विभिन्न बैंकों से उपस्थित प्रतिभागी, राजभाषा अधिकारी, सहित लगभग 50 स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीएनबी के मुख्य प्रबंधक-राजभाषा राजीव लोचन ने किया।

## सार संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में छात्रों ने प्रस्तुत किए रिसर्च पेपर

मेरठ। गुरूवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग व पाथ एस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन 10 समानांतर तकनीकी सत्र संचालित हुए जिनमें रिसर्च स्कॉलर, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विद्यार्थियों की एलुमनाई मीटिंग अर्थशास्त्र सेमिनार हॉल में आयोजित हुई ,सभी ने अपने शिक्षा ग्रहण के दौरान अनुभव साझा किया। संगोष्ठी का समापन सत्र अटल सभागार में आयोजित हुआ। संगोष्ठी के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री व अर्थशास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अतवीर सिंह ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में 113 पेपर प्रस्तुत किए गए ,उक्त संगोष्ठी में पांच देशों एवं भारत के 22 राज्यों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर राम सिंह, निदेशक दिल्ली स्कूल आफ इकोनॉमिक्स रहे।

### कुंडा व गडीना में लाभार्थियों की समस्या का निस्तारण

मवाना। मवाना ब्लाक के ग्राम पंचायत कुंडा व गडीना में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया तथा लाभार्थियों की समस्या का निस्तारण किया गया। ग्राम पंचायत कुंडा व गडीना में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ किया। इस अवसर पर स्वास्थ विभाग, खाद्य विभाग, पेंशन विभाग, कृषि विभाग, बैंकिंग विभाग, जल जीवन मिशन, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायती राज विभाग आदि के स्टाल लगाये गये। कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि, फसलों में विभिन्न रोगों तथा कृषि की उन्नत तकनीक का जानकारी उपलब्ध कराते हुए ड्रोन एवं कृषि स्वास्थ कार्ड का भी प्रदर्शन किया। खाद्य विभाग ने निशुल्क खाद्यान्न, कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग आदि के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी द्वारा योजनाओ का वर्णन किया गया। कुण्डा में नोडल अधिकारी एनके सहानिया व गडीना में नोडल अधिकारी उपायुक्त उद्योग जितेन्द्र कुमार उद्योग व जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके मजूमदार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रदीप शर्मा, एडीओ आजम प्रवेज, प्रधान रिंकी, विपिन भाटी मौजूद रहे।

### हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष के पुत्र पर धारदार हथियार से हमला

फर्रुखाबाद। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष के पुत्र पर धारादार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया गया। पुलिस नें मामले में एक नामजद सहित 10-12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस नें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाली के मोहल्ला बजरिया निहालचंद निवासी हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा नें बताया कि बीती रात लगभग 10:30 बजे उनका पुत्र विमर्श मिश्रा को मोहल्ला बजरिया जाफर खां निवासी युवक केशव कश्यप पुत्र सुरेश कश्यप नें शराब के नशे में अपने 4-5 अज्ञात लोगों के साथ हमला कर दिया।

# डीएवी के छात्र अर्निश कपूर ने बढ़ाया स्कूल का गौरव

**मेरठ,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। शास्त्री नगर स्थित डीएवी स्कूल मेरठ के लिए उस समय गौरवान्वित पल देखने को मिले जब कक्षा तीन के छात्र अर्निश कपूर को 'हिन्दी विकास संस्थान' दिल्ली द्वारा आयोजित हिंदी भाषा से संबंधित ओलंपियाड में स्वर्ण पदक विजेता बनने के पश्चात तीन मूर्ति भवन, दिल्ली के सभागार में अयोजित द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह 2023 में मुख्य अतिथि हिमांशु गुप्ता (शिक्षा निदेशक दिल्ली सरकार) द्वारा राज्य स्तरीय बालश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डी ए वी स्कूल, यू पी जोन, ए) ने विजेता विद्यार्थी अर्निश कपूर को उनकी सफलता के लिए तथा उनके भावी भविष्य के लिए शुभाशीष प्रदान किया तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी एवं प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।





■ अतिक्रमण प्रभारी डॉक्टर पुष्पराज गौतम के नेतृत्व में लेफ्टिनेंट जसवंत सिंह तोमर के साथ मिलकर हिना रोड पर गढ़ रोड से पीएनबी बैंक तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों दुकानों के सामने से पक्की सीमेंट की पेड़िया हटाई गई और दुकानों के सामने से टीन सेड तोड़े गए। इसके अलावा घरों के सामने से दर्जनों लोहे की जालियां हटाई गई। अतिक्रमण अभियान के दौरान लेफ्टिनेंट जेपी मलिक हवलदार, अनिल बढ़ाना हवलदार, यशपाल सिंह और हवलदार धीरज एवं लेखपाल रूद्रेश और राजस्व निरीक्षक राजीव चौधरी एवं एजाज मौजूद रहे। 4 से 5 लकड़ी की टेबल जप्त की गई। इसके अलावा दर्जनों लोहे के बोर्ड भी तोड़े गए।

# डीएम की अनूठी पहल, शस्त्र लाइसेंसधारक पालें निराश्रित गोवंश

■ गोवंश सहभागिता योजना के तहत गोंडा में शस्त्र लाइसेंस रखने वाले सभी 12 हजार 42 व्यक्तियों को गोवंश गोद लेने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित
■ योजना के तहत अधिकतम 4 गोवंश को गोद लेने की हुई है व्यवस्था, प्रति माह 1500 रुपए का किया जाएगा भुगतान

**लखनऊ/गोंडा,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। गोंडा में शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति के लिए एक-एक गोवंश को गोद लेने की व्यवस्था लागू की गई है। इस पहल को जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के समाधान के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही निराश्रित गोवंश के लिए 'नए घर' का रास्ता भी साफ हो गया है। यह पहल जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एक योजना बनाकर की है। इसके तहत जिले के सभी 12 हजार 42 शस्त्र लाइसेंसधारकों को जिला प्रशासन की ओर से कम से कम एक-एक गोवंश सहभागिता योजना में लेने के निर्देश दिए गए हैं। गोद लेने पर गोवंश के पोषण और देखभाल हेतु पशुपालन विभाग गोद लेने वाले को प्रति गोवंश प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान भी करेगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी एडीएम को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह अपने सबडिवीजन क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी के माध्यम से सहभागिता योजना में शस्त्र लाइसेंसधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना स्तर पर शस्त्र लाइसेंस रखने वालों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उन्हें निकटवर्ती गो-आश्रय स्थल से कम से कम एक गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# समस्त विकास खंडो में 1 से 14 तक लगेगा रोजगार मेला

मेरठ, 30 नवम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक शशि भूषण उपाध्याय ने बताया कि जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियो को अधिक से अधिक सेवायोजित कराये जाने के उद्देश्य से जनपद मेरठ के 12 ब्लॉको में रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है। जीडीएक्स सिक्योरिटी प्रा0 लि0 नोएडा कंपनी द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर पद हेतु भर्ती की जायेगी। जिसकी शैक्षिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक व कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक है। इन पदो के लिए 14 हजार से से 20 हजार तक का वेतन प्रस्तावित किया गया है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियो का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन नहीं है वह भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले से संबंधित सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया नि:शुल्क की जायेगी। मेले में प्रतिभाग करने वाले सभी अभ्यर्थियो के शिक्षण कैरियर रोजगार एवं स्वः रोजगार से संबंधित अनेक उपलब्ध अवसरो से परिचित कराया जायेगा। उन्होने बताया कि दिनांक 1 दिसम्बर को विकासखंड खरखौदा में, 2 दिसम्बर को विकासखंड रजपुरा में, 4 दिसम्बर को विकास खंड रोहटा में, 5 दिसम्बर को विकास खंड हस्तिनापुर में, 6 दिसम्बर को विकास खंड माछरा में, 7 दिसम्बर को विकास खंड मवाना में, 8 दिसम्बर को विकास खंड परीक्षितगढ, 9 दिसम्बर को दौराला, 11 दिसम्बर को विकास खंड मेरठ, 12 दिसम्बर को विकास खंड सरधना, 13 दिसम्बर को विकास खंड सरूरपुर तथा 14 दिसम्बर को विकास खंड जानी खुर्द में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# अटौरा रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाया



**मवाना,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने गुरुवार को पालिका के सफाई नायक मनोज कुमार के साथ पालिका के सफाई कर्मचारियों के माध्यम से नगर के वार्ड 14, 21 व 23 मोहल्ला कल्याणसिंह अटौरा रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में सफाई कर्मचारियों द्वारा सड़क के दोनों तरफनाली, झाडू व कूडा आदि उठवाया गया। उक्त अवसर पर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक जी के साथ वार्ड सभासद पति रियाजुद्दीन, सलमान, पालिका के सफाई नायक व पालिका के सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।



# अंतरमहाविद्यालय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में ईशा ने स्वर्ण पदक जीता

**मवाना,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। एएस (पीजी) कालेज मवाना के प्राचार्य प्रोफेसर अरूण कुमार ने बताया कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालय ताईक्वांडो (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन 27 नवम्बर 2023 को जेवी कालेज बडौत में किया गया, जिसमें महाविद्यालय की ताईक्वांडो खिलाड़ी कुमारी ईशा भौमिक बीएससी तृतीय वर्ष ने 61 से 65 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया व 29 नवम्बर 2023 को चौधरी चरण विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालय योग (महिलाध्पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी चरण विश्वविद्यालय परिसर के रूस्तमें-ए-दारा सिंह इन्डोर स्टेडियम में किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्रा ईशा भौमिक ने महिला योग टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ताईक्वांडो टीम कलिंगा विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में प्रतिभाग करेगी।

# रेल मंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



■ मोदी जी के नेतृत्व में भरत बनेगा तीसरी बडी अर्थव्यवस्थाः अश्वनी
■ प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपी
■ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो ने अपने अनुभव साझा किए

**मेरठ,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरूवार को जिमखाना मैदान में मंत्री रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी भारत सरकार अश्वनी वैष्णव एवं अन्य जनप्रतिनिधियो द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। आयुक्त व जिलाधिकारी द्वारा रेलमंत्री व जनप्रतिनिधियो का स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत एनआरएलएम ग्राम विकास की लाभार्थी सोहनवीरी, कृषि विभाग के लाभार्थी कृषणवीर, स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान योजना की लाभार्थी गीता तथा उज्ज्वला योजना की लाभार्थी पायल द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किये गये। रेल मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी मौहम्मद युसूफ़ मुमताज अली, नीटू कुमार, उस्मान, अशरफ को प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपी गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा रेलमंत्री को मोमेन्टम दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने विभाग से संबंधित योजनाओ की जानकारी आमजन को प्रदान की गई।

जिमखाना मैदान में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प चार अमृत स्तंभो पर टिका है यह अमृत स्तंभ है-हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। उन्होने कहा कि मेरे लिए सबसे बडी जाति गरीब, युवा, महिलाएं, किसान है इन चार जातियो का उत्थान ही भारत को विकसित बनायेगा। इस अवसर पर सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, महापौर हरिकांत आहलुवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, आयुक्त सेल्वा कुमारी जे0, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नुपूर गोयल, नगर आयुक्त डा0 अमित पाल शर्मा, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, अधिकारीगण व लाभार्थी उपस्थित रहे।



# छात्र-छात्राओं ने सीखे रेडियो एफएम में भविष्य बनाने के गुरुमंत्र

**मेरठ,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम मेरठ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट विभाग द्वारा बीएजेएमसी एवं बीएफए विभाग के छात्र छात्राओं के लिए रेडियो 90.4 एफएम में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, उन्होंने छात्रों को रवाना करते हुए कहा कि हमारा इस भ्रमण को करने का मुख्य उद्देश्य आपको सैद्धांतिक ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान देना भी है, जो कि इसी प्रकार के भ्रमण से प्राप्त होता हैं। इस दौरान निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, बीएफए विभाग अध्यक्ष इंदू प्रजापति, बीएजेएमसी के सहायक प्रोफेसर रंजीत सैनी मौजूद रहे।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## आईएमडीबी ने वर्ष 2023 की टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर फिल्मों की लिस्ट जारी की

**मुंबई।** आईएमडीबी ने वर्ष 2023 की सिनेमाघरों में प्रदर्शित टॉप 10 भारतीय फिल्म, ओटीटी पर प्रसारित फिल्म और वेब सीरीज की लिस्ट जारी कर दी है। टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर भारतीय फिल्म (थिएट्रिकल) में जवान, पठान, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, लियो, ओएमजी 2, जेलर, गदर 2, द केरला स्टोरी, तू झूठी मैं मक्कार और भोला शामिल है। आईएमडीबी टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर भारतीय फिल्म 2023 (स्ट्रीमिंग) में लस्ट स्टोरीज 2, जाने जान, मिशन मजनू, बवाल, चोर निकल के भागा, ब्लडी डैडी, सिर्फ एक बंदा काफी है, गैसलाइट, कटहल ए जैकफ्रूट मिसटेरी और मिसेज अंडरकवर शामिल है। इसी तरह आईएमडीबी टॉप 10 मोस्ट पॉपुलर इंडियन वेब सीरीज 2023 में फर्जी, गन्स एंड गुलाबस, द नाईट मैनेजर, कोहरा, असुर 2, राणा नायडू, दहाड़, सास, बहू और फ्लेमिंगो, स्कूप और जुबिली शामिल है।

# समुदाय आधारित कार्यक्रमों से रोका जा सकता है एचआईवी संक्रमण

**विश्व एड्स दिवस**

■ डॉ. मनोज कुमार तिवारी

**लखनऊ/वाराणसी,** 30 नवम्बर (देशबन्धु)। एचआईवी की पहचान के चार दशक बाद भी यह एक विश्वव्यापी समस्या बना हुआ है। एचआईवी वायरस मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है जब व्यक्ति का रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाता है तो उसे अनेक अवसरवादी संक्रमण हो जाता है इस स्थिति को एड्स कहते हैं।

**■ मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है संक्रमण**

दुनिया में लगभग 38 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित हैं जिनमें से लगभग 25.4 मिलियन लोग ए आर टी ड्रग ले रहे हैं। अब तक एचआईवी/ एड्स से लगभग 32.7 मिलियन लोगों की मृत्यु हो चुकी है। प्रतिवर्ष पूरी दुनिया में लगभग 1.7 मिलियन एचआईवी का नया संक्रमण होता है। दुनिया में कुल संक्रमित मरीजों में लगभग 18 मिलियन बच्चे हैं। भारतवर्ष में कुल एचआईवी संक्रमित मरीजों की संख्या लगभग 2.1 मिलियन है जिसमें से लगभग 880000 महिलाएं हैं तथा बच्चों की संख्या लगभग 145000 है। 2010 से 2019 के बीच एचआईवी संक्रमण की दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है। किंतु उपरोक्त लक्षण अन्य बीमारियों में भी हो सकते हैं लक्षण के आधार पर किसी भी व्यक्ति के एचआईवी संक्रमित होने की स्थिति निर्धारित नहीं की जा सकती है, इसके लिए एचआईवी जांच कराना चाहिए सिर्फ रक्त जांच से ही किसी की एचआईवी की स्थिति निर्धारित की जा सकती है। एचआईवी संक्रमण के कई मरीजों में कई वर्षों तक संक्रमण के लक्षण दिखाई नहीं पड़ते हैं इसके पीछे व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता, खान-पान, जीवन-शैली एवं दवाओं की उपलब्धता इत्यादि का असर पड़ता है। एचआईवी की जांच सभी सरकारी अस्पतालों में नाको द्वारा संचालित समेकित परामर्श एवं जांच केंद्र (आईसीटीसी) में निःशुल्क की जाती है व एचआईवी संबंधित परामर्श भी प्रदान किया जाता है। एचआईवी पॉजिटिव आने पर व्यक्ति को इलाज हेतु ए आर टी एवं डॉट सेंटर संदर्भित किया जाता है। व्यक्ति की पहचान पूरी तरह से गुप्त रखा जाता है। एंटीरिट्रोवायरल थेरेपी सेंटर खोले गए हैं जहां पर एचआईवी संक्रमित मरीजों को एंटीरिट्रोवायरल ड्रग निःशुल्क प्रदान किया जाता है। ए आर टी सेंटर में चिकित्सक एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को न केवल एचआईवी की चिकित्सा प्रदान करते हैं बल्कि अवसरवादी संक्रमण जैसे- टीबी, खांसी, बुखार, डायरिया इत्यादि का भी इलाज किया करतें हैं। एआरवी ड्रग एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को जीवनभर, सही समय पर एवं सही डोज में खाना होता है। परामर्शदाता उन्हें दवाओं से संबंधित परामर्श के साथ-साथ उन्हें जीवन के सभी पक्षों से संबंधित परामर्श तथा जीवन जीने का कौशल सीखते हैं। प्रीवेंशन आफ पैरेंट टू चाइल्ड ट्रांसमीशन सेंटर (पीपीटीसीटी) मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में नाको द्वारा संचालित किया जाता है जिसमें गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क एचआईवी जांच किया जाता है उन्हें परामर्श भी प्रदान किया जाता है। एचआईवी संक्रमित महिलाओं को ए आर टी सेंटर संदर्भित किया जाता है, यदि संक्रमित महिला सही समय पर जांच कराकर नियमित एआरटी की दवा खाए तथा चिकित्सक के देखरेख में प्रसव कराए तो उसके बच्चे को एचआईवी के संक्रमण का खतरा बहुत कम होता है। एचआईवी संक्रमित महिला से पैदा होने वाले बच्चों को अर्ली इन्फेंट डायग्नोस्टिक (ईआईडी) कार्यक्रम के तहत 18 माह तक जांच एवं इलाज की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की जाती है।

नाको द्वारा संचालित सुरक्षा क्लिनिक में यौन संचारित रोगों का निःशुल्क परामर्श तथा दवाईयां प्रदान की जाती हैं। यौन संचारित रोग होने पर एचआईवी के संक्रमण का जोखिम बहुत अधिक बढ़ जाता है। पोस्ट एक्स्पोज़र प्रोफाइलेक्सीस (पीईपी) स्वास्थ्य कर्मियों को एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से एक्स्पोज (रक्त, शारीरक द्रव्य, संक्रमित सुई के संपर्क) होने पर प्रदान की जाती है। पीईपी एक्स्पोज़र होने के 72 घंटे के अंदर शुरू करना होता है तथा यह 28 दिन तक चलता है।

# किच्चा सुदीप के साथ 'टेम्पटेशन आइलैंड' पर जाना चाहती हैं जिग्ना वोरा

**मुंबई,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 17' के घर से बाहर आई प्रतियोगी जिग्ना वोरा ने बताया कि अगर उन्हें 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' का हिस्सा बनने का मौका मिलता है, तो वह कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप के साथ जाना पसंद करेंगी।



'बिग बॉस' के घर से निकलने के बाद वह क्या देखने के लिए उत्सुक हैं, इस पर जिग्ना ने खुलासा किया कि वह 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से किच्चा सुदीप ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ अगर मौका मिला तो मैं शो में शामिल होना पसंद करूंगी। मैं काफी समय से सिंगल हूं।

शो के लिए 'बिग बॉस 17' के प्रतियोगियों की अपनी पसंद पर चर्चा करते हुए जिग्ना ने साझा किया, 'मैं अभिषेक और खानजादी को 'टेम्पटेशन आइलैंड' पर उनके रिश्ते का परीक्षण करने के लिए भेजना पसंद करूंगी। उनके बीच बहुत अच्छा रिश्ता है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि वे शो में क्या करते हैं।'

उन्होंने कहा कि आकर्षक रुप से देखें तो अभिषेक सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन जब हम भावनात्मक रूप पर जाएं तो मुनव्वर बेस्ट हैं। खानजादी दिखने में अच्छी और बेहद स्टाइलिश हैं, यह उन्हें काफी आकर्षक बनाता है। मेरा मानना है कि उसका नरम पक्ष केवल टेम्पटेशन द्वीप पर ही सामने आ सकता है। टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया जियो सिनेमा पर प्रसारित होता है।

# फिल्म 'कुछ कुछ होता है' को लेकर रानी मुखर्जी ने शेयर की खूब सारी यादें

**मुंबई,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। स्ट्रीमिंग चैट शो 'कॉफी विद करण' में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने बताया कि उनके पास 1998 की रोमांटिक फिल्म 'कुछ कुछ होता है' को लेकर खूब सारी यादें हैं। रानी और काजोल हाल ही में स्ट्रीमिंग चैट शो 'कॉफी विद करण' में नजर आईं और शो के होस्ट करण जौहर के साथ बातचीत करते हुए खूब मस्ती की।करण द्वारा निर्देशित फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में शाहरुख खान, काजोल और रानी मुख्य भूमिका में हैं। इसके बारे में बात करते हुए रानी ने कहा कि मैं कहना चाहती हूं कि 'कुछ कुछ होता है' की जो यादें मेरे पास आपके (करण जौहर) के बारे में हैं, विशेष रूप से आप बेहद दयालु थे और आप मेरे साथ बहुत निष्पक्ष थे।



उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि एक न्यूकमर के रूप में उन्होंने मुझमें बहुत आत्मविश्वास जगाया और उस समय इंडस्ट्री के लोगों में बहुत सारी अच्छाइयां पैदा की, क्योंकि मैं उस समय शुरुआत कर रही थी, यह मेरी तीसरी फिल्म थी। वह न केवल अपने अभिनेताओं के प्रति बहुत स्नेही थे बल्कि 'कुछ कुछ होता है' के प्रत्येक सदस्य से प्यार करते थे। कॉफी विद करण 8 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

# पोकेमॉन गो को मिला गूगल प्ले का 'बेस्ट ऑनगोइंग गेम' का पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। नियांटिक के सबसे बड़े ऑगमेंटेड रियलिटी मोबाइल गेम में से एक पोकेमॉन गो को 2023 में भारत में गूगल प्ले के 'बेस्ट ऑनगोइंग गेम' पुरस्कार दिया गया है। कंपनी ने कहा कि यह पुरुस्कार पोकमॉन गो के लॉन्च के बाद सात साल से खिलाड़ियों को जोड़े रखने के निरंतर प्रयासों और आकर्षक, बेहतरीन वास्तविक अनुभव, प्रौद्योगिकी और सामुदायिक संपर्क देने में गेम की स्पष्ट सफलता का प्रमाण है, जो भारत और दुनिया भर में लाखों ट्रेनर्स के साथ प्रतिध्वनित होता है।

2016 में पोकेमॉन गो के लॉन्च के बाद से, नियांटिक ने दुनिया भर में पोकेमॉन प्रशंसकों को खुद से जोड़ने और उन्हें अपने आस पड़ोस का पता लगाने के लिए प्रेरित कर अटूट समर्पण दिखाया है। लगातार रोमांचक फीचर्स, इवेंट, इन-गेम रिवार्ड्स और गेम और उसमें शामिल बेहतरीन टेक्नोलॉजी के इनोवेटिव अपडेट के साथ, कंपनी ने हमेशा पोकेमॉन गो एडवेंचर को समृद्ध बनाने को प्राथमिकता दी है और ट्रेनर्स के लिए सफलतापूर्वक लगातार विकसित होने वाला गहन अनुभव तैयार किया है। नियांटिक ने हाल ही में गेम में हिंदी भाषा को जोड़ा है ताकि भारत में मौजूद व्यापक उपभोक्ता खुद को पोकेमॉन गो का हिस्सा बना सकें।

नियांटिक के इमर्जिंग मार्केट्स के उपाध्यक्ष ओमार टेलेज़ ने कहा कि भारत में गूगल प्ले पर बेस्ट ऑनगोइंग गेम के रूप में पोकेमॉन गो को मिला पुरुस्कार नियांटिक और हमारे अविश्वसनीय समुदाय की सहयोगात्मक भावना की एक नई परिभाषा है। यह पुरुस्कार हमारे ट्रेनर्स और कम्युनिटीज के प्रेम को दर्शाती है जो 2016 में इस खेल को इस दुनिया में पेश करने के बाद से हर गुजरते साल के साथ बढ़ रहा है। कम्युनिटी के विस्तार की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता में योगदान देने के लिए अपने प्रत्येक भारतीय ट्रेनर्स के हम आभारी हैं और नए ट्रेनर्स को उनके पोकेमॉन एडवेंचर में शामिल होते देखकर खुशी हो रही है।

# नेटफ्लिक्स का लोकप्रिय गेम 'जीटीए द ट्रिलॉजी' दिसम्बर से मोबाइल ऐप पर

**सैन फ्रांसिस्को,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। स्ट्रीमिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी नेटफ्लिक्स ने घोषणा की है कि रॉकस्टार गेम्स 'ग्रैंड थेफ्ट ऑटो द ट्रिलॉजी - द डेफिनिटिव एडिशन' 14 दिसम्बर को ऐप स्टोर, गूगल प्ले और नेटफ्लिक्स सदस्यों के लिए उसके मोबाइल ऐप पर आ रहा है।



जीटीए द ट्रिलॉजी 2021 में रिलीज़ हुआ था। यह लोकप्रिय जीटीए श्रृंखला के तीन खेलों का एक संग्रह है। नेटफ्लिक्स ने बुधवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि आज से, फैन्स ग्रैंड थेफ्ट ऑटो द ट्रिलॉजी - द डेफिनिटिव एडिशन खेलने के लिए प्री-रजिस्टर कर सकते हैं। इसमें ग्रैंड थेफ्ट ऑटो 3, ग्रैंड थेफ्ट ऑटो वाइस सिटी और ग्रैंड थेफ्ट ऑटो सैन एंड्रियास के अपनी-अपनी शैली में नई परिभाषा गढ़ने वाले टाइटल शामिल हैं। सभी को मोबाइल के लिए अपडेट किया गया है।

कंपनी ने बताया कि जीटीए द ट्रिलॉजी 80 से ज्यादा मोबाइल गेम्स की बढ़ती सूची में शामिल हो गई है, जिसमें सभी शैलियों के अवश्य खेले जाने वाले शीर्षक शामिल हैं, जो सभी नेटफ्लिक्स सदस्यता के लिए और अधिक वैल्यू एडिशन करते हैं। इसमें इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित श्रृंखला में से एक भी बिना किसी विज्ञापन, इन-ऐप खरीदारी या अतिरिक्त शुल्क के शामिल है।

नेटफ्लिक्स ने अगस्त में अपने गेम्स को सभी डिवाइसों - टीवी, कंप्यूटर और मोबाइल - पर लॉन्च किया और अपने क्लाउड-स्ट्रीम गेम्स के पहले सार्वजनिक परीक्षणों की घोषणा की। गेम्स के नेटफ्लिक्स वीपी, माइक वर्दु ने कहा था कि स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स.कॉम के माध्यम से समर्थित ब्राउज़रों पर चुनिंदा टीवी, पीसी और मैक पर कनाडा और ब्रिटेन में कुछ सदस्यों के लिए एक सीमित बीटा परीक्षण शुरू कर रहा है। उन्होंने घोषणा की, दो गेम इस प्रारंभिक परीक्षण का हिस्सा होंगे- नाइट स्कूल स्टूडियो से ऑक्सनफ्री, एक नेटफ्लिक्स गेम स्टूडियो, और मोल्यूज़ माइनिंग एडवेंचर, एक रत्न-खनन आर्केड गेम।

# 'गर्भाशय सुरक्षित रखने' के बारे में जागरुकता फैलाना की जरूरत

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। अग्रणी विशेषज्ञों का मानना है कि गर्भाशय संबंधी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के दिशा-निर्देशों का व्यापक क्रियान्वयन, अनावश्यक गर्भाशय निकालने की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिये बेहतर साबित हो सकता है।


'प्रिजर्व द यूटेरस नेशनल समिट' के दूसरे संस्करण में गुरुवार को केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास और आयुष राज्य मंत्री डॉ. महेंद्रभाई मुंजापारा ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि एकीकृत स्वास्थ्य और कल्याण परिषद, बायर और फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) इस मामले में आगे आये हैं। महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में इस तरह के मंच पर चर्चा से इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने में मदद मिलेगी और देश की महिलाओं की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्रवाई की रूपरेखा तैयार होगी।एफओजीएसआई के अध्यक्ष एवं ब्लूम आईवीएफ सेंटर के चिकित्सा निदेशक डॉ. हृषिकेश पई ने कहा कि यह जरूरी है कि सरकारी दिशा-निर्देशों को अक्षरशः लागू किया जाए। बेहतर स्वास्थ्य परिणामों और गर्भाशय संरक्षण उपचारों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की क्षमता निर्माण आवश्यक है। एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण स्वस्थ महिलाओं द्वारा किया जा सकता है और इसलिए महिलाओं का स्वास्थ्य सभी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। बायर ज़ाइडस फार्मा के बिजनेस यूनिट हेड, महिला स्वास्थ्य देखभाल, दीपक चोपड़ा ने कहा कि जब महिलाओं के स्वास्थ्य की बात सामने आती है तो यह जागरूकता निर्णय लेने की सबसे अहम हो जाता है और इसलिये गर्भाशय से जुड़ी जानकारियां देने के लिये महिलाओं को जागरुक करना बेहद आवश्यक है। चर्चा में भाग लेते हुए आईएचडब्ल्यू काउंसिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमल नारायण ने कहा कि समुदायों और राष्ट्र के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिये महिलाओं का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। सोशल मीडिया के उपयोग में वृद्धि, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने के लिये गर्भाशय को संरक्षित करने जैसी पहल को महत्वपूर्ण बनाती है। इस संबंध में संवेदनशील और आसानी से समझने योग्य जानकारी देना आवश्यक है।यह सम्मेलन अप्रैल 2022 में देश में महिलाओं के असामयिक गर्भाशय निकाले जाने की बढ़ती मीडिया रिपोर्टों के बीच बायर के फार्मास्यूटिकल्स डिवीजन, इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड वेलबीइंग (आईएचडब्ल्यू) काउंसिल और फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) की ओर से शुरू किया गया था।



# अभिनेत्री जया अहसन का बॉलीवुड में पंकज त्रिपाठी के साथ डेब्यू

**मुंबई,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'कड़क सिंह' से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, आईएफएफआई में प्रदर्शित की गई 'कड़क सिंह' को दर्शकों से खूब सराहना मिली। जया ने कहा कि यह एक विशेष क्षण था - एक ऐसा दिन जिसे मैं कभी नहीं भूल सकती। पिछले कुछ वर्षों में मेरे काम ने मुझे 32 से अधिक पुरस्कार दिलाए हैं, लेकिन आईएफएफआई का अनुभव महत्वपूर्ण था। मुझे लगता है कि मैं इस नयी यात्रा पर निकलने के लिए भाग्यशाली हूं और इस समय बहुत खुश हूं। यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गयीं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।

# दूल्हे ने सिंदूर दान के पहले मांगा हनीमून पर जाने का फ्लाइट टिकट, दुल्हन ने शादी से इनकार किया




**मोतिहारी,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। अब तक आपने दूल्हे को कई तरह के डिमांड करते देखा और सुना होगा, लेकिन बिहार के पूर्वी चंपारण में एक दूल्हे के अजीबोगरीब डिमांड करने का मामला सामने आया, जहां एक दूल्हे ने हनीमून पर जाने को लेकर फ्लाइट टिकट की डिमांड कर दी। हालांकि, दूल्हे की डिमांड उस पर ही भारी पड़ गई। उसकी डिमांड तो पूरी नहीं ही हुई, बिना दुल्हन के ही उसे लौटना भी पड़ा। दरअसल, पूरा मामला पूर्वी चंपारण जिले के चकिया के कुआंव गांव का है, जहां पटना के बाकरगंज से बारात आई थी। दूल्हा बने पवन कुमार बारात लेकर जब लड़की के दरवाजे पर पहुंचे, तब बारात का जोरदार स्वागत हुआ। वरमाला के बाद अन्य रस्म रिवाज निभाया गया।

इस दौरान जब सिंदूर दान का समय आया तब दूल्हे ने सोने की चेन और हनीमून टिकट की डिमांड कर दी। इस डिमांड के बाद लड़की के परिजन हतप्रभ हो गए। इसके बाद दूल्हे को काफी समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन दूल्हा अपनी मांग पर अड़ा रहा। इसके बाद दुल्हन भी गुस्से में आ गई और शादी से इनकार कर दिया। उसके बाद दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हा और अन्य बारातियों को बंधक बना लिया। लड़की के परिजनों के साथ स्थानीय लोगों ने दुल्हन समेत दूल्हा और बारात में आए उसके परिजनों व रिश्तेदारों को मनाने की काफी कोशिश की। मामला काफी तनावपूर्ण होने लगा।

लड़की वालों ने दूल्हा समेत कई बारातियों को बंधक बना लिया। इस मामले की जानकारी पुलिस को हुई। पुलिस ने दूल्हा समेत बंधक बने अन्य लोगों को मुक्त कराया।

चकिया थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद दूल्हा और बारातियों के साथ दुल्हन पक्ष के लोगों को थाना पर लाया गया। जहां स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दोनों पक्षों में मामला सुलह कराया गया। लेकिन, लड़की शादी को तैयार नहीं हुई। उसके बाद दूल्हा और बारातियों को सुरक्षित भेज दिया गया।

# बाहरी वायु प्रदूषण से हर साल 2.18 मिलियन लोगों की होती है मौत



**बीमारी और मृत्यु के लिए प्रमुख पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिम कारक**

**नई दिल्ली,** 30 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नए मॉडलिंग अध्ययन के अनुसार, सभी स्रोतों से होने वाला बाहरी वायु प्रदूषण भारत में प्रति वर्ष 2.18 मिलियन लोगों की जान ले लेता है। इसस जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से अपनाने से संभावित रूप से बचा जा सकता है। बीएमजे द्वारा प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि परिवेशी वायु प्रदूषण के सभी स्रोतों के कारण होने वाली मौतों की संख्या - बीमारी और मृत्यु के लिए प्रमुख पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिम कारक - दक्षिण और पूर्वी एशिया में सबसे अधिक और प्रति वर्ष 2.44 मिलियन मौतों के साथ चीन सबसे आगे है।

अमेरिका, जर्मनी, स्पेन की एक अंतरराष्ट्रीय टीम के नेतृत्व में किए गए शोध में पाया गया कि उद्योग, बिजली उत्पादन और परिवहन में जीवाश्म ईंधन के उपयोग से होने वाले वायु प्रदूषण के कारण दुनिया भर में प्रति वर्ष 5.1 मिलियन (61 प्रतिशत) अतिरिक्त मौतें होती हैं।

दुनिया भर में लगभग 8.3 मिलियन मौतें परिवेशी वायु में सूक्ष्म कणों (पीएम2.5) और ओजोन (ओ3) के कारण हुईं, जो वायु प्रदूषण से होने वाली अधिकतम 82 प्रतिशत मौतों के बराबर है, जिन्हें सभी मानवजनित उत्सर्जन को नियंत्रित करके रोका जा सकता है।

अधिकांश (52 प्रतिशत) मौतें इस्केमिक हृदय रोग (30 प्रतिशत), स्ट्रोक (16 प्रतिशत), क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव फेफड़े की बीमारी (16 प्रतिशत) और मधुमेह (6 प्रतिशत) जैसी सामान्य स्थितियों से संबंधित हैं। लगभग 20 प्रतिशत अपरिभाषित हैं, लेकिन आंशिक रूप से उच्च रक्तचाप और अल्जाइमर और पार्किंसंस रोग जैसे न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों से जुड़े होने की संभावना है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि जीवाश्म ईंधन से संबंधित मौतों के ये नए अनुमान पहले बताए गए अधिकांश मूल्यों से बड़े हैं, जो बताते हैं कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से जिम्मेदार मृत्यु दर पर पहले की तुलना में अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

अध्ययन में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2019 अध्ययन, नासा उपग्रह-आधारित सूक्ष्म कण पदार्थ और जनसंख्या डेटा, और 2019 के लिए वायुमंडलीय रसायन विज्ञान, एयरोसोल और सापेक्ष जोखिम मॉडलिंग के डेटा का उपयोग किया गया।

परिणामों से पता चला कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से दक्षिण, दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशिया में होने वाली मौतों में सबसे बड़ी पूर्ण कमी आएगी, जो कि सालाना लगभग 3.85 मिलियन है, जो पर्यावरण के सभी मानवजनित स्रोतों से संभावित रूप से इन क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से रोकी जा सकने वाली मौतों के 80-85 प्रतिशत के बराबर है।

उच्च आय वाले देशों में जो बड़े पैमाने पर जीवाश्म ऊर्जा पर निर्भर हैं, जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने से सालाना लगभग 460,000 मौतों को संभावित रूप से रोका जा सकता है, जो परिवेशी वायु प्रदूषण के सभी मानवजनित स्रोतों से होने वाली संभावित रोकी जा सकने वाली मौतों का लगभग 90 प्रतिशत है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पेरिस जलवायु समझौते के 2050 तक जलवायु तटस्थता के लक्ष्य के अनुरूप, जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग से जबरदस्त सार्वजनिक स्वास्थ्य और जलवायु सह-लाभ होंगे।

उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में आगामी सीओपी 28 जलवायु परिवर्तन वार्ता 'जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहास्वास्थ्य लाभ एजेंडे में शीर्ष पर होना चाहिए।'

dailycom
Start Your Own
Digital Marketing & IT Solution Agency
Our Services
• Social Media Marketing
• Google & Facebook Ads
• SEO, SMO & ORM
• Website
• E-Commerce
Book free Consultation Now
dailycom24@gmail.com

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 3.14 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.19 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.91 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.80 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.75 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1.19 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.02 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.95 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.83 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.6 प्रतिशत

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण, खान एवं खनन, निर्माण जैसे क्षेत्रों में रही तेजी के बल पर देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.6 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.2 प्रतिशत रही थी। केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज जारी जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार वास्तविक जीडीपी या जीडीपी 2023-24 की दूसरी तिमाही में 41.74 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 38.78 लाख करोड़ रुपये था जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.6 प्रतिशत अधिक है।चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वर्तमान कीमतों पर जीडीपी या सकल घरेलू उत्पाद 71.66 लाख करोड़ होने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की दूसरी तिमाही में यह 65.67 लाख करोड़ रुपये था, जो कि 2022-23 की दूसरी तिमाही की 17.2 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर की पहली छमाही में जीडीपी 82.11 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 76.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है।



चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विनिर्माण गतिविधियों में 13.9 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह शून्य से 3.8 प्रतिशत नीचे रहा था। इसी तरह से खान एवं खनन गतिविधियों में भी 10 प्रतिशत की दूसरी तिमाही में तेजी रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह भी 0.1 प्रतिशत रिणात्मक रहा था। निर्माण गतिविधियों में भी इस वर्ष दूसरी तिमाही में 13.3 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समीक्षाधीन अवधि में यह 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य यूटिलिटि सेवाओं में भी जुलाई सितंबर तिमाही में 10.1 प्रतिशत की तेजी रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र प्रदर्शन निराशाजनक रहा है क्योंकि इस तिमाही में इस क्षेत्र की वृद्धि दर 1.2 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह दर 2.5 प्रतिशत रही थी। इसी तरह से ट्रेड, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में दूसरी तिमाही में 4.3 प्रतिशत की बढोतरी हुयी जबकि पिछले पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 9.2 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर भी सुस्त पड़ी है क्योंकि दूसरी तिमाही में ये क्षेत्र 6.0 प्रतिशत की गति से बढ़ा से है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 12.2 प्रतिशत रहा था। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की गतिविधियां लगभग स्थिर रही है क्योंकि दूसरी तिमाही में ये 7.6 प्रतिशत की दर से बढे है जबकि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तमाही में यह 7.9 प्रतिशत रहा था।

## देश में 5जी मोबाइल सब्सक्रिप्शन इस साल 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में 5जी सब्सक्रिप्शन इस साल के अंत तक 13 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2029 तक बढ़कर 86 करोड़ होने का अनुमान है। एक नई रिपोर्ट में गुरुवार को यह बात कही गई है। एरिक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, 2029 के अंत तक भारत में मोबाइल सब्सक्रिप्शन में 5जी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा 68 प्रतिशत होने का अनुमान है।

एरिक्सन इंडिया के प्रमुख नितिन बंसल ने कहा, हमारे वैश्विक परिनियोजन अनुभव और प्रौद्योगिकी नेतृत्व ने हमें भारत को उसकी 5जी यात्रा में समर्थन देने में सक्षम बनाया है। मोबाइल नेटवर्क भारत में सामाजिक और आर्थिक समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन मिलता है। रिपोर्ट के अनुसार 4जी देश में कनेक्टिविटी बढ़ाने और डेटा वृद्धि को बढ़ावा देने वाला प्रमुख सब्सक्रिप्शन प्रकार बना हुआ है। हालाँकि, जैसे-जैसे सब्सक्राइबर 5जी की ओर स्थानांतरित होते हैं, 4जी सब्सक्रिप्शन 2023 में 87 करोड़ से घटकर 2029 तक 39 करोड़ होने का अनुमान है।

इस क्षेत्र में कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन 2029 में बढ़कर 1.27 अरब होने का अनुमान है। भारत में प्रति स्मार्टफोन औसत डेटा ट्रैफ़िक विश्व स्तर पर सबसे अधिक है। इसके 2023 में 31 जीबी प्रति माह से बढ़कर 2029 में लगभग 75 जीबी प्रति माह होने का अनुमान है जो 16 प्रतिशत की औसत



वार्षिक वृद्धि (सीएजीआर) दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल मोबाइल डेटा ट्रैफिक 2023 में 26 ईबी (एक्साबाइट) प्रति माह से बढ़कर 2029 में 73 ईबी प्रति माह हो जाने का अनुमान है, जो 19 प्रतिशत की सीएजीआर है। कुल मोबाइल सब्सक्रिप्शन के प्रतिशत के रूप में भारत में स्मार्टफोन सब्सक्रिप्शन 2023 में 82 प्रतिशत से बढ़कर 2029 में 93 प्रतिशत होने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर, कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए 61 करोड़ नए 5जी सब्सक्रिप्शन होंगे - पिछले साल के मुकाबले 63 प्रतिशत अधिक।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 के अंत और 2029 के बीच छह वर्षों में, वैश्विक 5जी सदस्यता 330 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1.6 अरब से 5.3 अरब तक पहुँचने का अनुमान है। 2023 के अंत तक 5जी कवरेज वैश्विक आबादी के 45 प्रतिशत से अधिक और 2029 के अंत तक 85 प्रतिशत तक उपलब्ध होने का अनुमान है।

## अक्टूबर तक कुल व्यय 23.94 लाख करोड़ और राजस्व प्राप्ति 15.90 लाख करोड़

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। सरकार को अक्टूबर 2023 तक कुल राजस्व प्राप्तियां 15,90,712 करोड़ रुपये रही है जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 58.6 प्रतिशत है और इस दौरान कुल व्यय 23,94,412 करोड़ रुपये रहा है जो बजट अनुमान का 53 प्रतिशत है।

वित्त मंत्रालय ने आज यहां बताया कि इसमें 13,01,957 करोड़ रुपये कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध) और 2,65,765 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। 22,990 करोड़ रुपये गैर-ॠण पूंजी प्राप्तियां है। गैर-ॠण पूंजीगत प्राप्तियों में ॠण की वसूली 14,990 करोड़ रुपये और विविध पूंजी प्राप्तियां 8,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।

सरकार ने इस अवधि तक करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 5,28,405 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 93,966 करोड़ रुपये अधिक है।

सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 23,94,412 करोड़ रुपये रहा है जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 53 प्रतिशत है। इसमें से 18,47,488 करोड़ रुपये राजस्व खाते से और 5,46,924 करोड़ रुपये पूंजी खाते से व्यय हुआ है। कुल राजस्व व्यय में से, 5,45,086 करोड़ ब्याज भुगतान में गया है और 2,31,694 करोड़ रुपये सब्सिडी पर व्यय हुआ है।

## आई सिस्टम्स और टूल्स से नौकरी में ज्यादा 'मानवीय' पहलू पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। नौकरी तलाशने वाले अधिकांश लोगों (78 प्रतिशत) का मानना है कि एआई सिस्टम्स और टूल्स के विकास से भर्ती और प्रत्याशी के अनुभव में सुधार आएगा। हालाँकि, आधे (50 प्रतिशत) से ज्यादा नौकरी तलाशने वालों को चिंता है कि एआई भर्ती प्रक्रिया में मानवीय निर्णय और विवेक का स्थान ले लेगा।

इनडीड द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण में बात सामने आयी है। यह सर्वे सेंससवाईड द्वारा पूरे विश्व के सात देशों में इनडीड की ओर से 7275 नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच किया गया। भारत में 1142 नियोक्ताओं और नौकरी तलाशने वालों का सर्वे किया गया।

नौकरी तलाशने की एक निष्पक्ष और पूर्वाग्रहरहित प्रक्रिया के लिए नौकरी तलाशने वाले नियोक्ताओं से अपेक्षा करते



हैं कि वो मानवीय दृष्टिकोण/निगरानी (48 प्रतिशत) बनाए रखेंगे, और एआई सिस्टम्स एवं टूल्स के लिए इस्तेमाल हो रहा डेटा अल्पसंख्यक समूहों (41 प्रतिशत) का प्रतिनिधित्व करे।भारत में 98 प्रतिशत एचआर पेशेवर और 91 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों ने बताया कि वे काम के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। इसके मुकाबले, जापान में एक तिहाई से ज्यादा एचआर पेशेवर (35 प्रतिशत) और आधे से ज्यादा नौकरी तलाशने वालों (53 प्रतिशत) ने कहा कि वे व्यावसायिक रूप से एआई टूल्स का उपयोग नहीं कर रहे हैं। फ्रांस में स्थिति इसके विपरीत है, जहाँ 30 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों और 25 प्रतिशत एचआर पेशेवर ने बताया कि उन्हें इस टेक्नोलॉजी को लेकर डर है।


एआई को अपनाने वाले अन्य देश अमेरिका और कनाडा हैं, जहाँ 92 प्रतिशत एचआर पेशेवर और ब्रिटेन में 88 प्रतिशत इसका उपयोग कर रहे हैं। हालाँकि इन देशों में नौकरी तलाशने वाले इसका विरोध कर रहे हैं और ब्रिटेन में 41 प्रतिशत, अमेरिका में 30 प्रतिशत, और कनाडा में 42 प्रतिशत नौकरी तलाशने वालों ने बताया कि वे वर्तमान में एआई का उपयोग नहीं करते हैं।

## शेयर बाजार में तेजी बरकरार

**मुंबई** 30 नवंबर (एजेंसियां)। दुनिया भर में ब्याज दरों को लेकर बन रहे सकारात्मक रुझान और अर्थव्यवस्था में रिकवरी के संकेत से विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत 18 समूहों में लिवाली से शेयर बाजार में आज लगातार तीसरे दिन तेजी बरकरार रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 86.53 अंक की बढ़त के साथ 66988.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.55 अंक बढ़कर 20133.15 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 34,256.42 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत उड़ान भरकर पहली बार 40 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 40,371.61 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3857 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1898 में लिवाली जबकि 1810 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां हरे जबकि 17 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 18 समूहों के शेयर लाभ में रहे। इस दौरान कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.77, ऊर्जा 0.51, एफएमसीजी 0.46, वित्तीय सेवाएं 0.27, हेल्थकेयर 1.66, इंडस्ट्रियल्स 1.48, आईटी 0.01, दूरसंचार 0.43, ऑटो 0.49, कैपिटल गुड्स 1.39, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स




1.61, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.12, पावर 0.17, रियल्टी 1.52, टेक 0.17 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.20 प्रतिशत मजबूत रहा।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35, जर्मनी का डैक्स 0.19, जापान का निक्केई 0.50, हांगकांग का हैंगसेंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.26 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 61 अंक की तेजी के साथ 66,963.20 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 66,610.35 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,069.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,901.91 अंक के मुकाबले 0.13 प्रतिशत बढ़कर 66,988.44 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 12 अंक उठकर 20,108.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,015.85 अंक के निचले जबकि 20,158.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,096.60 अंक की तुलना में 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,133.15 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिमको 3.14, सन फार्मा 2.19, भारती एयरटेल 1.91, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.80, विप्रो 1.75, टाइटन 1.60, एक्सिस बैंक 1.34, बजाज फिनसर्व 1.26, एनटीपीसी 1.12, एलटी 1.03, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.70, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.63, नेस्ले इंडिया 0.55, मारुति 0.52, एचसीएल टेक 0.50, टाटा स्टील 0.20 और कोटक बैंक 0.16 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 1.19, पावरग्रिड 1.02, रिलायंस 1.00, एशियन पेंट 0.95, टाटा मोटर्स 0.83, एसबीआई 0.67, टीसीएस 0.56, आईसीआईसीआई बैंक 0.41, आईटीसी 0.38, इंफोसिस 0.26, टेक महिंद्रा 0.22, बजाज फाइनेंस 0.07 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने 36 प्रतिशत कर्मचारियों की छँटनी की

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने कर्मचारियों की कुल संख्या 110 में से लगभग 36 फीसदी यानी 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कहा कि उसने कम लागत संरचना पर ध्यान केंद्रित करने के लिए यह निर्णय लिया है। लोको के संस्थापक अनिरुद्ध पंडिता के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, हमने हाल ही में लोको वीआईपी कार्यक्रम लॉन्च किया है, जो एक लेनदेन-आधारित कार्यक्रम है जिसने अच्छा प्रदर्शन किया है। और जब हम अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहे थे, तो हमने लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया और सोचा कि यह एक ऐसी संरचना है जो टिकाऊ है। हम मुद्रीकरण जैसे मुख्य उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं । इससे लोगों की नौकरियां चली गईं। यह प्रदर्शन-आधारित नहीं है। उन्होंने कहा, हम हमें छोड़ने वाले लोगों की गहराई से परवाह करते हैं और उन्हें वित्तीय सहायता, चल रहे स्वास्थ्य बीमा और विस्थापन सेवाएं प्रदान करेंगे। पुनर्गठन से हमारी टीम के लगभग 40 लोग प्रभावित होंगे और लोको की यात्रा में उनके योगदान के लिए हम उनके आभारी रहेंगे। विपणन और प्रौद्योगिकी जैसे अन्य विभागों के लोग, जो सहभागिता-आधारित पहलों का समर्थन कर रहे थे, सबसे अधिक प्रभावित हुए। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि छंटनी ने वित्त और अन्य टीमों जैसे अन्य विभागों को भी प्रभावित किया है। संस्थापक ने कहा कि कंपनी ने नौकरी से निकाले गए सभी कर्मचारियों को 60 दिन के लिए विच्छेद वेतन प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन द्वारा आगे किसी छंटनी की योजना नहीं बनाई गई है। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने पिछले साल हैशेड के नेतृत्व में मेकर्स फंड, कैटामारन वेंचर्स और कोरिया इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स की भागीदारी के साथ 330 करोड़ रुपये (4.2 करोड़ डॉलर) का निवेश हासिल किया था।

**सार संक्षेप**

### गोदरेज यमीज ने कैटेगरी में फ्रोजन फूड्स का सैशेबंद फॉर्मेट पेश करने की पहल की

**मुंबई।** गोदरेज टायसन फूड्स लिमिटेड (जीटीएफएल) के फ्रोज़न रेडी-टू-कुक प्रोडक्ट्स के प्रमुख ब्रांड गोदरेज यमीज़ ने प्रोटीनयुक्त चिकन सॉसेज के दो पैक लॉन्च किया है। यमीज़ ने इस कैटेगरी में पहली बार फ्रोज़न फूड्स को सैशेबंद फॉर्मेट में पेश की है। उसने कहा कि इस सैशेबंद फॉर्मेट में ये दो सॉसेज मिलकर 7 ग्राम प्रोटीन की मात्रा को पूरा करते हैं। सॉसेज जैसे सैशेबंद फ्रोज़न फूड्स सबके लिए उपलब्ध होंगे, जिससे हर कोई किफायती कीमत में इसे खरीद पाएगा। ऐसी उम्मीद है कि ना केवल बड़े शहरों में, बल्कि टियर 2 शहरों तथा कस्बों में भी बड़ी मात्रा में फ्रोज़न फूड्स की खपत बढ़ेगी। भारत में फिलहाल फ्रोज़न फूड्स की कैटेगरी की पहुंच 5 प्रतिशत से भी कम है, जिससे इसके लिए ज्यादा से ज्यादा विस्तार करने के संकेत मिल रहे हैं। सामान्यतौर पर, शाकाहारी और मांसाहारी दोनों ही तरह के फ्रोज़न फूड्स की कीमत 170 रुपए से लेकर 300 रुपए तक के बीच में होती है। विभिन्न शहरों और क्षेत्रों में इस कैटेगरी को बढ़ावा देने और बड़ी संख्या में लोगों तक इन प्रोडक्ट्स की पहुंच बढ़ाने के लिए इन्हें ज्यादा किफायती कीमतों पर पेश करना जरूरी है।

### भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में चार महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर चार महीने के निचले स्तर 4.87 फीसदी पर आ गई। सितंबर में मुद्रास्फीति दर 5.02 फीसदी थी। मुद्रास्फीति का गिरता स्तर आरबीआई के 4 प्रतिशत लक्ष्य के अब काफी करीब पहुंच रहा है, जिससे विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कटौती संभव हो सकेगी। खाद्य मुद्रास्फीति, जो कुल कंज्यूमर प्राइस बास्केट का लगभग आधा हिस्सा है, अक्टूबर में 6.61 प्रतिशत थी। इससे पहले सितंबर में संशोधित 6.62 प्रतिशत थी। महीने के दौरान खाद्य तेल की कीमतों में भारी गिरावट जारी रही। हालांकि, दालों और मसालों की कीमतें क्रमशः 18.79 और 22.76 प्रतिशत बढ़ीं।

### गैस से चलने वाली कारों की तुलना में ईवी में रखरखाव संबंधी समस्याएँ 79 प्रतिशत अधिक : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में गैस या डीजल से चलने वाले वाहनों की तुलना में 79 प्रतिशत अधिक रखरखाव संबंधी समस्याएं होती हैं, जबकि प्लग-इन हाइब्रिड ईवी में 146 प्रतिशत अधिक समस्याएं होती हैं। गैर-लाभकारी सदस्य संगठन कंज्यूमर रिपोर्ट्स के अनुसार, आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) यानी गैस और डीजल से चलने वाले वाहनों की तुलना में हाइब्रिड में 26 प्रतिशत कम समस्याएं होती हैं। शोधकर्ताओं ने 2000 से 2023 मॉडल वर्षों तक 330,000 से अधिक वाहनों पर डेटा एकत्र किया, जिनमें से कुछ शुरुआती 2024 मॉडल वर्षों में पेश किए गए थे। उन्होंने चरमराने वाले ब्रेक और टूटे हुए इंटीरियर ट्रिम से लेकर संभावित रूप से महंगे आउट-ऑफ-वारंटी इंजन, ट्रांसमिशन, ईवी बैटरी और ईवी चार्जिंग समस्याओं जैसे प्रमुख समस्याओं तक 20 परेशानी वाले क्षेत्रों का अध्ययन किया।

## जिंसों में टिकाव


**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट बढ़कर 3749 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की बढ़त के साथ 52.70 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर



रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2800-2900 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## हजीरा से दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने वाली पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस 'सरल' शुरू

**नई दिल्ली,** 30 नवंबर (एजेंसियां)। स्मार्ट एंड-टू-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड ने अपनी तरह की पहली डेडिकेटेड रेल फ्रेट सर्विस सरल की शुरुआत की। इसका संचालन सूरत में हजीरा से दिल्ली एनसीआर के बीच किया जाएगा।

कंपनी ने आज यहां बताया कि सरल का अर्थ है सस्टेनेबल(टिकाऊ), एश्योर्ड(सुनिश्चित), रिलायबल(भरोसेमंद) एंड एजाइल लॉजिस्टिक्स (तेज-तर्रार लॉजिस्टिक्स)। अपने नाम की तरह ही यह सेवा दक्षिण गुजरात में स्थित कंपनियों को डोर-टू-डोर सस्टेनेबल कार्गो सॉल्यूशन प्रदान करेगी और उन्हें एनसीआर क्षेत्र के बाजारों से जोड़ेगी। इसी तरह यह सेवा एनसीआर क्षेत्र की कंपनियों को दक्षिण गुजरात के बाजारों से जोड़ेगी। सरल रेल फ्रेट सर्विस दक्षिण गुजरात के प्रमुख बाजारों जैसे सूरत, वापी वलसाड, वडोदरा, भरूच और अंकलेश्वर को एनसीआर एवं आसपास के प्रमुख बाजारों जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हरियाणा और दक्षिणी पंजाब से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी।

इसकी लॉन्चिंग के मौके पर डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के उपाध्यक्ष - रेल एंव इनलैंड टर्मिनल्स- अधेंद्रू जैन ने कहा, आर्थिक विकास को



गति देने और घरेलू व्यापार को सुगमता से आगे बढ़ने में सक्षम बनाने में मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर और बेहतरीन लॉजिस्टिक्स की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। वर्तमान समय में दक्षिण गुजरात की कंपनियां कार्गो की आवाजाही के लिए प्राथमिक तौर पर सड़क मार्ग का प्रयोग करती हैं। हमारी नई रेल फ्रेट सर्विस सरल के माध्यम से उन्हें गुजरात एवं एनसीआर के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ अपने कार्गो को सही तरीके से लाने-ले जाने का माध्यम मिलेगा। इसके साथ-साथ हमारी ट्रैक एंड ट्रेस टेक्नोलॉजी की मदद से उनके लिए अपने ग्राहकों तक कार्गो की पहुंच को ट्रैक करना भी संभव होगा। हम अपने ग्राहकों को लगातार ऐसे इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो टिकाऊ हो और साथ ही सप्लाई चेन के अनुकूल भी हो। कंटेनर ट्रेलर ट्रक के माध्यम से लास्ट एंड फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले डीपी वर्ल्ड के मल्टीमोडल नेटवर्क के साथ मिलकर सरल सर्विस सुनिश्चित करेगी कि किसी कारखाने से कार्गो लोड किए जाने के बाद 72 घंटे के भीतर उसे तय ड्रॉप लोकेशन तक पहुंचा दिया जाए। ट्रक और रेल के इस मल्टीमोडल नेटवर्क की मदद से कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। डीपी वर्ल्ड इस प्रक्रिया में कार्गो के मालिकों को एक सस्टेनेबिलिटी सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी, जिससे यह पता चलेगा कि सरल सर्विस का प्रयोग करने से प्रत्येक यूजर द्वारा कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कितनी कमी आई है।सरल रेल सर्विस के शुरू होने से रिटेल ट्रेडर्स के साथ-साथ दक्षिण गुजरात और एनसीआर क्षेत्र में संचालन करने वाले स्टील, केमिकल, मेटल, पेपर, इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स, मार्बल/स्टोन और टेक्सटाइल से जुड़े उद्यमों को बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है।

कस्टमर सपोर्ट और डिजिटल इनवॉइस जैसी सुविधाओं के साथ-साथ कार्गो के मालिकों को अपने कार्गो की मूवमेंट के लिए किफायती और पर्यावरण के अधिक अनुकूल समाधान मिल सकेगा।

